खबरों के 70 साल, खबरें लगातार, ई पेपर - www.deshbandhump. com
पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

जबलपुर, सोमवार 30 मार्च 2026 । वर्ष –70 । अंक –129 पृष्ठ –12 मूल्य – 3.00 रु.

■ नेपाल में नया युग
■ पांच राज्य के चुनाव... 04
■ एक तरफ बातचीत तो दूसरे ओर जमीनी...
■ ईरान युद्ध के बीच अमेरिका में निकली... 09
■ पेठा कद्दू की खेती...
■ टिंडा की खेती की जानकारी. 11
■ जीत के साथ अभियान..
■ विराट कोहली 5-6... 10

सार संक्षेप

## आरबीआई ने टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन को अनिवार्य किया

यूपीआई और कार्ड पेमेंट्स में एक अप्रैल से होगा बदलाव

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने एक अप्रैल, 2026 से टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन को अनिवार्य कर दिया है। इससे यूपीआई और कार्ड से पेमेंट करना पहले के मुकाबले अधिक सुरक्षित हो जाएगा। केंद्रीय बैंक ने सभी डिजिटल पेमेंट्स जैसे यूपीआई, डेबिट और क्रेडिट कार्ड्स और मोबाइल वॉलेट्स के लिए टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन को अनिवार्य कर दिया है। इसका मतलब है कि अब लेन-देन पूरा करने के लिए केवल ओटीपी ही पर्याप्त नहीं होगा। यूजर्स को अब ओटीपी के साथ-साथ कम से कम दो स्तरों की वेरिफिकेशन प्रोसेस से गुजरना होगा, जैसे कि पिन, पासवर्ड, बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण या टोकन। यह कदम ऑनलाइन धोखाधड़ी के बढ़ते मामलों के मद्देनजर उठाया गया है, जिनमें फिशिंग और सिम स्वैप घोटाले शामिल हैं, जहां ओटीपी-आधारित सिस्टम असुरक्षित साबित हुए हैं।सुरक्षा की एक अतिरिक्त परत जोड़कर, आरबीआई का उद्देश्य अनधिकृत लेनदेन की संभावना को कम करना और डिजिटल भुगतान प्रणालियों में विश्वास बढ़ाना है।

## इंडिगो 30 से अधिक नए मार्गों पर शुरू करेगी उड़ानें

**नई दिल्ली।** इंडिगो ने 29 मार्च से 23 अप्रैल के बीच नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से 30 से अधिक नए मार्गों पर उड़ानें शुरू करने की घोषणा की है। एयरलाइंस ने रविवार को बताया कि नए मार्गों में नवी मुंबई से आगरा, अयोध्या, बागडोगरा, बेलगांव, चंडीगढ़, दीव, कन्नूर, कोलकाता, पटना, राजकोट, श्रीनगर, वाराणसी और विशाखापत्तनम् के लिए उड़ानें शामिल होंगी।

बिरादरी की बात

**चूहा-सुनती हो**-एक तरफ सरकार कह रही है कि- एलपीजी की आपूर्ति सौ फीसदी कर रहे हैं। किसी वितरक से गैस खत्म होने की सूचना नहीं मिली है।
**चुहिया- हां प्रिये**- पर लाईनें तो लग रही हैं, कई दुकानें भी बंद हैं।

## अमेरिका में ट्रंप के विरोध का उबाल






# 'नो किंग्स' के बैनर तले सड़कों पर उतरे लाखों लोग

*__वाशिंगटन, (एजेंसियां)।__ राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की आव्रजन और विदेश नीति के खिलाफ अमेरिका के लोगों में आक्रोश बढ़ रहा है। इसी क्रम में पूरे अमेरिका में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए हैं। लाखों लोग 'नो किंग्स' के बैनर तले एकजुट हुए और राष्ट्रपति की नीतियों के खिलाफ अपना आक्रोश दिखाया। आयोजकों ने बताया कि ये प्रदर्शन एक सुनियोजित राष्ट्रीय अभियान का हिस्सा थे, जिसके तहत पूरे देश में 3,000 से अधिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। सेंट पॉल स्थित मिनेसोटा स्टेट कैपिटल में हुई मुख्य रैली में सबसे अधिक भीड़ जुटी, जिसमें अनुमान के मुताबिक 2 लाख से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया। प्रदर्शनकारियों ने मार्च निकाला, नारे लगाए और ट्रंप प्रशासन की आलोचना करने वाले पोस्टर-बैनर लहराए। उनका खास निशाना प्रशासन की आव्रजन से जुड़ी सख्त कार्रवाई और ईरान के साथ चल रहे विवाद में उसकी भूमिका थी। कई शहरों में प्रदर्शनकारी मुख्य सड़कों पर कतार बनाकर खड़े हो गए, जबकि कुछ लोग सार्वजनिक चौराहों पर इकट्ठा होकर एक साथ नारे लगाते हुए और तख्तियां लहराते हुए विरोध जता रहे थे।*

- 3,000 से अधिक कार्यक्रम और रैलियां
- कई जाने-माने राजनेता व मशहूर हस्तियां शामिल
- मिनेसोटा बना आंदोलन का केंद्र

## ईरान के हमले से अमेरिका विमान तबाह

ईरान ने रविवार को अपने हमलों में अमेरिकी विमान 'ई-3 सेंट्री अवाक्स' को नुकसान पहुंचाने का दावा किया है। ईरान ने अमेरिकी विमानों को निशाना बनाते हुए सऊदी अरब के प्रिंस सुल्तान एयरबेस पर हमला किया। इस्लामी गणतंत्र ईरान प्रसारण (आईआरआईबी) के अनुसार, सऊदी अरब के प्रिंस सुल्तान एयर बेस पर खड़े एक ई-3 सेंट्री अवाक्स को ईरान के हमले में नुकसान पहुंचा है। इसके अलावा कई रिफ्यूलिंग विमान (केसी-135) भी क्षतिग्रस्त हुए हैं।

### गैस किल्लत का असर

# 6,000 पीएनजी ग्राहकों ने छोड़ा एलपीजी कनेक्शन

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** एक ओर देश के अधिकांश हिस्सों में एलपीजी के लिए मारामारी खबरें और तस्वीरें हैं वहीं सरकार ने 100 फीसदी आपूर्ति करने का बयान जारी किया है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस सचिव नीरज मित्तल ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'कल तक लगभग 6000 पीएनजी उपभोक्ताओं ने अपना एलपीजी कनेक्शन छोड़ दिया। मंत्रालय के मुताबिक, देशभर में 54 लाख से ज्यादा एलपीजी सिलेंडर्स की डिलीवरी हुई है। वैश्विक स्तर पर आपूर्ति प्रभावित होने के बाद भी घरेलू स्तर पर आपूर्ति सामान्य है। देश में किसी भी डीलरशिप पर एलपीजी खत्म होने की रिपोर्ट नहीं है। उपभोक्ताओं को प्राथमिकता दी गई है और पीएनजी के घरेलू उपभोक्ताओं, ट्रांसपोर्ट सीएनजी की सौ प्रतिशत मांग को पूरा किया जा रहा है। ग्रिड से जुड़े औद्योगिक और वाणिज्यिक उपभोक्ताओं को उनकी औसत खपत का 80 प्रतिशत आपूर्ति की जा रही है।

- 54 लाख से ज्यादा एलपीजी सिलेंडर्स की डिलीवरी का दावा



### लगभग 2,900 जगहों पर छापे मारे गए

'एलपीजी की जमाखोरी और कालाबाजारी रोकने के लिए कई राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में छापेमारी जारी है। अब तक लगभग 2,900 छापे मारे जा चुके हैं और कल 1,700 से अधिक सिलेंडर जब्त किए गए। ओएमसी ने अब तक एलपीजी वितरकों को 390 से अधिक कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं।'

## होर्मुज से पार कर चुके दो और भारतीय एलपीजी टैंकर, 18 कतार में

**नई दिल्ली।** फारस की खाड़ी में लंगर डाले हुए भारतीय झंडे वाले दो और एलपीजी टैंकर होर्मुज स्ट्रेट को पार कर गए हैं। दोनों टैंकर बीडब्ल्यू एल्म और बीडब्ल्यू टायर अपने ट्रांसपोंडर के माध्यम से यह मैसेज दे रहे थे कि वे भारतीय चालक दल वाले भारतीय जहाज हैं। जहाजरानी मंत्रालय के अनुसार, शुक्रवार तक फारस की खाड़ी में भारतीय झंडे वाले 20 जहाज मौजूद थे, जिनमें पांच एलपीजी टैंकर शामिल थे। बीडब्ल्यू एल्म और बीडब्ल्यू टायर के पार जाने के बाद, होर्मुज स्ट्रेट के पूर्व में भारतीय जहाजों की संख्या अब 18 हो गई है।

### मन की बात में बोले मोदी

# ऊर्जा संकट में एकजुटता दिखाएं

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने मासिक रेडियो प्रोग्राम 'मन की बात' के 132वें एपिसोड को संबोधित किया। पीएम मोदी ने इस एपिसोड की शुरुआत में मिडिल ईस्ट तनाव और ऊर्जा संकट का जिक्र किया।



पीएम मोदी ने नौकरी की वजह से मध्य पूर्व के देशों में रह रहे भारतीयों की सुरक्षा और मदद के लिए गल्फ और खाड़ी देशों की सरकार का धन्यवाद किया। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि वर्तमान ऊर्जा संकट की स्थिति में भारत डटकर इसका मुकाबला कर रहा है। उन्होंने देश के लोगों से एकजुटता की अपील की। उन्होंने कहा, 'हमारे वैश्विक संबंध, अलग-अलग देशों से मिल रहा सहयोग और पिछले एक दशक में जो देश का सामर्थ्य बना है, इनकी वजह से भारत इन परिस्थितियों का डटकर मुकाबला कर रहा है। यह चुनौतीपूर्ण समय है। सभी देशवासियों से आग्रह करूंगा कि एकजुट होकर उस चुनौती से बाहर निकलना है। जो लोग इस विषय पर भी राजनीति कर रहे हैं, उन्हें ऐसा नहीं करना चाहिए। यह देश के 140 करोड़ देशवासियों के हित से जुड़ा विषय है। इसमें राजनीति का कोई स्थान नहीं है।'

# इनोवेशन अपनाकर मध्यप्रदेश बनेगा उद्यमिता हब : मुख्यमंत्री

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश तेजी से विकास के पथ पर अग्रसर है। आज मध्यप्रदेश का युवा अपनी सोच को आकार देकर नए-नए इनोवेशन कर आईटी तकनीकी के माध्यम से स्टार्टअप कर रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी की मंशा के अनुरूप वर्ष 2047 तक मध्यप्रदेश स्टार्टअप एवं इनोवेशन को अपनाते हुए उद्यमिता विकास का हब बन जाएगा।



- मुख्यमंत्री ने सिंहासा आईटी पार्क में किया लॉन्चपैड इनक्यूबेशन एवं इनोवेशन सेंटर का लोकार्पण
- भोपाल में बन रही है प्रदेश की पहली नॉलेज और एआई सिटी
- मुख्यमंत्री ने कंपनियों के उद्यमियों और स्टार्टअप से किया संवाद

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से आज दुनिया तेजी से बदल रही है। वर्तमान समय में इंसान को उसके ज्ञान से ही मापा जाता है। उन्होंने कहा कि युवा नवीन तकनीकी को अपनाएं और स्टार्टअप करें एवं दूसरों को रोजगार देने वाले सफल उद्यमी बने। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भोपाल में प्रदेश की पहली नॉलेज और एआई सिटी बन रही है। उज्जैन को साइंस सिटी के रूप में विकसित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को इंदौर के सिंहासा में स्थित आईटी पार्क में बने लॉन्चपैड इनक्यूबेशन एवं इनोवेशन सेंटर के लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दुनिया बहुत तेजी से बदल रही है। नवाचार और विज्ञान के माध्यम से अनेक कार्य हो रहे हैं। लोग कभी जमीन और प्रापर्टी को अपना सब कुछ समझते थे। अब तो ज्ञान ही सबसे बड़ा खजाना है। ज्ञान होने से मनुष्य अपने आप धनवान हो जाता है। नॉलेज के बलबूते पर उन्नति के मार्ग पर तेजी से जा सकते हैं। >>शेष पृष्ठ 2 पर

## मणिपुर में चार नागा उग्रवादी मारे गए

**इंफाल।** मणिपुर के कामजोंग जिले में संदिग्ध हथियारबंद हमलावरों के घात लगाकर किए गए हमले में चार नागा उग्रवादी मारे गए। माना जा रहा है कि ये उग्रवादी 'नेशनलिस्ट सोशलिस्ट काउंसिल ऑफ नागालिम' (एनएससीएन) के 'ईस्टर्न फ्लैंक' गुट के सदस्य थे। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। यह घटना शनिवार रात को इंफाल-कासोम खुलेन सड़क पर स्थित होंगबेई गांव में हुई। बताया जा रहा है कि ये उग्रवादी एक वाहन में सवार होकर कहीं जा रहे थे, तभी होंगबेई गांव के चौराहे पर उन्हें रोककर उन पर गोलियां बरसा दी गईं। मारे गए उग्रवादियों की पहचान सोचीपेम फुंगशोक, जैरे वसाह, बानले अहलाप्या और थानसोमी वाशी के रूप में हुई है। यहां नई सरकार बनने के बाद से यहां उक्त आतंकी गुट के सदस्य हिंसा पर उतारू हैं।

## प्रदेश में 169 नगरीय निकायों में एल्डरमैनों की नियुक्त

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश के नगरीय निकायों को लेकर एक बड़ा प्रशासनिक फैसला सामने आया है। नगरीय प्रशासन विभाग ने प्रदेश की 123 नगर परिषद में 492 और 46 नगर पालिका में 276 एल्डरमैन नियुक्त करने के आदेश जारी कर दिए हैं। प्रत्येक नगर परिषद में चार-चार एल्डरमैन की नियुक्ति की गई है। एल्डरमैन नगरीय निकाय (नगर निगम, नगर पालिका, नगर परिषद) में मनोनीत (नियुक्त) पार्षद होते हैं। इन्हें जनता सीधे नहीं चुनती, बल्कि सरकार या संबंधित प्राधिकरण द्वारा नियुक्त किया जाता है। यह नगर निकाय की बैठकों में शामिल होकर महत्वपूर्ण निर्णयों में अपनी राय देते हैं। बैठक में शहर से जुड़े जरूरी मुद्दों को बैठक में उठाते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्य प्रदेश के नगरीय निकायों में नव-नियुक्त एल्डरमैनों को बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने लिखा कि आप सभी को शहर के समग्र विकास, सुशासन और जन-भागीदारी को बढ़ाने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई हैं। मुझे विश्वास है कि विकसित मध्य प्रदेश-विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में मनोनीत सदस्य अपना सफल योगदान दें।

**मुख्यमंत्री ने दी बधाई, जन अपेक्षाओं पर खरा उतरने की जताई उम्मीद**

### *निगम-मंडलों की सूची भी जल्द आने की खबर*

*इससे पहले शनिवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के बीच करीब दो घंटे तक अहम बैठक हुई थी। बैठक में प्रदेश कार्यसमिति की सूची के साथ-साथ निगम-मंडलों में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पदों पर नियुक्तियों को लेकर चर्चा होने की बात कही जा रही हैं। ऐसे जल्द ही संभावित नामों की सूची केंद्रीय नेतृत्व को भेजी जाएगी, जिसके बाद निगम-मंडलों में नियुक्तियों की घोषणा हो सकती है।*

## राहुल केरल में आज जनसभाएं करेंगे संबोधित

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी केरल विधानसभा चुनाव में प्रचार के लिए सोमवार को वहां जाएंगे। श्री गांधी केरल के दौरे में विभिन्न स्थानों पर जनसभाओं और कॉर्नर मीटिंग्स को संबोधित कर कांग्रेस के पक्ष में माहौल बनाने की कोशिश करेंगे। तय कार्यक्रम के अनुसार श्री गांधी सुबह 11:30 बजे अडूर के केएसआरटीसी जंक्शन पर कॉर्नर मीटिंग से अपने दौरे की शुरुआत करेंगे। इसके बाद दोपहर एक बजे पतनमथिट्टा के पुराने बस स्टैंड पर कॉर्नर मीटिंग को संबोधित करेंगे।

## ओली 5 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजे गए

**काठमांडू।** काठमांडू जिला अदालत ने रविवार को पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली और पूर्व गृहमंत्री रमेश लेखक को पांच दिन की हिरासत में भेजने का आदेश दिया है। दोनों नेताओं पर सितंबर में हुए जेन जी विरोध प्रदर्शनों के दौरान प्रदर्शनकारियों की मौत के मामले में लापरवाही के आरोप हैं। नेपाली न्यूज द काठमांडू पोस्ट ने बताया कि यह आदेश जज आनंद श्रेष्ठ की एकल पीठ ने सुनवाई के बाद जारी किया। सरकारी वकीलों ने जांच के लिए 10 दिन की हिरासत की मांग की थी, लेकिन अदालत ने केवल 5 दिन की रिमांड मंजूर की।

JAN JYOTI
SUPER SPECIALITY EYE HOSPITAL
अब पाइये चश्मे से छुटकारा
मात्र कुछ सेकेण्ड्स में
Teneo- 2 तकनीक से इलाज
TRANS EPI सबसे आधुनिक और सुरक्षित
9165108121 janjyotieyehospital.com
आज ही विजिट करें
1051, Gol Bazar, Near Keshwarwani College, Wright Town, Jabalpur

Excellence in Education, Excellence in Life
A.P.N. C.B.S.E.
SENIOR SECONDARY SCHOOL
(C.B.S.E. Affiliated Reg. No. 1031302 )
ADMISSION OPEN FOR SESSION 2025-26
Class Nursery to XII Science I Commerce I Humanities
Special Discount in Admission fee & School fee for the State and National Players for all the Games
राष्ट्र स्तरीय एवं प्रदेश स्तरीय सभी खेलों के खिलाड़ियों के लिये प्रवेश शुल्क एवं मासिक शुल्क में विशेष छूट
Ph.: 0761-2676360, 8349593500, 9826587200

### भारत में जन्मी पहली चीता 'मुखी' 3 साल की हुई

# बगैर मां की परवरिश के बनी घातक शिकारी

**श्योपुर, देशबन्धु।** देश की धरती पर बने चीतों के पहले घर श्योपुर के कूनो नेशनल पार्क में जन्मी पहली मादा शावक 'मुखी' ने 29 मार्च को अपने जीवन के 3 साल पूरे कर लिए हैं. भारत में जन्मी पहली मादा चीता के रूप में मुखी अब चीता पुर्नस्थापना परियोजना की सबसे बड़ी उम्मीद बनकर उभरी है. इस खास मौके पर कूनो प्रबंधन ने मुखी के एक शावक से मां बनने तक की सफल जीवन यात्रा और उसके संघर्ष की कहानी बयां करती तस्वीरें जारी की हैं. वहीं, सीएम मोहन यादव ने भी सोशल मीडिया पर मुखी से जुड़ी खबर को शेयर कर खुशी जताई है.

बता दें कि चीता मुखी का जन्म मार्च 2023 में उस समय हुआ था, जब नामीबिया और साउथ अफ्रीका से लाए गए चीतों को कूनो में बसाने की प्रक्रिया चल रही थी. उस दौरान नए माहौल, मौसम और स्वास्थ्य से जुड़ी कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था.



जन्म के बाद मुखी की शुरुआत बेहद कठिन रही. उसकी मां 'ज्वाला' ने उसे छोड़ दिया था, जबकि उसके भाई-बहन तेज गर्मी के कारण जीवित नहीं रह पाए. ऐसे हालात में कूनो की टीम और वेटेरियन ने मुखी को बचाया और लगातार निगरानी में रखकर उसे पाला. यही कारण है कि आज >>शेष पृष्ठ 2 पर

### *प्रोजेक्ट चीता की सफलता का एक सशक्त प्रतीक है मुखी : मुख्यमंत्री*



*मुख्यमंत्री मोहन यादव ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'कूनो से खुशखबरी! भारत की पहली चीता, 'मुखी', आज तीन साल की हो गई है. एक नन्ही शावक से एक आत्मविश्वासी मां बनने तक का उसका सफर, प्रोजेक्ट चीता की सफलता का एक सशक्त प्रतीक है. यह उपलब्धि मध्य प्रदेश के वन्यजीव संरक्षण प्रयासों को एक नई दिशा और बढ़ते आत्मविश्वास का मार्ग प्रशस्त करती है.''*

# देश-विदेश

## तेहरान में इजरायल का बड़ा हमला

**तेल अवीब।** इजरायली सुरक्षा बलों ने ईरानी हमलों के जवाब में तेहरान पर रविवार को भीषण बमबारी की है। आईडीएफ ने बताया कि आईडीएफ ने तेहरान समेत ईरान के अन्य क्षेत्रों में ईरानी शासन के कई ठिकानों को निशाना बनाते हुए हमले किए हैं, जिससे शासन का बुनियादी ढांचा तबाह हो गया है। कुवैत के नेशनल गार्ड ने कहा कि देश भर में हवाई हमले के सायरन फिर से बजने के बाद उन्होंने चार ड्रोन मार गिराए। ये कार्रवाई अलर्ट के दौरान की गई। अधिकारियों ने ड्रोन के स्रोत के बारे में और अधिक जानकारी नहीं दी, लेकिन कहा कि स्थिति पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

### अब किम जोंग ने बढ़ाई ट्रंप की टेंशन

## उत्तर कोरिया ने अमेरिका तक मार करने वाले मिसाइल इंजन का किया परीक्षण



**नई दिल्ली, एजेंसी।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने एक नए और शक्तिशाली मिसाइल इंजन के परीक्षण का जायजा लिया। सरकारी मीडिया ने रविवार को इसकी जानकारी दी। यह इंजन एक अपग्रेडेड, हाई-थ्रस्ट, सॉलिड-फ्यूल पर आधारित है और इसकी ताकत पहले से कहीं ज्यादा है। किम जोंग उन ने इसे देश की सैन्य शक्ति बढ़ाने की दिशा में एक बड़ा कदम बताया है। इस परीक्षण का मकसद ऐसी मिसाइलें बनाना है जो अमेरिका और उसके सहयोगियों को निशाना बना सकें। रिपोर्ट्स के मुताबिक इन मिसाइलों को पहचानना और रोकना बहुत मुश्किल है।

कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) के अनुसार, यह इंजन कार्बन फाइबर से बना है। इस इंजन की अधिकतम ताकत 2,500 किलोटन मापी गई है। इससे पहले सितंबर में हुए परीक्षण में यह ताकत 1,970 किलोटन थी। यह टेस्ट देश के पांच साल के हथियार विकास कार्यक्रम का हिस्सा है। इसका लक्ष्य परमाणु क्षमता वाली बैलिस्टिक मिसाइलों को और आधुनिक बनाना है। किम जोंग उन ने कहा कि इस टेस्ट से देश की रणनीतिक ताकत सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गई है। हालांकि, यह टेस्ट कब और कहां हुआ, इसकी सटीक जानकारी नहीं दी गई है। कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि उत्तर कोरिया के दावे बढ़ा-चढ़ाकर पेश किए गए हो सकते हैं।

## सऊदी अरब के अमेरिकी बेस पर ईरान का हमला, मिसाइल हमले में मची भारी तबाही

**वाशिंगटन।** अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध का आज 30वां दिन है। ईरान के पूर्व शाह के निर्वासित पुत्र रजा पहलवी ने टेक्सास में कंजर्वेटिव पॉलिटिकल एक्शन कॉन्फ्रेंस में अपने भाषण के दौरान अमेरिका से ईरान के नेतृत्व के साथ बातचीत न करने का आग्रह किया। उन्होंने सत्ता परिवर्तन के काम को पूरा करने के लिए इजरायल के साथ मिलकर निरंतर दबाव बनाए रखने का आह्वान किया। पहलवी ने चेतावनी दी कि ईरान के साथ बातचीत से भविष्य के खतरों में केवल देरी होगी और कहा कि राजनीतिक परिवर्तन आवश्यक है। अमेरिकी केंद्रीय कमान ने बताया कि यूएसएस त्रिपोली पर सवार होकर लगभग 3,500 अतिरिक्त सैनिक मध्य पूर्व पहुंच गए हैं।


NOTICE OF CAVEAT

**CAVEATOR:** M/s Shree Mining, Reg. Off. at 110, Bhasin Residency, South Civil Lines, Jabalpur MP

**VERSUS**

**NON-CAVEATOR :** The Public at Large.

The caveator M/s Shree Mining, Reg. Off. at 110, Bhasin Residency, South Civil Lines, Jabalpur MP has instituted a caveat petition before Hon'ble the High Court of Judicature at Jabalpur under the apprehension of filing of the writ petition/ public interest litigation against the permission dated 26/03/2026 granted by the Sarpanch, Village Panchayat Chhatarpur, Janpad Panchayat Pnagar Distt. Jabalpur (MP) by accepting the Caveator's Application No.-20250815 in respect of Land Khasra No.-548, Area-2.0000 Hactatre situated at Village Chhatarpur Tehsil Panagar Distt. Jabalpur M.P.

If any member of the non-caveator ie the public at large, files any petition including Public Interest Litigation and any other interim application against the above said order passed in favor of the caveator, the copies of the said petition/application may be supplied in advance to the caveator's below mentioned counsel.

**Address of the Caveator's Counsel**

Pranay Gupta Advocate (Enrolment No.-1632/1993) 299/14, Near Ghadi Chowk, Vijay Nagar, Jabalpur Distt. Jabalpur M.P.
Phone-9826035097 & 0761-3511190 Email-advocatepg@yahoo.co.in

र.नं. 4226

NOTICE OF CAVEAT

**CAVEATOR:** M/s Shree Mining, Reg. Off. at 110, Bhasin Residency, South Civil Lines, Jabalpur MP

**VERSUS**

**NON-CAVEATOR :** The Public at Large.

The caveator M/s Shree Mining, Reg. Off. at 110, Bhasin Residency, South Civil Lines, Jabalpur MP has instituted a caveat petition before Hon'ble the High Court of Judicature at Jabalpur under the apprehension of filing of the writ petition/ public interest litigation against the permission dated 26/03/2026 granted by the Sarpanch, Village Panchayat Chhatarpur, Janpad Panchayat Pnagar Distt. Jabalpur (MP) by accepting the Caveator's Application No.-20250813 in respect of Land Khasra No.-545, Area-2.0000 Hactatre situated at Village Chhatarpur Tehsil Panagar Distt. Jabalpur M.P.

If any member of the non-caveator ie the public at large, files any petition including Public Interest Litigation and any other interim application against the above said order passed in favor of the caveator, the copies of the said petition/application may be supplied in advance to the caveator's below mentioned counsel.

**Address of the Caveator's Counsel**

Pranay Gupta Advocate (Enrolment No.-1632/1993) 299/14, Near Ghadi Chowk, Vijay Nagar, Jabalpur Distt. Jabalpur M.P.
Phone-9826035097 & 0761-3511190 Email-advocatepg@yahoo.co.in

र.नं. 4226

NOTICE OF CAVEAT

**CAVEATOR:** M/s Shree Mining, Reg. Off. at 110, Bhasin Residency, South Civil Lines, Jabalpur MP

**VERSUS**

**NON-CAVEATOR :** The Public at Large.

The caveator M/s Shree Mining, Reg. Off. at 110, Bhasin Residency, South Civil Lines, Jabalpur MP has instituted a caveat petition before Hon'ble the High Court of Judicature at Jabalpur under the apprehension of filing of the writ petition/ public interest litigation against the permission dated 26/03/2026 granted by the Sarpanch, Village Panchayat Chhatarpur, Janpad Panchayat Pnagar Distt. Jabalpur (MP) by accepting the Caveator's Application No.-20250812 in respect of Land Khasra No.-541, Area-0.7200 Hactatre situated at Village Chhatarpur Tehsil Panagar Distt. Jabalpur M.P.

If any member of the non-caveator ie the public at large, files any petition including Public Interest Litigation and any other interim application against the above said order passed in favor of the caveator, the copies of the said petition/application may be supplied in advance to the caveator's below mentioned counsel.

**Address of the Caveator's Counsel**

Pranay Gupta Advocate (Enrolment No.-1632/1993) 299/14, Near Ghadi Chowk, Vijay Nagar, Jabalpur Distt. Jabalpur M.P.
Phone-9826035097 & 0761-3511190 Email-advocatepg@yahoo.co.in

र.नं. 4226

NOTICE OF CAVEAT

**CAVEATOR:** M/s Shree Mining, Reg. Off. at 110, Bhasin Residency, South Civil Lines, Jabalpur MP

**VERSUS**

**NON-CAVEATOR :** The Public at Large.

The caveator M/s Shree Mining, Reg. Off. at 110, Bhasin Residency, South Civil Lines, Jabalpur MP has instituted a caveat petition before Hon'ble the High Court of Judicature at Jabalpur under the apprehension of filing of the writ petition/ public interest litigation against the permission dated 26/03/2026 granted by the Sarpanch, Village Panchayat Chhatarpur, Janpad Panchayat Pnagar Distt. Jabalpur (MP) by accepting the Caveator's Application No.-20250810 in respect of Land Khasra No.-544, Area-2.0000 Hactatre situated at Village Chhatarpur Tehsil Panagar Distt. Jabalpur M.P.

If any member of the non-caveator ie the public at large, files any petition including Public Interest Litigation and any other interim application against the above said order passed in favor of the caveator, the copies of the said petition/application may be supplied in advance to the caveator's below mentioned counsel.

**Address of the Caveator's Counsel**

Pranay Gupta Advocate (Enrolment No.-1632/1993) 299/14, Near Ghadi Chowk, Vijay Nagar, Jabalpur Distt. Jabalpur M.P.
Phone-9826035097 & 0761-3511190 Email-advocatepg@yahoo.co.in

र.नं. 4226

NOTICE OF CAVEAT

**CAVEATOR:** M/s Shree Mining, Reg. Off. at 110, Bhasin Residency, South Civil Lines, Jabalpur MP

**VERSUS**

**NON-CAVEATOR :** The Public at Large.

The caveator M/s Shree Mining, Reg. Off. at 110, Bhasin Residency, South Civil Lines, Jabalpur MP has instituted a caveat petition before Hon'ble the High Court of Judicature at Jabalpur under the apprehension of filing of the writ petition/ public interest litigation against the permission dated 26/03/2026 granted by the Sarpanch, Village Panchayat Chhatarpur, Janpad Panchayat Pnagar Distt. Jabalpur (MP) by accepting the Caveator's Application No.-20250809 in respect of Land Khasra No.-542, Area-2.0000 Hactatre situated at Village Chhatarpur Tehsil Panagar Distt. Jabalpur M.P.

If any member of the non-caveator ie the public at large, files any petition including Public Interest Litigation and any other interim application against the above said order passed in favor of the caveator, the copies of the said petition/application may be supplied in advance to the caveator's below mentioned counsel.

**Address of the Caveator's Counsel**

Pranay Gupta Advocate (Enrolment No.-1632/1993) 299/14, Near Ghadi Chowk, Vijay Nagar, Jabalpur Distt. Jabalpur M.P.
Phone-9826035097 & 0761-3511190 Email-advocatepg@yahoo.co.in

र.नं. 4226


## प्रथम पृष्ठ का शेष

### इनोवेशन अपनाकर.....

सत्यवादी मार्ग पर बढ़ने का यही समय है। भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और विश्व का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बन रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आने वाले समय में भोपाल के अलावा इंदौर और उज्जैन क्षेत्र मेट्रोपॉलिटन सिटी के रूप में विकसित होने वाले हैं। हमारे सभी संसाधन भविष्य की दृष्टि से विकसित किए जाएंगे। मध्यप्रदेश को इनोवेशन हब बनाकर प्रदेश की भूमिका को सशक्त करना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश नवाचार और उद्यमिता का केंद्र बन रहा है। मध्यप्रदेश स्टार्ट-अप पॉलिसी, फंडिंग सपोर्ट के माध्यम से इन्क्यूबेशन नेटवर्क स्थापित कर भारत की स्टार्टअप क्रान्ति को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। प्रदेश के युवा एआई पर आधारित एग्रीटेक स्टार्टअप, हेल्थटेक, स्किलटेक, ग्रीन इनोवेशन और डिजिटल सॉल्यूशन में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। इंदौर, भोपाल, ग्वालियर और जबलपुर स्टार्टअप हब बन रहे हैं।

**लांचपैड सेंटर का किया निरीक्षण**-मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लॉन्चपेड इनोवेशन सेंटर के लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान युवाओं द्वारा अपनी सोच को नवीन तकनीकी से आकर देकर निर्मित की गई अत्याधुनिक मशीनों का अवलोकन किया।

**स्टार्टअप वाले युवाओं से किया संवाद**-कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने आइडिया से स्टार्टअप शुरू करने वाले युवा उद्यमियों से संवाद किया। मुख्यमंत्री ने युवा उद्यमियों से जाना की वे किस क्षेत्र में कार्य कर रहे है। युवाओं के कार्यों के बारे में जानकर उनका हौंसला बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी कार्य को करने की अगर हमारी मंशा सही है तो उस कार्य में सफलता अवश्य मिलती है। भारतीय औद्योगिक प्रबंध संस्थान इंदौर के निदेशक सुभाष एस जोशी ने बताया कि 'लॉन्चपैड : इन्क्यूबेशन एवं इनोवेशन सेंटर' की स्थापना आईआईटीआई दृष्टि सीपीएस फाउंडेशन (आईआईटी इंदौर का टेक्नोलॉजी ट्रांसलेशन एवं रिसर्च पार्क) तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के मध्यप्रदेश स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (एमपीएसईडीसी) के संयुक्त सहयोग से की गई है। इस केंद्र का उद्देश्य डीप-टेक नवाचार को प्रोत्साहित करना, उच्च प्रभाव वाले स्टार्टअप्स को बढ़ावा देना, उन्नत विनिर्माण तथा उभरती प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में प्रदेश को सशक्त बनाना और उद्योग एवं अकादमिक जगत के बीच सहयोग को मजबूत करना है।

**विभिन्न कंपनियों के उद्यमियों से की चर्चा**-मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सूचना एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में कार्य कर रही विभिन्न कंपनियों के उद्यमियों से चर्चा भी की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सभी उद्यमियों से कहा कि अपनी कंपनियों में युवाओं को काम करने का मौका दें एवं उन्हें अधिक से अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए। हमारे देश में युवाओं के पास एक नई एवं आधुनिक सोच है हमारा देश चौथी अर्थव्यवस्था के रूप में उभर कर आगे बढ़ रहा है। कार्यक्रम में जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट,विधायक गोलू शुक्ला, मालिनी गौड़, राजेश मेंदोला, मनोज पटेल, अध्यक्ष सुमित मिश्रा, पवन सोनकर सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### बगैर मां की परवरिश .....

उसे कूनो पार्क की सबसे मजबूत मादा चीता माना जाता है. वक्त के साथ चीता मुखी ने स्वयं को पूरी तरह जंगल के माहौल में ढाल लिया है. अब वह एक स्वस्थ वयस्क चीता है और शिकार करने में भी माहिर हो चुकी है. वन अधिकारियों के अनुसार, उसका व्यवहार इस बात का संकेत है कि कूनो का वातावरण चीतों के लिए अनुकूल साबित हो रहा है. मुखी ने 33 महीने की उम्र में नवंबर 2025 में पांच स्वस्थ शावकों को जन्म दिया. यह देश में चीतों की दूसरी पीढ़ी की शुरुआत मानी जा रही है. खास बात यह है कि मुखी अपने शावकों की देखभाल खुद कर रही है, जो जंगल में किसी भी प्रजाति के टिके रहने के लिए बेहद जरूरी है. प्रोजेक्ट चीता के डायरेक्टर उत्तम कुमार शर्मा के मुताबिक'मुखी की कहानी पूरे प्रोजेक्ट के लिए माइलस्टोन है. कठिन परिस्थितियों में उसका जीवित रहना और अब मां बनना यह दिखाता है कि कूनो पार्क का इकोसिस्टम चीतों के लिए अनुकूल है.'' कूनो नेशनल पार्क के डीएफओ आर. थिरुकुराल ने कहा, ''मुखी का व्यवहार, शिकार करने की क्षमता और अपने शावकों की देखभाल इस प्रोजेक्ट की बड़ी सफलता है. इससे साफ है।


NOTICE OF CAVEAT

**CAVEATOR:** M/s Shree V.G. Exploration & Mining, 405, Kaithal House, Nayar Sonya Apartment, South Civil Lines, Jabalpur-482001 MP

**VERSUS**

**NON-CAVEATOR :** The Public at Large.

The caveator M/s Shree V.G. Exploration & Mining, 405, Kaithal House, Nayar Sonya Apartment, South Civil Lines, Jabalpur-482001 MP has instituted a caveat petition before Hon'ble the High Court of Judicature at Jabalpur under the apprehension of filing of the writ petition/ public interest litigation against the Order No.-2234-35/Khanij/31/U.P./N. Kra.-08/2024 Bhopal dated 06/02/2025, passed by the Director of MP Geology and Mining Bhopal, granting prospective lease on private lands of Khasra No.- 541, 542, 544, 545, 548, 550, 546, 547 and 556/1 of Village Chhatarpur, Tehsil Panagar, Distt. Jabalpur M.P., in its favour.

If any member of the non-caveator ie the public at large, files any petition including Public Interest Litigation and any other interim application against the above said order passed in favor of the caveator, the copies of the said petition/application may be supplied in advance to the caveator's below mentioned counsel.

**Address of the Caveator's Counsel**

Pranay Gupta Advocate (Enrolment No.-1632/1993) 299/14, Near Ghadi Chowk, Vijay Nagar, Jabalpur Distt. Jabalpur M.P.
Phone-9826035097 & 0761-3511190 Email-advocatepg@yahoo.co.in

र.नं. 4226

NOTICE OF CAVEAT

**CAVEATOR:** M/s Shree Anand Janak Swaroop Minerals and Logistics Company), 405, Kaithal House, Nayar Sonya Apartment, South Civil Lines, Jabalpur-482001 MP

**VERSUS**

**NON-CAVEATOR :** The Public at Large.

The caveator M/s Shree V.G. Exploration & Mining, 405, Kaithal House, Nayar Sonya Apartment, South Civil Lines, Jabalpur-482001 MP has instituted a caveat petition before Hon'ble the High Court of Judicature at Jabalpur under the apprehension of filing of the writ petition/ public interest litigation against the Order No.-2231-32/Khanij/31/U.P./N. Kra.-07/2024 Bhopal dated 06/02/2025, passed by the Director of MP Geology and Mining Bhopal, granting prospective lease on private lands of Khasra No.- 509 and 510 of Village Chhatarpur, Tehsil Panagar Distt. Jabalpur M.P., in its favour.

If any member of the non-caveator ie the public at large, files any petition including Public Interest Litigation and any other interim application against the above said order passed in favor of the caveator, the copies of the said petition/application may be supplied in advance to the caveator's below mentioned counsel.

**Address of the Caveator's Counsel**

Pranay Gupta Advocate (Enrolment No.-1632/1993) 299/14, Near Ghadi Chowk, Vijay Nagar, Jabalpur Distt. Jabalpur M.P.
Phone-9826035097 & 0761-3511190 Email-advocatepg@yahoo.co.in

र.नं. 4226

NOTICE OF CAVEAT

**CAVEATOR:** M/s Shree Darshan Enterprises, Reg. Off. at 110, Bhasin Residency, South Civil Lines, Jabalpur MP

**VERSUS**

**NON-CAVEATOR :** The Public at Large.

The caveator M/s Shree Darshan Enterprises, Reg. Off. at 110, Bhasin Residency, South Civil Lines, Jabalpur MP has instituted a caveat petition before Hon'ble the High Court of Judicature at Jabalpur under the apprehension of filing of the writ petition/ public interest litigation against the permission dated 26/03/2026 granted by the Sarpanch, Village Panchayat Chhatarpur, Janpad Panchayat Pnagar Distt. Jabalpur (MP) by accepting the Caveator's Application No.-20250817 in respect of Land Khasra No.-556/1, Area-1.4600 Hactatre situated at Village Chhatarpur Tehsil Panagar Distt. Jabalpur M.P.

If any member of the non-caveator ie the public at large, files any petition including Public Interest Litigation and any other interim application against the above said order passed in favor of the caveator, the copies of the said petition/application may be supplied in advance to the caveator's below mentioned counsel.

**Address of the Caveator's Counsel**

Pranay Gupta Advocate (Enrolment No.-1632/1993) 299/14, Near Ghadi Chowk, Vijay Nagar, Jabalpur Distt. Jabalpur M.P.
Phone-9826035097 & 0761-3511190 Email-advocatepg@yahoo.co.in

र.नं. 4226

NOTICE OF CAVEAT

**CAVEATOR:** M/s Shree Darshan Enterprises, Reg. Off. at 110, Bhasin Residency, South Civil Lines, Jabalpur MP

**VERSUS**

**NON-CAVEATOR :** The Public at Large.

The caveator M/s Shree Darshan Enterprises, Reg. Off. at 110, Bhasin Residency, South Civil Lines, Jabalpur MP has instituted a caveat petition before Hon'ble the High Court of Judicature at Jabalpur under the apprehension of filing of the writ petition/ public interest litigation against the permission dated 26/03/2026 granted by the Sarpanch, Village Panchayat Chhatarpur, Janpad Panchayat Pnagar Distt. Jabalpur (MP) by accepting the Caveator's Application No.-20250811 in respect of Land Khasra No.-509, Area-2.0000 Hactatre situated at Village Chhatarpur Tehsil Panagar Distt. Jabalpur M.P.If any member of the non-caveator ie the public at large, files any petition including Public Interest Litigation and any other interim application against the above said order passed in favor of the caveator, the copies of the said petition/application may be supplied in advance to the caveator's below mentioned counsel.

**Address of the Caveator's Counsel**

Pranay Gupta Advocate (Enrolment No.-1632/1993) 299/14, Near Ghadi Chowk, Vijay Nagar, Jabalpur Distt. Jabalpur M.P.
Phone-9826035097 & 0761-3511190 Email-advocatepg@yahoo.co.in

र.नं. 4226

NOTICE OF CAVEAT

**CAVEATOR:** Shri Arun Chopra S/o Shri Shiv Chandra Chopra, aged 64 years, R/o House No.-405, Kaithal House, Nayar Sonya Apartment, South Civil Lines, Jabalpur-482001 MP

**VERSUS**

**NON-CAVEATOR :** The Public at Large.

The caveator Shri Arun Chopra S/o Shri Shiv Chandra Chopra, aged 64 years, R/o House No.-405, Kaithal House, Nayar Sonya Apartment, South Civil Lines, Jabalpur-482001 MP has instituted a caveat petition before Hon'ble the High Court of Judicature at Jabalpur under the apprehension of filing of the writ petition/ public interest litigation against the permission dated 26/03/2026 granted by the Sarpanch, Village Panchayat Chhatarpur, Janpad Panchayat Pnagar Distt. Jabalpur (MP) by accepting the Caveator's Application No.-20250816 in respect of Land Khasra No.-546, Area-1.0000 Hactatre situated at Village Chhatarpur Tehsil Panagar Distt. Jabalpur M.P.

If any member of the non-caveator ie the public at large, files any petition including Public Interest Litigation and any other interim application against the above said order passed in favor of the caveator, the copies of the said petition/application may be supplied in advance to the caveator's below mentioned counsel.

**Address of the Caveator's Counsel**

Pranay Gupta Advocate (Enrolment No.-1632/1993) 299/14, Near Ghadi Chowk, Vijay Nagar, Jabalpur Distt. Jabalpur M.P.
Phone-9826035097 & 0761-3511190 Email-advocatepg@yahoo.co.in

र.नं. 4226

NOTICE OF CAVEAT

**CAVEATOR:** Shri Arun Chopra S/o Shri Shiv Chandra Chopra, aged 64 years, R/o House No.-405, Kaithal House, Nayar Sonya Apartment, South Civil Lines, Jabalpur-482001 MP

**VERSUS**

**NON-CAVEATOR :** The Public at Large.

The caveator Shri Arun Chopra S/o Shri Shiv Chandra Chopra, aged 64 years, R/o House No.-405, Kaithal House, Nayar Sonya Apartment, South Civil Lines, Jabalpur-482001 MP has instituted a caveat petition before Hon'ble the High Court of Judicature at Jabalpur under the apprehension of filing of the writ petition/ public interest litigation against the permission dated 26/03/2026 granted by the Sarpanch, Village Panchayat Chhatarpur, Janpad Panchayat Pnagar Distt. Jabalpur (MP) by accepting the Caveator's Application No.-20250814 in respect of Land Khasra No.-547, Area-1.0000 Hactatre situated at Village Chhatarpur Tehsil Panagar Distt. Jabalpur M.P.

If any member of the non-caveator ie the public at large, files any petition including Public Interest Litigation and any other interim application against the above said order passed in favor of the caveator, the copies of the said petition/application may be supplied in advance to the caveator's below mentioned counsel.

**Address of the Caveator's Counsel**

Pranay Gupta Advocate (Enrolment No.-1632/1993) 299/14, Near Ghadi Chowk, Vijay Nagar, Jabalpur Distt. Jabalpur M.P.
Phone-9826035097 & 0761-3511190 Email-advocatepg@yahoo.co.in

र.नं. 4226

NOTICE OF CAVEAT

**CAVEATOR:** M/s Shree Mining, Reg. Off. at 110, Bhasin Residency, South Civil Lines, Jabalpur MP

**VERSUS**

**NON-CAVEATOR :** The Public at Large.

The caveator M/s Shree Mining, Reg. Off. at 110, Bhasin Residency, South Civil Lines, Jabalpur MP has instituted a caveat petition before Hon'ble the High Court of Judicature at Jabalpur under the apprehension of filing of the writ petition/ public interest litigation against the permission dated 26/03/2026 granted by the Sarpanch, Village Panchayat Chhatarpur, Janpad Panchayat Pnagar Distt. Jabalpur (MP) by accepting the Caveator's Application No.-20250808 in respect of Land Khasra No.-550, Area-1.1300 Hactatre situated at Village Chhatarpur Tehsil Panagar Distt. Jabalpur M.P.

If any member of the non-caveator ie the public at large, files any petition including Public Interest Litigation and any other interim application against the above said order passed in favor of the caveator, the copies of the said petition/application may be supplied in advance to the caveator's below mentioned counsel.

**Address of the Caveator's Counsel**

Pranay Gupta Advocate (Enrolment No.-1632/1993) 299/14, Near Ghadi Chowk, Vijay Nagar, Jabalpur Distt. Jabalpur M.P.
Phone-9826035097 & 0761-3511190 Email-advocatepg@yahoo.co.in

र.नं. 4226


## सऊदी ने रोके ईरानी ड्रोन

**रियाज।** सऊदी अरब के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसकी सेनाओं ने पिछले कुछ घंटों में 10 ड्रोन को रोककर नष्ट कर दिया है। बयान में ड्रोन के स्रोत या लक्ष्य के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है। अधिकारियों ने कहा कि क्षेत्रीय तनाव बढ़ने के बीच स्थिति पर कड़ी नजर रखी जा रही है। उल्लेखनीय है कि ईरान लगातार सऊदी अरब स्थित अमेरिकी एयर बेसों को निशाने पर ले रहा है।

**लेबनान में इजरायली सैनिक की मौत**-इजरायली सेना ने दक्षिणी लेबनान में लड़ाई के दौरान एक सैनिक की मौत की घोषणा की है। उनकी पहचान मोशे यित्ज़ाक हाकोहेन काट्ज़ के रूप में हुई है। ङ्ग पर जारी एक बयान में सेना ने कहा कि सैनिक युद्ध में शहीद हो गया। इसी घटना में तीन अन्य सैनिक घायल हुए हैं।

ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी आईआरएनएके मुताबिक शाफ़्ट कस्बे में हुए हवाई हमले में मरने वालों की संख्या बढ़कर दो हो गई है। स्थानीय अधिकारी के हवाले से आई रिपोर्ट में कहा गया है कि हमले में उस्मावंदन गांव के एक आवासीय मकान को निशाना बनाया गया था।

# देश-प्रदेश

उवाच

## प्रदेश में बह रही है विकास की नई धारा : मुख्यमंत्री

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मां नर्मदा प्रदेश की जीवन रेखा है और उनके आशीर्वाद से मध्यप्रदेश में विकास की नई धारा प्रवाहित हो रही है। उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक रूप से भी होलकर साम्राज्य ने मां नर्मदा के आशीर्वाद से कठिन परिस्थितियों में सनातन संस्कृति को सशक्त बनाए रखा और देशभर के प्रमुख तीर्थ स्थलों पर घाट, धर्मशालाएं एवं अन्नक्षेत्र विकसित किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को इंदौर में आयोजित नर्मदा के चतुर्थ चरण के भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।



## मुख्यमंत्री करेंगे एमएसएमई इकाइयों को 169 करोड़ से अधिक राशि का अंतरण

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव समर्थ एमएसएमई विकसित मध्यप्रदेश की थीम पर मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित कार्यक्रम में 257 से अधिक एमएसएमई इकाइयों को उनके खाते में 169.57 करोड़ से अधिक की प्रोत्साहन राशि का सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरण करेंगे। साथ ही स्टार्टअप को भी लगभग 28 लाख से अधिक की अनुदान राशि की प्रथम किश्त भी प्रदान करेंगे। एमएसएमई मंत्री चेतन्य कुमार काश्यप भी कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को कार्यक्रम में लघु उद्योग निगम की ओर से मंत्री श्री काश्यप 8 करोड़ रुपए के अंतरिम लाभांश राशि का चैक भी सौंपेंगे। मध्यप्रदेश स्टार्टअप नीति एवं कार्यान्वयन ईआईआर योजना अंतर्गत सहायता के रूप में प्रदेश के 43 ज़िलों के 286 स्टार्टअप्स को ?3.43 करोड़ रूपये स्वीकृत किये गये हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रथम क़िस्त की राशि 28.6 लाख का वितरण सिंगल क्लिक से करेंगे।

## डॉ. मोहन ने इन्दौर एयरपोर्ट पर सुनी प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इन्दौर प्रवास के दौरान लोकमाता अहिल्याबाई इंटरनेशनल एयरपोर्ट परिसर में प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम का श्रवण किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विभिन्न विषयों पर चर्चा की और देश को एकजुटता का संदेश दिया। इस अवसर पर कार्यक्रम में नगरीय विकास एवं आवास तथा संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, लोकसभा सांसद शंकर लालवानी, पूर्व मंत्री एवं विधायक उषा ठाकुर, विधायक मालिनी गौड़, विधायक मधु वर्मा, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, जिलाध्यक्ष सुमित मिश्रा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण भी उपस्थित थे।

## कांग्रेस का जल संसाधन विभाग में घोटाले का आरोप

**भोपाल, एजेंसी।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जितेंद्र (जीतू) पटवारी ने जल संसाधन विभाग में 19.12 करोड़ रुपये के कथित घोटाले को लेकर प्रदेश की भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। श्री पटवारी ने आरोप लगाया कि विभागीय अधिकारियों ने गलत गणना, मनमाने आधार माह और सूचकांकों में हेरफेर कर ठेकेदारों को करोड़ों रुपये का अतिरिक्त भुगतान किया, जिससे राज्य के खजाने को नुकसान पहुंचा है। उन्होंने कहा कि यह महज लापरवाही नहीं, बल्कि सुनियोजित भ्रष्टाचार का मामला है। जीत पटवारी ने इस बारे में विभिन्न परियोजनाओं का उल्लेख किया।

## बंगाल के दक्षिण दिनाजपुर में तृणमूल नेता गिरफ्तार

**कोलकाता, एजेंसी।** एक शख्स पर गोली चलाने के प्रयास के चार दिन बाद दक्षिण दिनाजपुर जिले के गंगारामपुर पुलिस स्टेशन ने रविवार को मुख्य आरोपी टीएमसी के स्थानीय नेता बाबू चौधरी को गिरफ्तार कर लिया। घटना में इस्तेमाल किया गया हथियार भी बरामद कर लिया गया है। इस मामले में गंगारामपुर पुलिस ने कुल छह लोगों को गिरफ्तार किया है। मुख्य आरोपी बाबू चौधरी को गंगारामपुर उपमंडल न्यायालय में पेश किया गया है। 24 मार्च की रात को तृणमूल कांग्रेस की अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़ा वर्ग शाखा के नगर अध्यक्ष बाबू चौधरी और उनके सहयोगियों पर गंगा रामपुर पुलिस स्टेशन के ठीक सामने पार्टी के एक कार्यकर्ता शिव चौधरी को गोली मारने का आरोप लगा। पुलिस ने बाद की जांच में कई लोगों को गिरफ्तार किया, लेकिन मुख्य आरोपी बाबू चौधरी फरार रहा। सूत्रों से मिली सूचना के आधार पर गंगा रामपुर पुलिस ने मालदा स्थित एक रिश्तेदार के घर पर छापा मारा और मुख्य आरोपी को सफलतापूर्वक गिरफ्तार कर लिया। जिला पुलिस अधीक्षक ने गंगा रामपुर में घटना के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

मुख्यमंत्री ने किया इन्दौर हवाई अड्डे के टर्मिनल-1 का लोकार्पण, कहा-

# अब हर तबके के लिए संभव हुई हवाई यात्रा

### अमेरिकी कॉउंसिल ने इंदौर की हवाई सुविधा को क्वॉलिटी सर्टिफिकेट से किया सम्मानित

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि लोकमाता अहिल्याबाई का जीवन हमें लोककल्याण का मार्ग दिखाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत में हवाई सेवाओं का विस्तार जितनी तेजी से हो रहा है वह अकल्पनीय है। मध्यप्रदेश में पीएमश्री एयर एम्बुलेंस सेवा की शुरुआत भी की गई है, इससे गंभीर बीमारियों से ग्रसित मरीजों को त्वरित उपचार के लिए हायर सेंटर पहुंचाया जा रहा हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को इन्दौर में लोकमाता अहिल्याबाई इन्टरनेशनल एयरपोर्ट में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इंदौर शहर की बेहतरीन हवाई सुविधाओं को अमेरिका क्वॉलिटी कॉउंसिल ने क्वॉलिटी सर्टिफिकेट से सम्मानित भी किया है।



### मिलेगी वर्ल्ड क्लास सुविधाएं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इंदौर के नए टर्मिनल में यात्रियों को वर्ल्ड क्लास सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। इंदौर में पुनर्संरचना परियोजना के तहत करीब 50 करोड़ रुपये की लागत से हुए विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यों से एवं पुरानी टर्मिनल इमारत के नवीनीकरण के बाद अब यह नया टर्मिनल प्रति घंटे लगभग 400 यात्रियों को संभालने में सक्षम हो गया है। इसमें 14 चेक-इन काउंटर्स बनाए गए हैं और लगभग 300 यात्रियों के बैठने की व्यवस्था भी यहां की गई है। करीब 6 हजार वर्गमीटर क्षेत्रफल में बने इस टर्मिनल की वार्षिक यात्री क्षमता 15 लाख (1.5 MMPA) है। यहां पर 18 उड़ानों का संचालन, 150 चार पहिया वाहनों की पार्किंग एवं वीआईपी रूम जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। नये टर्मिनल के लोकार्पण कार्यक्रम में केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजारापु राममोहन नायडू ने भी वर्चुअली सहभागिता की। वहीं इन्दौर के लोकसभा सांसद शंकर लालवानी, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, पूर्व मंत्री महेन्द्र हार्डिया, पूर्व मंत्री उषा ठाकुर, विधायक मालिनी गौड़ और महापौर पुष्यमित्र भार्गव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### हर 150 किमी पर एक कमर्शियल एयरपोर्ट का लक्ष्य

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वर्तमान में प्रदेश में 8 एयरपोर्ट, 20 हवाई पट्टियां और 220 हेलीपैड्स मौजूद हैं। बीते दो साल में ही प्रदेश में रीवा, सतना और दतिया में नए एयरपोर्ट का सफल संचालन हमने शुरु किया है। उज्जैन और शिवपुरी में भी नया एयरपोर्ट बनाने की तैयारी कर ली है। इससे प्रदेश में कुल 10 एयरपोर्ट्स हो जाएंगे। सरकार का लक्ष्य है कि प्रदेश में हर 150 किलोमीटर पर एक कमर्शियल एयरपोर्ट, हर 75 किलोमीटर पर एक एयरस्ट्रिप और हर 45 किलोमीटर पर एक हेलीपैड की सुविधा उपलब्ध हो।

## 2050 स्थानों पर जांच कर 2912 सिलेंडर किये गये जप्त : राजपूत



**भोपाल, देशबन्धु।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा है कि प्रदेश में एलपीजी पेट्रोल, डीजल, पीएनजी एवं सीएनजी का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है।

प्रदेश में आवश्यक वस्तु अधिनियम के अन्तर्गत एलपीजी की कालाबाजारी रोकने के लिए निरंतर कार्यवाही की जा रही है। अभी तक 2050 स्थानों पर जांच की गई तथा 2912 एलपीजी सिलेण्डर जब्त किये गए। साथ ही 9 प्रकरणों में एफआईआर दर्ज कराई गई। प्रदेश के 325 रिटेल आउटलेट (पेट्रोल पंप) की जांच कराई गई है, जिसमें 01 प्रकरण में एफ.आई.आर. दर्ज कराई गई है। प्रदेश के समस्त जिला आपूर्ति नियंत्रक/अधिकारी एवं ऑयल कंपनी के अधिकारियों को सतत रूप से पेट्रोल पंपों की जांच करने के निर्देश दिये गये हैं। एलपीजी के संबंध में प्रदेश के बॉटलिंग प्लांटों में पर्याप्त स्टॉक बनाए रखा गया है। प्रदेश के जिलों में स्थित वितरकों के पास उपलब्धता। प्रदेश में आज की स्थिति में सभी ऑयल कंपनियों के पास पेट्रोल/डीजल का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। पंपों पर पेट्रोल एवं डीजल के स्टॉक की कमी की कोई स्थिति नहीं है एवं कंपनी के डिपो से भी डीजल/पेट्रोल की लगातार कंपनी द्वारा पूर्ति की जा रही है। खाद्य मंत्री श्री राजपूत ने कहा है कि मध्यप्रदेश में पेट्रोलियम उत्पादों की कोई कमी नहीं है। किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें तथा आवश्यकता अनुसार ही पेट्रोल, डीजल क्रय करें। उधर, तेल कंपनियों ने कहा है कि पेट्रोलियम पदार्थों की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सभी कदम उठाए जा रहे हैं। उपभोक्ताओं से आग्रह है कि सीजीडी संस्थाओं को आवेदन कर पीएनजी कनेक्शन प्राप्त किये जायें।

राज्यपाल ने 11 आत्मनिर्भर दिव्यांगों का किया सम्मान

## आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प की दिव्यता का प्रमाण : राज्यपाल



**भोपाल, देशबन्धु।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 'मन की बात' कार्यक्रम देश में हो रहे सकारात्मक बदलावों से प्रेरणा प्राप्त करने की पहल है। राज्यपाल श्री पटेल ने यह बात प्रधानमंत्री के कार्यक्रम 'मन की बात' के सामूहिक श्रवण कार्यक्रम में उपस्थित लोगों से कही।

'मन की बात' कार्यक्रम रविवार को अंजनी सभागार, रविन्द्र भवन, भोपाल में आयोजित किया गया था। राज्यपाल ने कार्यक्रम में आत्मनिर्भर 11 दिव्यांगों को सम्मानित किया। 'मन की बात- उमंग के साथ' कार्यक्रम का आयोजन 'उमंग गौरवदीप वेलफेयर सोसायटी' द्वारा विशेष बच्चों के लिए संचालित 'उमंग विशेष विद्यालय' की 20वीं वर्षगाँठ पर किया गया। राज्यपाल ने कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रस्तुतियाँ दिव्यांगों की इच्छाशक्ति, आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प की दिव्यता का प्रमाण हैं, जो यह दर्शाती हैं कि शारीरिक सीमाएँ हौसलों को रोक नहीं सकतीं। राज्यपाल ने 'आत्मनिर्भर दिव्यांग सम्मान' से मध्यप्रदेश शासन के जल संसाधन विभाग में कार्यरत प्रिया शर्मा, अमित मुरजानी, जीएसटी विभाग में कार्यरत शुभम मेहरा, लोकभवन में कार्यरत अजय सैनी, संस्कृति विभाग में कार्यरत मधु तिवारी, शिक्षा विभाग में कार्यरत शिक्षिका प्रियंका विश्वकर्मा, इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन में कार्यरत प्रथम आईआईटी शिक्षित दिव्यांग प्रखर कुमरावत, ताज लेक फ्रंट में कार्यरत स्तुति नितिन जोशी, अमेरिकन बैंक में कार्यरत अमन बुंदेला, गायिका रूचिका पांडेय तथा क्याकिंग एवं कैनोइंग खिलाड़ी पूजा गर्ग शामिल थीं।

## भगवान महावीर के विचार आज भी हैं प्रासंगिक : यादव

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर ने करीब ढाई हजार साल पहले भगवान महावीर स्वामी ने जो कहा था, वह आज की वैश्विक परिस्थितियों में भी प्रासंगिक है। जैन दर्शन की विशेषता है कि वह दूसरों को दबाने या डराने के बजाय, जिनेन्द्रियों पर अर्थात् स्वयं पर विजय प्राप्त करता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को इन्दौर में मदन मोहन मेहता ऑडिटोरियम में महावीर जयंती व्याख्यान एवं महावीर अलंकरण/सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने 4 समाजसेवियों चंदनमल चौरड़िया, हंसराज जैन, हंसमुख गांधी एवं संतोष कुमार जैन को महावीर अलंकरण प्रदान किया। कार्यक्रम को शिक्षाविद् स्वप्निल कोठारी एवं राजेश चेलावत ने भी संबोधित किया।

**4 समाजसेवियों को दिया महावीर अलंकरण**

अखिलेश ने विकास के दावों पर सरकार को घेरा

## 7 विमानतल चालू किए गए और 6 बंद हो गए

**ग्रेटर नोएडा, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश में जिला गौतमबुद्धनगर के दादरी क्षेत्र में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रविवार को एक विशाल जनसभा को संबोधित किया। इस कार्यक्रम में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए पार्टी नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ देखने को मिली। सभा स्थल पर लाखों की संख्या में जुटी जनता ने आगामी 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर सपा के शक्ति प्रदर्शन को साफ तौर पर प्रदर्शित किया।



जनसभा को संबोधित करते हुए अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश सरकार व भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार किसानों, युवाओं और आम जनता की समस्याओं को हल करने में विफल रही है। उन्होंने दावा किया कि 2027 में प्रदेश की जनता बदलाव का मन बना चुकी है और समाजवादी पार्टी को सत्ता में लाने के लिए तैयार है। अखिलेश यादव ने राज्य सरकार के विकास दावों पर सवाल उठाते हुए कहा कि '7 एयरपोर्ट चालू किए गए और 6 बंद हो गए।' उन्होंने नए एयरपोर्ट के उद्घाटन पर तंज करते हुए कहा कि कम से कम यह भरोसा दिया जाए कि उसे निजी हाथों में नहीं बेचा जाएगा। किसानों के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने मुआवजे के नाम पर किसानों के साथ अन्याय किया है। सपा सरकार बनने पर बाजार दर से मुआवजा देने का वादा भी किया। उन्होंने कहा कि 50 लाख करोड़ रुपए के एमओयू साइन किए गए, लेकिन जमीन पर न निवेश दिखा और न रोजगार। युवाओं के रोजगार को लेकर भी उन्होंने सरकार को घेरा और सपा की सरकार बनने पर नौकरी के अवसर बढ़ाने की बात कही।

## आईटीआई धामनोद के विद्यार्थियों ने समझी ट्रांसमिशन नेटवर्क की कार्यप्रणाली

**भोपाल, देशबन्धु।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) धामनोद के विद्यार्थियों ने शैक्षणिक एवं व्यावहारिक ज्ञान को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी (एम पी ट्रांसको) के 132 केवी सब स्टेशन जैतापुरा-पलासिया का औद्योगिक भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को 132 केवी सब स्टेशन जैतापुर पलासिया सहित संपूर्ण ट्रांसमिशन नेटवर्क की कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया। उन्हें विद्युत पारेषण की प्रक्रिया, अति उच्च दाब (एक्स्ट्रा हाई वोल्टेज) विद्युत के पारेषण, ट्रांसफॉर्मरों की भूमिका, ट्रांसमिशन नेटवर्क की संरचना एवं नियंत्रण प्रणाली के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। सब स्टेशन के कनिष्ठ अभियंता आत्माराम पटेल ने सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखते हुए विद्यार्थियों को विभिन्न उपकरणों जैसे पॉवर ट्रांसफॉर्मर, सर्किट ब्रेकर, आइसोलेटर एवं अन्य महत्वपूर्ण यंत्रों के संचालन और उपयोगिता के बारे में समझाया।

## जनगणना 2027 : मास्टर ट्रेनरों के बाद फील्ड ट्रेनरों को मिल रहा प्रशिक्षण

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश में जनगणना का काम तेजी पकड़ने लगा है। जनगणना निदेशालय के मुताबिक, मास्टर ट्रेनरों का प्रशिक्षित पूरा हो गया है और वे जिलों में जाकर फील्ड ट्रेनरों को प्रशिक्षण दे रहे हैं। बाद में ये फील्ड ट्रेनर मैदानी जनगणना कर्मियों को प्रशिक्षित करेंगे। यह पूरी प्रक्रिया हर हाल में 30 अप्रैल तक पूरी कर लेनी है। उधर, जनगणना कर्मियों ने प्रशिक्षण के पहले ही अपना काम शुरू कर दिया है।

जनगणना निदेशालय के डीआरजी विजय कुमार के मुताबिक, 128 मास्टर ट्रेनरों को प्रशिक्षित किया जा चुका है और यह प्रदेश के विभिन्न जिलों में जाकर फील्ड ट्रेनरों को प्रशिक्षित कर रहे हैं । बाद में यह फील्ड ट्रेनर प्रगणक आदि जनगणना कर्मियों को प्रशिक्षित करेंगे। उन्होंने बताया कि जिलों का प्रशिक्षण कार्यक्रम मुख्य जनगणना अधिकारी यानी कि कलेक्टर तय करेंगे । लेकिन 30 अप्रैल के पहले-पहले हर हाल में जनगणना कर्मियों का प्रशिक्षण पूरा कर लिया जाएगा। उधर, प्रशिक्षण के पहले ही मैदानी जनगणना कर्मियों ने अपना काम शुरू कर दिया है। अधिकारियों का कहना है कि मुख्य जनगणना अधिकारी से लेकर चार्ज अधिकारियों तक का प्रशिक्षण पहले ही पूरा हो गया है और यह अधिकारी अपने स्तर से मैदानी अधिकारियों को दिशा निर्देश दे रहे हैं। साथ ही भावनों की मार्किंग का काम कर रहे हैं।

- इसके बाद फील्ड ट्रेनर देंगे मैदानी जनगणना कर्मियों को प्रशिक्षित
- ट्रेनिंग से पहले ही मैदानी जनगणना कर्मियों ने शुरू किया काम

ग़ौरतलब है कि मध्य प्रदेश शासन ने जनगणना के तहत प्रथम चरण का काम 1 मई से 30 मई करवाने का ऐलान किया है। राज्य सरकार पहले ही जनगणना अधिकारियों की घोषणा कर चुकी है। याद रहेगी कि सरकार ने संभागीय जनगणना अधिकारी संभागायुक्त को बनाया है जबकि कलेक्टर को प्रमुख जनगणना अधिकारी बनाया है । नगरीय निकाय के आयुक्त और प्रशासक को भी प्रमुख जनगणना अधिकारी बनाया है। प्रमुख जनगणना अधिकारी जिला जनगणना अधिकारी, अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी वगैरह को नामित करेंगे। इसी तरह नगरी निकाय के आयुक्त और प्रशासक अपने इलाकों में नगर जनगणना अधिकारी नामित करेंगे। तहसीलदार को चार्ज जनगणना अधिकारी और नायाब लाल तहसीलदार को अतिरिक्त चार्ज जनगणना अधिकारी बनाया गया है। राजस्व विभाग के अनुभागीय अधिकारियों को अनुभागीय जनगणना अधिकारी के रूप में नामित किया है। वहीं, नगरी निकाय के जोनल अधिकारियों को जोनल चार्ज जनगणना अधिकारी, मुख्य अधिशासी अधिकारी केंटोनमेंट और मुख्य कार्यपालन अधिकारी विशेष क्षेत्र को चार्ज - विशेष क्षेत्र चार्ज जनगणना अधिकारी बनाया है।

विधानसभा अध्यक्ष ने लिया तैयारियों का जायजा

## 3 राज्यों के युवा विधायकों का सम्मेलन आज से

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ एवं राजस्थान के युवा विधायकों का सम्मेलन 30-31 मार्च को विधानसभा में आयोजित किया जा रहा है।



विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने आज सम्मेलन की तैयारियों का जायजा लिया उन्होनें आयोजन से संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर विधानसभा के प्रमुख सचिव अरविंद शर्मा भी उपस्थित थे।

विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य लोकतंत्र को मजबूत करना और युवा जनप्रतिनिधियों की भूमिका पर मंथन करना है। सम्मेलन में लोकतंत्र में युवाओं की भागीदारी और जिम्मेदारियों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। मध्यप्रदेश में इस तरह का युवा विधायक सम्मेलन होना गर्व की बात है। सम्मेलन में 45 वर्ष से कम उम्र वाले मध्यप्रदेश के 37, राजस्थान के 13 और छत्तीसगढ़ के 13 विधायक शामिल होंगे।

गौरतलब है कि सम्मेलन 30 मार्च को प्रारंभ होगा। इस कार्यक्रम में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, मध्य प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी उपस्थित रहेंगे। सम्मेलन के प्रथम दिवस 'लोकतंत्र और नागरिकों की भागीदारी को मजबूत करने हेतु युवा विधायकों की भूमिका' विषय पर मंथन होगा। माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता विश्वविद्यालय के कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी भी युवा विधायकों को संबोधित करेंगे। सम्मेलन के दूसरे दिन 31 मार्च को 'विकसित भारत 2047' युवा विधायकों के दायित्व एवं चुनौतियां' विषय पर मंथन होगा। इस दिन अन्य सत्रों के अलावा एमआईटी पूना के चेयरमैन डॉ. राहुल वी. कराड का संबोधन होगा। समापन समारोह में राज्य सभा के उप सभापति हरिवंश उपस्थित रहेंगे। इस कार्यक्रम में मध्य प्रदेश के संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय एवं नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

निविदा/नियुक्ति/जाहिरात

**नाम परिवर्तन सूचना**

I, MADHU is legally WIFE of of ARMY NO-JC 393485W, Rank-NB/SUB, Name-CHARAN SINGH presently residing at Vill- NAGLA BARI POST-SONKH, Teh - MATHURA, Distt - MATHURA, State- UTTAR PRADESH, PIN 281123, शपथपूर्वक नि लि कथन करती हूँ कि मेरे पति के सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम MADHU KUNTAL दर्ज है। जो कि गलत है। यह कि मेरे आधार कार्ड एंव अन्य दस्तावेजो में मेरा नाम MADHU दर्ज हैं। जो कि सही है मेरे नाम को पढा व सुना एवं मेरे पति के सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जाए। द्वारा शपथ पत्र नं UP3805731214751Y दिनाक 05/03/2026 नोटरी जबलपुर म प्र

गलत नाम-MADHU KUNTAL

सही नाम-MADHU र.नं. 4225

## आरटीई में सीटों पर भारी दबाव : 72 प्रतिशत ज्यादा आवेदन, कई जिलों में चार गुना तक दावेदार

• दिनेश नागर

**भोपाल,देशबन्धु।** शिक्षा का अधिकार कानून (आरटीई ) के तहत निजी स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश के लिए इस वर्ष प्रदेश में जबरदस्त प्रतिस्पर्धा देखने को मिल रही है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार 1,22,551 सीटों के मुकाबले 2,10,617 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जो कुल मिलाकर 172 प्रतिशत है। यानी सीटों के मुकाबले 72 प्रतिशत अधिक आवेदन आए हैं। अब तक 1,68,491 आवेदनों का सत्यापन भी किया जा चुका है, जबकि 30 मार्च सत्यापन की अंतिम तिथि हैं लेकिन सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार यह तारीख आगे भी बढ़ाई जा सकती है ।

### चार गुना तक आवेदन, कई जिलों में कड़ी टक्कर

प्रदेश के कई जिलों में आरटीई सीटों के लिए जबरदस्त प्रतिस्पर्धा है।

बुरहानपुर में सबसे अधिक 415 प्रतिशत आवेदन दर्ज हुए हैं, जो राज्य में शीर्ष पर है। इसके अलावा बड़वानी 270 प्रतिशत, नरसिंहपुर 247 प्रतिशत, आगर मालवा 228 प्रतिशत, उज्जैन 225 प्रतिशत, राजगढ़ 213 प्रतिशत, भोपाल 211 प्रतिशत। इन जिलों में एक सीट पर कई दावेदार होने से चयन प्रक्रिया चुनौतीपूर्ण हो गई है।




### राजधानी और बड़े शहरों में भी दबाव

राजधानी भोपाल में 7,359 सीटों पर 15,527 आवेदन (211 प्रतिशत) आए हैं। इंदौर में 143 प्रतिशत और जबलपुर में 199 प्रतिशत आवेदन दर्ज किए गए हैं, जो दर्शाता है कि बड़े शहरों में भी प्रतिस्पर्धा लगातार बढ़ रही है।

### इन जिलों में कम रही प्रतिस्पर्धा

इन जिलों में आवेदन औसत ही रहे। मऊगंज 95 प्रतिशत, छतरपुर 100 प्रतिशत, श्योपुर 104 प्रतिशत। यहां सीटों के मुकाबले आवेदन कम या लगभग बराबर हैं, जिससे सीटें खाली रहने की संभावना भी बन सकती है। जो बच्चे आरटीई के मापदंड के अनुसार नहीं आते होंगे वह सीट खाली रह जायेगी।

### जागरूकता बढ़ी, सीटें बढ़ाने की मांग

आरटीई के तहत बढ़ते आवेदन यह संकेत देते हैं कि गरीब एवं वंचित वर्ग में शिक्षा को लेकर जागरूकता बढ़ी है। हालांकि, कई जिलों में सीटों के मुकाबले अत्यधिक आवेदन यह भी दर्शाते हैं कि निजी स्कूलों में उपलब्ध सीटें पर्याप्त नहीं हैं, जिसे लेकर भविष्य में सीटें बढ़ाने की मांग तेज हो सकती है।

### मुख्य बातें

- कुल सीटें : 1,22,551
- कुल आवेदन : 2,10,617
- कुल आवेदन प्रतिशत : 172 प्रतिशत
- सत्यापित आवेदन : 1,68,491
- सबसे ज्यादा आवेदन : बुरहानपुर (415 प्रतिशत)
- सबसे कम आवेदन : मऊगंज (95 प्रतिशत)

### अब आगे क्या

सत्यापन प्रक्रिया पूरी होने के बाद लॉटरी सिस्टम के जरिए चयन किया जाएगा। जिन जिलों में आवेदन अधिक हैं, वहां बच्चों के चयन की संभावना प्रतिस्पर्धा के कारण कम हो सकती । सरकार के प्रचार प्रसार एवं लोगों की जागरूकता की वजह से शिक्षा अधिकार कानून का वंचित वर्ग के लोग भी अपने बच्चों की पढ़ाई में लाभ ले पा रहे हैं ।

जबलपुर, सोमवार 30 मार्च 2026
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# नेपाल में नया युग

भारत के पड़ोसी देश नेपाल में जेन ज़ी (नयी पीढ़ी) आंदोलन से हुई बड़ी राजनैतिक उथल-पुथल के बाद सत्ता के नए युवा युग की शुरुआत हुई है। 35 बरस के बालेन शाह ने नेपाल के अब तक के सबसे युवा प्रधानमंत्री के तौर पर शुक्रवार को शपथ ली। रैपर-गायक के तौर पर नेपाल के युवाओं में खासे लोकप्रिय रहे बालेन शाह चार बरस पहले 2022 में काठमांडू के मेयर नियुक्त हुए थे, अब उनकी राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी को हाल ही में हुए चुनाव में लगभग दो-तिहाई बहुमत मिला, जो यह जाहिर करता है कि नेपाल में अब राजनीति का युवा दौर आ चुका है। बालेन शाह ने पूर्व प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली को उनके ही गढ़ झापा में तगड़ी मात देकर बता दिया था कि जेन ज़ी ने अब नेपाल की कमान अपने हाथों में ले ली है।

इससे पहले बांग्लादेश में भी छात्र आंदोलन से ही राजनैतिक उथल-पुथल मची थी, लेकिन वहां अस्थिरता और अशांति का दौर कुछ लंबा खिंचा और अब तारिक रहमान के नए नेतृत्व में फिलहाल भारत से संबंध सुधरते दिख रहे हैं। अब नज़रें नेपाल के नए नेतृत्व पर हैं।

दरअसल समृद्ध और विकास की ओर बढ़ते पड़ोसी देशों से भारत का विकास और सुरक्षा भी जुड़े हुए हैं। पाकिस्तान से तो भारत के संबंधों में तल्खी और अविश्वास बने ही रहते हैं, इसलिए जरूरी है कि नेपाल और बांग्लादेश के साथ भारत के संबंध मजबूत रहें और उन्हें चीन के प्रभाव में न आने दिया जाए। इसके लिए भारत को अभी से मजबूत रणनीति बनानी होगी। ध्यान देने की बात है, राजशाही के बाद नेपाल में बनी तमाम सरकारें कमोबेश चीन के प्रभाव में रही हैं। नेपाल का चीन के साथ होने में कोई आपत्ति नहीं, लेकिन फिर उस वजह से भारत का विरोध नहीं होना चाहिए। यह एक हिंदू बहुल देश है, जिससे भारत से रोटी-बेटी के संबंध सदियों पुराने हैं।

वैसे नेपाल में बालेन शाह ने ऐसे वक्त में सत्ता संभाली है, जब पूरी दुनिया पर मध्यपूर्व में चल रही जंग का असर दिखने लगा है। तेल की कीमतों में आग लगी हुई है और खाड़ी देशों में रोजगार के अवसर अब काफी घट गए हैं। नेपाल से बड़ी संख्या में लोग रोजगार के लिए इन देशों में जाते हैं, लेकिन अब वे लौटेंगे तो इन लोगों को देश में ही रोजगार देना बहुत बड़ी चुनौती रहेगी। आंकड़े बताते हैं कि हर दिन क़रीब 2,900 नेपाली काम के लिए विदेश जाते हैं और उनका भेजा पैसा देश की अर्थव्यवस्था का बड़ा हिस्सा है। यह पैसा नेपाल के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 26 फ़ीसदी से अधिक है।

इसके अलावा भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और अक्षम प्रशासन को सुधारना भी बालेन शाह सरकार के सामने प्रमुख चुनौतियां रहेंगी। क्योंकि इन्हीं कारणों से ही युवाओं की नाराजगी सत्ता के खिलाफ फूटी थी और जेन ज़ी आंदोलन खड़ा हुआ था। बालेन शाह अगर इस मोर्चे पर आधे भी कामयाब होते हैं, तो नेपाल गरीबी और अभाव के दलदल से बाहर निकलने लगेगा।

नयी सरकार के सामने एक महत्वपूर्ण चुनौती राजनैतिक स्थिरता कायम करने की है। तीन करोड़ लोगों के इस देश में राजशाही खत्म होने के बाद से राजनीतिक स्थिरता लाने की कोशिशें की जा रही हैं, लेकिन अब तक कामयाबी नहीं मिली। बल्कि राजशाही के दौर में भी सरकारों के बदलने का सिलसिला जारी था। ध्यान रहे कि 1990 से 2026 के बीच 32 सरकारें नेपाल की सत्ता में आई और किसी भी सरकार ने अपना पांच साल का कार्यकाल पूरा नहीं किया है। बालेन शाह ने अगर प्रधानमंत्री के रूप में अपनी सरकार को पांच साल बनाए रखा, तो यह वाकई युगांतकारी घटना होगी।

शाह की राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) ने अपने चुनावी घोषणापत्र में कहा था कि वह नैतिकता और सुशासन को प्राथमिकता देगा और ऑनलाइन माध्यम से सेवाएं देने का वादा किया था। इसके अलावा पार्टी ने कहा है कि वह देश की संरचना में पक्षपात खत्म करेगी। अब इन घोषणाओं पर कब तक अमल होता है, इस पर नेपाल की जनता निगाह रखेगी ही। वैसे प्रधानमंत्री बनने के तुरंत बाद बालेन शाह की अध्यक्षता में हुई पहली कैबिनेट बैठक में फैसला लिया गया कि आंदोलन में मारे गए मृतक छात्रों के परिजनों को सरकारी नौकरी दी जाएगी, ताकि उनके परिवारों को आर्थिक सहारा मिल सके। इस पर काम भी शुरु हो गया है। इसके अलावा बालेन शाह सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली को भी शनिवार को ही गिरफ्तार कर लिया। ओली पर आंदोलन के दौरान हिंसा भड़कने और छात्रों की मौत का ठीकरा फोड़ा गया है। इस मामले में एक जांच समिति भी गठित की गई, जिसकी रिपोर्ट में कहा गया, 'भले ही गोली चलाने का सीधा आदेश साबित ना हुआ हो, लेकिन फायरिंग को रोकने का कोई प्रयास भी नहीं किया गया। कार्यकारी प्रमुख होने के नाते ओली को हर अच्छे-बुरे परिणाम के लिए जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए।' हालांकि अभी तक यह साबित नहीं हुआ है कि क्या ओली ने लापरवाही दिखाई जिस वजह से 70 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है। इसके बाद यही सवाल उठ रहे हैं कि क्या ओली की गिरफ्तारी के पीछे कोई राजनैतिक बदले की भावना है।

क्योंकि खुद ओली ने अपनी गिरफ्तारी पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए इसे 'बदले की कार्रवाई' करार दिया है। उन्होंने साफ कहा है कि यह कदम राजनीतिक रूप से प्रेरित है और वह इसके खिलाफ कानूनी लड़ाई लड़ेंगे। 1966 में मार्क्स और लेनिन से प्रेरित होकर राजनीति में आए 74 बरस के ओली चार बार नेपाल के प्रधानमंत्री रह चुके हैं और उन्होंने कई किस्म के राजनैतिक झंझावातों का सामना किया है। 1967 के 'झापा विद्रोह' में सक्रिय भूमिका निभाई, जो किसान आंदोलन था, इसके बाद ओली ने साल 1973 से लेकर 1987 तक अपने जीवन के 14 साल जेल में बिताए। उन पर पंचायत शासन के दौरान हत्या और अन्य राजनीतिक आरोप लगे थे। उनके करीबियों का मानना है कि जेल के अनुभवों ने उन्हें एक 'एकांतप्रिय' और खुद पर भरोसा करने वाला व्यक्ति बना दिया। अब ओली फिर से सलाखों में हैं, लेकिन क्या यह उनके राजनैतिक जीवन का अंत है यह देखना होगा। लेकिन फिलहाल बालेन शाह की नेतृत्व क्षमता की परीक्षा बाकी है कि वे राजनीति में धूमकेतु बनते हैं या ध्रुव तारा बनते हैं।

# पांच राज्य के चुनाव विपक्ष के लिए मौका : मोदी का सबसे कमजोर समय

ईरान युद्ध और उसके नतीजे में देश में गैस और पेट्रोल की किल्लत में पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों की खबर दब गई। मगर विपक्ष के लिए यह चुनाव बहुत महत्वपूर्ण हैं। तीन राज्यों केरल असम और पुडुचेरी में तो नामांकन की प्रक्रिया खत्म भी हो गई है। यहां 10 दिन बाद मतदान है। 9 अप्रैल को। बाकी दो राज्यों बंगाल और तमिलनाडु में नामांकन चल रहा है। बंगाल में दो चरणों में चुनाव होना है। पहला चरण 23 अप्रैल को है। उसी दिन तमिलनाडु में भी चुनाव है। एक ही दिन में। यहां के लिए नामांकन चल रहे हैं। 6 अप्रैल को खतम हो जाएंगे। फिर बंगाल में दूसरे चरण की प्रक्रिया शुरू होगी। दूसरे चरण का मतदान 29 अप्रैल को होगा।

विपक्ष के लिए एक मौका है। मैच फिनिशर बनने का। वह पूरे मैच में अच्छा खेलता है। मगर मैच हाथ से निकल जाता है। जनता का विश्वास इससे टूटता है। इसमें कांग्रेस का परसेन्टेज सबसे ज्यादा है। मैच को हाथों से फिसल दिए जाने का। इन पांच राज्यों में केवल एक राज्य असम में ही कांग्रेस का सीधा मुकाबला बीजेपी से है। हालांकि पुडुचेरी में भी मुकाबले में वही है। कांग्रेस से गए और क्षेत्रीय दलों के भाजपा के साथ बने एनडीए गठबंधन से। मगर बहुत छोटी विधानसभा है 30 सदस्यों की तो उसमें किसी कि रूचि ज्यादा नहीं है।

बाकी सबसे ज्यादा चर्चा में बंगाल का चुनाव है। पिछले दो विधानसभा चुनाव से जब से मोदी प्रधानमंत्री बने हैं उन्होंने बंगाल में पूरी ताकत झोंक रखी है। मगर पिछले 12 सालों में उनसे लड़ने में क्षेत्रीय दलों का रिकार्ड अच्छा है। ममता ने दोनों बार 2016 और 2021 में भाजपा के मंसूबे पूरे नहीं होने दिए। लेकिन इस बार एक नए हथियार से वोट काटकर वह ममता को कमजोर करना चाह रहे हैं। अभी तक 76 लाख लोगों के नाम काटे जा चुके हैं और अभी फाइनल मतदाता सूची नहीं आई है। आशंका है कि एक करोड़ के लगभग वोट काटे जा सकते हैं। राज्य में साढ़े सात करोड़ के करीब मतदाता थे। इनमें से एक करोड़ का नाम कटने का मतलब 15 प्रतिशत मतदाता गायब करना। बहुत बड़ा आंकड़ा है। पूरी चुनाव प्रक्रिया पर सवाल खड़ा हो गया है। सुप्रीम कोर्ट मामले को लगातार टालता जा रहा है। अब एक अप्रैल को सुनवाई है। मतदाता सूची अभी तक फाइनल नहीं है। नाम काटने की प्रक्रिया जारी है। बंगाल सरकार का कहना है कि पहले चरण के लिए 6 अप्रैल को और दूसरे के लिए 9 अप्रैल को नामांकन खतम हो जाने के बाद मतदाता सूची में कोई फेरबदल नहीं हो सकता है।

उससे पहले सुप्रीम कोर्ट को एसआईआर के नाम पर गलत तरीके से काटे गए नाम वापस जुड़वाना चाहिए। नहीं तो यह माना जाएगा कि सारी संवैधानिक संस्थाएं बीजेपी को चुनाव जिताने की कोशिश में लगी हैं। और यह सच है। खासतौर पर आज जब प्रधानमंत्री मोदी हर मोर्चे पर फंसे हुए हैं तब केवल जीत ही उनके गिरते ग्राफ को कुछ सहारा दे सकती है। और यह बात वे अच्छी तरह जानते हैं। और पूरी ताकत लगाए हुए हैं।



शकील अख्तर

सबसे ज्यादा चर्चा में बंगाल का चुनाव है। पिछले दो विधानसभा चुनाव से जब से मोदी प्रधानमंत्री बने हैं उन्होंने बंगाल में पूरी ताकत झोंक रखी है। मगर पिछले 12 सालों में उनसे लड़ने में क्षेत्रीय दलों का रिकार्ड अच्छा है। ममता ने दोनों बार 2016 और 2021 में भाजपा के मंसूबे पूरे नहीं होने दिए। लेकिन इस बार एक नए हथियार से वोट काटकर वह ममता को कमजोर करना चाह रहे हैं।

लेकिन यह बात विपक्ष पर भी लागू होती है। उसकी वापसी का भी यह सुनहरा मौका है। जीत का सबसे बड़ा फायदा यह होगा जनता का हौसला बढ़ेगा। विपक्ष की तरह जनता भी हार माने बैठी है। आएगा तो मोदी ही। यह नरेटिव (धारणा) ऐसा फैला दिया गया है कि लोग कुछ करते ही नहीं। और अगर कोई कुछ करना चाहे तो कहते हैं क्या फायदा चुनाव आयोग जीता देगा!

सब सही है। मगर क्या इसका मतलब है विपक्ष हाथ पर हाथ धरा बैठा रहे। चुनाव आयोग गड़बड़ कर रहा है। मगर रुकेगा कैसे? सुप्रीम कोर्ट तो उल्टा बंगाल सरकार को डांटता है कि उसके काम में बाधा मत बनो। मतलब वह नाम काट रहा है काटने दो। हल चुनाव जीतने में ही है। किसी भी तरह। ज्यादा से ज्यादा मेहनत करके। क्योंकि पिछले 12 साल में यह साफ हो गया है कि जिसकी सरकार सारी संवैधानिक संस्थाएं उसकी।

अपनी स्वतंत्रता स्वायत्तता को खोने में उन्हें कोई गुरेज नहीं। इन्हें अगर वापस लाइन पर लाना है तो हाथ में ताकत होना चाहिए। नहीं तो। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने चुनाव धांधलियों का पूरी तरह पर्दाफाश कर दिया। नाम गलत जोड़े किस तरह जाते हैं और काटे किस तरह जाते हैं। यह दो प्रेस कान्फ्रेंस करके उन्होंने मय सबूतों के दिखा दिया। मगर किसी पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा।

यह काम करते रहना चाहिए मगर उन लोगों की बातों में बिल्कुल नहीं आना चाहिए जो कहते हैं कि चुनाव आयोग जीतने ही नहीं देगा। अभी राज्यसभा चुनाव में क्या हुआ? तीन राज्यों में कांग्रेस के विधायकों ने भाजपा को वोट दिए। दो में विपक्ष का प्रत्याशी हार गया। बस हरियाणा में जरा से मार्जिन से जीत पाया। कांग्रेस की हार की हैट्रिक बनते-बनते रह गई। इससे पहले दो राज्यसभा चुनावों में कांग्रेस का बहुमत होते हुए भी उसके प्रत्याशी हारे।

इसी तरह अभी लास्ट हरियाणा के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस हारी। माना कि चुनाव आयोग और बीजेपी ने सारी धांधलियां की थीं मगर फिर भी जनता कांग्रेस को जिताना चाह रही थी। लेकिन कांग्रेस ने जनता की इच्छाओं आकांक्षाओं को भी दरकिनार करते हुए अपनी गुटबाजी को तरजीह दी। और आपस में इस तरह लड़े कि जनता सिर्फ रोती रह गई कि यह नहीं सुधर सकते। आप हरियाणा के दोनों गुटों से पूछ लीजिए दोनों मानेंगे कि गुटबाजी ने हरवाया। बस फर्क यह है कि दोनों एक दूसरे पर आरोप लगाएंगे। लेकिन यह सारा मामला देखना चाहिए था कांग्रेस हाईकमान को। सख्त कदम उठाना चाहिए थे।

तीन बार से विधानसभा चुनाव हरवा रहे हैं। दो राज्यसभा हरवा चुके। तीसरे में केन्डिडेट की किस्मत ही काम कर गई कि वह बच गया। कांग्रेसियों ने तो हरवाने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी। लेकिन क्या कार्रवाई हुई? कुछ नहीं। सबको मैसेज गया कि चौथी बार राज्यसभा में भी और विधानसभा चुनाव में भी इसी तरह कांग्रेस को हराना। हाईकमान खुश होगा!

हरियाणा की तरह ही राजस्थान हारे थे। जनता की जिताने की सारी कोशिशों को असफल करते हुए। वही गुटबाजी। मध्यप्रदेश में तो जनता ने कांग्रेस को जिताने की कोशिशें ही छोड़ दीं। 2003 से कितने चुनाव हो गए। याद ही नहीं है। 2018 में कांग्रेस द्वारा नहीं जितेंगे की भारी जिद के बावजूद जनता ने जिता ही दिया था। मगर कांग्रेस ने कहा कि अच्छा तुम अपनी मर्जी कर लोगे! लो हम सत्ता ऐसे गंवाते हैं। लड़ पड़े। एक साल बाद ही बीजेपी की सरकार फिर बनवा दी।

चुनाव आयोग गलत है, गलत है, बहुत गलत! मगर आप भी सही नहीं हैं, नहीं हैं, नहीं। मध्य प्रदेश के 2003, 2008 और 2013 तक के चुनाव में चुनाव आयोग की क्या भूमिका थी? 2014 के लोकसभा चुनाव में क्या थी? कांग्रेस को इन सवालों से गुजरना पड़ेगा। इन पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में उसका कुछ ज्यादा दांव पर नहीं लगा है। मगर पूरे विपक्ष का लगा है। मुख्य विपक्षी पार्टी होने के नाते उसे सोचना पड़ेगा। कहीं से भी मोदी की जीत उसी का नुकसान है।

केरल में भाजपा की एक भी विधानसभा सीट नहीं है। मगर लेफ्ट और कांग्रेस दोनों एक दूसरे पर उसके साथ मिले होने का आरोप लगा रहे हैं। केरल में इन दोनों में से ही कोई एक जीतेगा। मगर जिस तरह लड़ रहे हैं उससे लगता है कि बीजेपी चाहे जीत जाए लेकिन दूसरा नहीं जीतना चाहिए।

विपक्ष की एकता खतम हो गई है। बंगाल और केरल दोनों जगह अगर थोड़े संयम से लड़ लें तो आगे के लड़ाई के लिए संग साथ बना रहेगा। विपक्ष की एकता और चुनावी जीत हासिल करना यह दोनों चीज ही ऐसी हैं जो मोदी की वापसी को रोक सकती हैं। मोदी इस समय अपने सबसे कमजोर दौर में हैं।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार है)**

# भाजपा द्वारा बंगाल भेजे गए चुनाव पर्यवेक्षक स्थानीय लोगों के निशाने पर

■ **तीर्थंकर मित्रा**

पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव करीब आ रहे हैं, परन्तु भाजपा की पश्चिम बंगाल इकाई अभी भी अपनी स्थिति ठीक नहीं कर पाई है। राज्य में पार्टी का संगठन काफी बिखरा हुआ है। इस बात का खुलासा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के सामने तब हुआ, जब वे इस हफ़्ते चुनाव प्रचार की देखरेख के लिए कोलकाता आए थे।

भाजपा अध्यक्ष को एक अप्रिय आश्चर्य का उस समय सामना करना पड़ा, जब उन्होंने राज्य के बाहर से आए नेताओं के काम-काज की समीक्षा शुरू की। पिछले चुनावों के अनुभव को देखते हुए, इन नेताओं को पश्चिम बंगाल में भाजपा के चल रहे चुनाव प्रचार में तेज़ी और गति लाने के लिए तैनात किया गया है।

लेकिन भगवा खेमे के सूत्रों ने बताया कि ये नेता उम्मीदवारों और पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ रहने के बजाय, अपने होटल के कमरों की वातानुकूलित सुख-सुविधाओं में 'आराम' फरमा रहे हैं। चुनाव प्रचार की भाग-दौड़ और गर्मी-धूल से दूर, ये नेता पार्टी के उम्मीदवारों की चुनावी जीत सुनिश्चित करने के अभियान के बारे में आशावादी रिपोर्टें भेज रहे हैं।

भाजपा अध्यक्ष को एक अप्रिय आश्चर्य का उस समय सामना करना पड़ा, जब उन्होंने राज्य के बाहर से आए नेताओं के काम-काज की समीक्षा शुरू की। पिछले चुनावों के अनुभव को देखते हुए, इन नेताओं को पश्चिम बंगाल में भाजपा के चल रहे चुनाव प्रचार में तेज़ी और गति लाने के लिए तैनात किया गया है।

सूत्रों ने बताया कि इनमें से कुछ नेता तो राज्य में मौजूद भी नहीं हैं। जानकारी मिली है कि वे चुनावी मैदान से दूर रहते हुए भी पार्टी के आम कार्यकर्ताओं को निर्देश जारी कर रहे हैं।

इन 'अनुपस्थित नेताओं' के रवैये का चुनाव प्रचार पर बुरा असर पड़ा है, खासकर उन विधानसभा क्षेत्रों में जहां नए उम्मीदवारों को मैदान में उतारा गया है। क्योंकि न तो उम्मीदवार और न ही उनके समर्थक, पार्टी के उन वरिष्ठ पदाधिकारियों के सामने अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं, जो इन 'अनुपस्थित नेताओं' से ऊंचे पद पर हैं।

सुवेंदु अधिकारी, दिलीप घोष या अग्निमित्रा पॉल जैसे दिग्गज उम्मीदवारों को इस तरह की मुश्किल का सामना नहीं करना पड़ता है। वे अपना चुनाव प्रचार अपने दम पर करते हैं। जहां तक राज्य के बाहर से आए नेताओं की बात है, ऐसा लगता है कि वे स्थानीय नेताओं के निर्देशों को दरकिनार कर रहे हैं। लेकिन चूंकि उन्हें ज़मीनी हकीकत की जानकारी नहीं होती, इसलिए चुनाव प्रचार की गति धीमी पड़ रही है। नवीन की बैठक में गुटबाजी भी खुलकर सामने आ गई। जब भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुछ लापरवाह नेताओं को कड़ी फटकार लगा रहे थे, तभी उन्होंने पाया कि पार्टी की राज्य इकाई के पूर्व अध्यक्ष सुकांत मजूमदार बैठक से अनुपस्थित थे। ज़ाहिर है, मजूमदार, जो एक केंद्रीय राज्य मंत्री हैं और इस चुनाव में ज़ोर-शोर से प्रचार कर रहे हैं, उन्हें इस अहम बैठक में नहीं बुलाया गया था। मजूमदार की बैठक से गैर-मौजूदगी ऐसे समय में एक गलत संकेत देती है, जब भगवा खेमे का राष्ट्रीय नेतृत्व एकजुट होने का संदेश दे रहा है।

इसके अलावा, चुनाव नामांकन के बंटवारे को लेकर भगवा खेमे में असंतोष पनप रहा है। सॉल्ट लेक स्थित पार्टी दफ़्तर में नितिन नवीन की एक बैठक होनी थी, जिसे एक होटल में शिफ़्ट कर दिया गया। ऐसा इसलिए किया गया क्योंकि आशंका थी कि जिन कार्यकर्ताओं को टिकट नहीं मिला है, वे ज़ोरदार विरोध प्रदर्शन कर सकते हैं।

ज़िलों से ऐसे कार्यकर्ताओं के विरोध प्रदर्शन की खबरें आई हैं, जो भाजपा की टिकट पाने की उम्मीद कर रहे थे। सड़कों पर टायर जलाकर जाम लगाने की घटनाएं भी हुई हैं। हावड़ा के उदय नारायणपुर में भाजपा के एक पार्टी दफ़्तर में विरोध प्रदर्शन भड़क उठा। दफ़्तर में तोड़फोड़ की घटना की जानकारी राष्ट्रीय पार्टी प्रमुख को दी गई है। मामले को और भी बदतर बनाने वाली बात यह है कि नवीन को स्थानीय नेताओं और राज्य के बाहर से आए नेताओं के बीच 'विश्वास की कमी' की समस्या का भी सामना करना पड़ रहा है। इसकी जड़ ज़िला पार्टी दफ़्तरों में क्लोज़ सर्किट कैमरे और साउंड रिकॉर्डिंग सिस्टम लगाने में देखी जा सकती है।

बर्धमान से ऐसी खबरें आई हैं। स्थानीय नेताओं ने यह बात उठाई है कि 'निगरानी की यह प्रक्रिया' उनके और राज्य के बाहर से आए नेताओं के बीच तालमेल बिठाने में मददगार साबित नहीं होगी। इस तरह, राज्य के बाहर से आए नेता स्थानीय नेतृत्व पर नज़र रख रहे हैं। यह स्थिति स्थानीय नेताओं और उनकी मदद के लिए बाहर से लाए गए नेताओं के बीच की खाई को और भी गहरा कर देगी।

इसके अलावा, यह मतदाताओं के बीच भगवा खेमे की विश्वसनीयता में कमी की स्थिति को उजागर करेगा। एक राज्य स्तरीय नेता ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि- यह स्थिति आने वाले चुनावों में लोगों को भाजपा के प्रति अपना समर्थन ज़ाहिर करने के लिए शायद ही अनुकूल होगी।



## ललित सुरजन की कलम से

### वे आपसे मिलना चाहते हैं

*जनता आपको काम करने के लिए चुनती है। आपकी इज्जत भी करती है, लेकिन जब आप अहंकार में आ जाते हैं, भ्रष्टाचार करते समय आगा-पीछा नहीं सोचते, आम आदमी से दुर्व्यवहार करने लगते हैं, आपकी लालबत्ती उसे डराने लगती है, आपके काफिले को रास्ता देने के लिए उसे दुबकना पड़ता है, आपके मीठे आश्वासन जब झूठे हो जाते हैं, जब आप अवसरवादियों और खुशामदखोरों के चक्कर में पड़ जाते हैं, जब आप मोटा चंदा देने वालों के चंगुल में फंस जाते हैं, जब आप जनता को अधिकार नहीं, दया का पात्र मान बैठते हैं, तब ऊपर से जनता भले ही खामोश रहे, भीतर-भीतर वह तड़पती रहती है और सबक सिखाने के लिए मौके का इंतजार करती है।*

*- बाबा रे बाबा! आप ऐसी बात सोच रहे हैं। वे जब आपसे मिलेंगे तब क्या यही बातें कहेंगे?*

*- हां भाई! मिलूंगा तो यही कहूंगा। आप कहें तो आपके साथ चलकर वे दिल्ली, भोपाल, जयपुर, रायपुर जहां भी रहते हों उनसे सामने-सामने यह बात कर सकता हूं।*

*- ऐसा कहकर तो आप मेरी नौकरी खा जाएंगे। बेहतर है कि आप उनसे ना ही मिलें।*

*- यही तो मैं शुरू से ही कह रहा था कि मेरे जैसा आम आदमी उनके काम का नहीं है।*

**(देशबंधु में 25 अप्रैल 2013 को प्रकाशित)**

**https://lalitsurjan.blogspot.com/2013/04/blog-post_25.html**

## गुरुवाणी विचार

### राग बहागड़ा महला 9

हरि की गति नहिं कोऊ जाने
जोगी जति तपि पचि हारे अरु बहु लोग सिआने (रहाओ)
छिन महि राऊ रंक कऊ करई राऊ रंक करि डारे
रीते भरे भरे सख नहिं यह ता को बिवहारे
अपनी माइआ आपहि पसारी आपहि देखन हारा
नाना रूप धरे बहु रंगी सभ ते रहै निआरा
अगनत अपार अलख निरंजन जिह सभ जगु मरमाइए
सगल भरम तजि नानक प्राणी चरनि ताहि चितु लाइए।।

इन पंक्तियों द्वारा नौंवे नानक गुरुतेग बहादुर साहिब फरमा रहे हैं कि कोई भी मनुष्य यह जान सकता कि परमात्मा कैसा है, उसका रूप रंग कैसा है? उसको कैसे प्राप्त किया जा सकता है अनेकों जोगी अनेकों तपी और भी बहुत सारे बुद्धिमान इंसान भटक-भटक कर हार गए हैं-

चकर चिनह: और बरन जाति और पति नहिं न जेह।
रूप रंग और रेख भेख कोऊ कह न सकत किह।।

आगे पंक्ति द्वारा प्रभु परमात्मा फरमा रहे हैं कि वे क्षण भर में राजा को कंगाल, कंगाल को राजा बना सकते हैं-

भेखारी ते राजा करावे राजा ते भेखारी। भिखारी को पल भर में राजा बना कर उसे राज करवा सकते हैं और राजा को पलक झपकते ही राजपाट खतम कर सकते हैं। क्षण भर में अमीर को गरीब और गरीब को अमीर बना सकते हैं। मनुष्यों द्वारा किए जा रहे कर्मों के अनुसार उन्हें दंड या इनाम देते रहते हैं। मनुष्यों के कर्मों का लेखा जोखा उनके पास रहता है इसलिए कहा गया है- दया करो किछ मेहर उपावो डूबे पत्थर तारे। आपकी कृपा होगी तभी मैं अपने अवगुणों से निजात पा सकूंगा और आपकी सिमरन भक्ति में लगकर अपने कर्मों को सुधार सकूंगा।

लेखे छोड़ अलेखे छूटे हम निरगुण में लेहो उबारी।
नानक दास संत पाछे परिओ राख लेहो इह बारी।।

प्रभु परमात्मा ने इस संसार में अपनी माया फैला रखी है और हर एक जीव के अंदर विराजमान होकर उसके द्वारा किये जा रहे प्रत्येक कार्य का लेखा जोखा रखकर हर जीव की संभाल कर रहे हैं। प्रभु परमात्मा विभिन्न-विभिन्न रंग रूप धारण कर सकता है। जिस तरह बाजीगर मदारी बंदर को तरह-तरह के करतब करवा के नाच नचाता है उसी तरह हम मनुष्यों को भी तरह-तरह के नाच नचाता है। जिस पर उसकी विशेष कृपा दृष्टि होगी उसे ही अपनी सिमरन भक्ति में लगा रखता है। वह चाहे तो बिना सांस के भी इंसान को जीवित रख सकता है- प्रभु भावै बिन सांस ते राखै प्रभु भावै ता हर गुण भाखै।

खुद सब रंग रूप से न्यारा रहता है। इसलिए उस परमात्मा के गुणों की गिनती नहीं की जा सकती। वह बेअंत गुणों का मालिक है पर अदृश्य रहता है और हर किस्म से निर्लेप रहता है। उस प्रभु परमात्मा ने ही सारे जगत को माया मोह के चंगुल में डाल रखा है। इंसान सारी उम्र इसी भ्रम जाल में चलता रहता है।

उठत बैठत सोवत जागत ऐह मन तुझे चितारे।
सुख दुख इस मन की बिरथा तुझ ही आगे सारे।।

**-इंदर सिंह आहुजा**

## आपके पत्र

### मुफ्त शिक्षा, स्वास्थ्य और न्याय-हक़ या केवल सपना?

भारत का लोकतंत्र विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में अपनी पहचान रखता है। यह केवल एक राजनीतिक व्यवस्था नहीं, बल्कि करोड़ों नागरिकों की आकांक्षाओं, अधिकारों और सपनों का प्रतिबिंब है। संविधान ने हमें समानता, स्वतंत्रता और न्याय का वादा किया है, लेकिन यह सवाल आज भी हमारे सामने खड़ा है कि क्या यह वादा वास्तव में हर नागरिक तक समान रूप से पहुंच पाया है? क्या आज भी एक गरीब और एक अमीर व्यक्ति के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य और न्याय की सुविधाएं बराबर हैं? यदि नहीं, तो यह स्वीकार करना होगा कि हमारा लोकतंत्र अभी भी अधूरा है।

स्वास्थ्य के क्षेत्र में हाल के वर्षों में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन देखने को मिला है। दवाइयों को ब्रांड के बजाय 'साल्ट' के आधार पर उपलब्ध कराने की पहल ने यह साबित किया है कि सही नीति और नीयत के साथ आम जनता को बड़ी राहत दी जा सकती है। सस्ती दवाइयां केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि जीवन की रक्षा का माध्यम बनती हैं। यह एक उदाहरण है कि जब सरकार समानता को केंद्र में रखकर काम करती है, तो बदलाव संभव है। यही सोच यदि शिक्षा और न्याय जैसे क्षेत्रों में भी लागू की जाए, तो देश की तस्वीर बदल सकती है।

शिक्षा आज के समय में केवल ज्ञान प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक उन्नति का सबसे बड़ा साधन है। लेकिन दुर्भाग्य से भारत में शिक्षा की व्यवस्था दो भागों में बंटी हुई है—एक ओर महंगे निजी स्कूल और संस्थान हैं, जहां विश्वस्तरीय सुविधाएं और संसाधन उपलब्ध हैं, और दूसरी ओर सरकारी स्कूल हैं, जहां कई जगह बुनियादी सुविधाओं का भी अभाव है। यह विभाजन केवल संस्थानों का नहीं, बल्कि अवसरों का विभाजन है। एक अमीर परिवार का बच्चा जिस स्तर की शिक्षा प्राप्त करता है, वह एक गरीब परिवार के बच्चे के लिए अक्सर एक सपना बनकर रह जाता है। ऐसी स्थिति में यह विचार स्वाभाविक रूप से सामने आता है कि क्यों न पूरे देश में एक समान शिक्षा प्रणाली लागू की जाए? एक ऐसा ढांचा, जहां हर कक्षा के लिए एक जैसी किताबें हों, एक जैसा पाठ्यक्रम हो और हर बच्चे को समान अवसर मिले। इससे शिक्षा के स्तर में संतुलन आ सकता है और प्रतियोगी परीक्षाओं में भी एक समान आधार तैयार हो सकता है। यह व्यवस्था न केवल सामाजिक समानता को बढ़ावा देगी, बल्कि देश की प्रतिभाओं को भी एक समान मंच प्रदान करेगी।

हालांकि, यह भी समझना आवश्यक है कि भारत की विविधता इतनी व्यापक है कि पूरी तरह एकरूप शिक्षा प्रणाली लागू करना सरल नहीं है। अलग-अलग राज्यों की भाषाएं, संस्कृतियां और स्थानीय आवश्यकताएं हैं, जिन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। इसलिए एक 'कॉमन कोर' के साथ-साथ क्षेत्रीय लचीलापन भी जरूरी है, ताकि समानता और विविधता के बीच संतुलन बना रहे।

स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति भी कुछ अलग नहीं है। निजी अस्पतालों की ऊंची फीस आम आदमी के लिए एक बड़ी बाधा है, जबकि सरकारी अस्पतालों में भीड़, संसाधनों की कमी और लंबी प्रतीक्षा जैसी समस्याएं हैं। कई बार एक साधारण बीमारी भी आर्थिक संकट का कारण बन जाती है। ऐसे में यह विचार सामने आता है कि यदि सभी अस्पतालों का राष्ट्रीयकरण कर उन्हें एक समान व्यवस्था के अंतर्गत लाया जाए, तो हर व्यक्ति को समान और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकती हैं। डॉक्टरों और कर्मचारियों को सरकार द्वारा वेतन दिए जाने से सेवा का भाव बढ़ सकता है और मुनाफाखोरी पर अंकुश लग सकता है।

न्याय व्यवस्था भी लोकतंत्र का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है, लेकिन आम नागरिक के लिए न्याय तक पहुंचना आज भी एक कठिन प्रक्रिया है। न्यायालयों में लंबित मामलों की संख्या, कानूनी प्रक्रियाओं की जटिलता और वकीलों की ऊंची फीस—ये सभी मिलकर न्याय को महंगा और दूर बना देते हैं।

**-प्रियंका सौरभ**

# अब एल्डरमैन बनने आकाओं के दर पर दौड़ चालू

## विधायक जिनके नाम भेजेंगे वे ही पहुंचेंगे नगर निगम

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश की नगर परिषद और नगर पालिकाओं में एल्डरमैन की नियुक्ति होने के बाद अब नगर निगमों की बारी है। जिसे देखते हुए नगर निगम जबलपुर में एल्डरमैन बनने के लिए भी दावेदारों ने अपने आकाओं के दर पर दौड़ लगाना शुरु कर दिया है। बताया जा रहा है कि भाजपा में लंबे समय से जुड़कर समर्पित रहने वाले कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्रों के विधायकों के पास जाकर एल्डरमैन बनने का जुगाड़ लगा रहे हैं। क्योंकि विधायक जो नाम भेजेंगे भोपाल से उन नामों में से ही छः नामों का एलान एल्डरमैन के रुप में घोषित किए जाएंगे।




### सिर्फ डेढ़ साल के लिए मौका

एल्डरमैन और निगम-मंडलों की नियुक्ति की नियुक्ति लंबे अर्से से लटकी हुई हैं। ऐसे में जब नगर सत्ता के कार्यकाल को पूरा होने में महज डेढ़ साल बचा है तब एल्डरमैन नियुक्त करना समझ से परे है। भाजपा से ही जुड़े कुछ कार्यकर्ताओं का कहना है कि यह नियुक्तियां सिर्फ और सिर्फ औपचारिकता पूरी करने की जा रही है, इसका कोई औचित्य नहीं है।

### ये योग्यताएं हैं जरुरी

जानकारों की मानें तो एल्डरमैन बनने के लिए नगर निगम से संबंधित अनुभव या फिर किसी फील्ड में ख्यातिप्राप्त होना आवश्यक होता है। लेकिन वर्तमान में कुछ ऐसे कार्यकर्ता भी एल्डरमैन बनने की फिराक में है, जो कि सिर्फ अपने आकाओं के करीब हैं, न तो उन्हें अनुभव है और न ही किसी क्षेत्र में उन्होंने बहुत अच्छा काम किया है।

### एमआईसी को लेकर अब भी आक्रोश

एल्डरमैन नियुक्ति का शिगुफा सामने आने के बाद भाजपा पार्षदों में एक बार फिर से एमआईसी की चर्चा होने लगी है। कुछ पार्षदों का कहना है कि पूरा कार्यकाल निकला जा रहा है लेकिन अभी तक एमआईसी का विस्तार नहीं हुआ, जिससे साफ जाहिर हो रहा है नगर निगम के जनप्रतिनिधियों को कितना कम आंका जा रहा है। पार्षदों का कहना है इतने कम समय के लिए एल्डरमैन की नियुक्ति करना भी समझ से परे है, ऐसे में कार्यकर्ताओं को चाहिए कि एल्डरमैन बनने के लिए वे ज्यादा जोर न लगाएं।

## सिविक सेंटर का निरीक्षण कर व्यापारियों से बोले निगमायुक्त...

# शहर आपका है स्वच्छ और सुंदर बनाने में दें सहयोग



**जबलपुर, देशबन्धु।** स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान के अंतर्गत शहर को नंबर वन बनाने की दिशा में नगर निगम अब एकदम 'एक्शन मोड' में नजर आ रहा है। इसी कड़ी में आधीरात निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने शहर के व्यस्ततम क्षेत्र सिविक सेंटर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नाइट और रोड स्वीपिंग (रात्रि कालीन सफाई) कार्यों का जायजा लिया और जमीन पर उतरकर व्यवस्थाओं को परखा।

निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने केवल अधिकारियों को निर्देश ही नहीं दिए, बल्कि उन्होंने सिविक सेंटर के चारों ओर पैदल भ्रमण कर व्यक्तिगत रूप से एक-एक दुकानदार से संवाद किया। उन्होंने दुकानदारों को समझाइश देते हुए कहा, यह शहर आपका है। इसे स्वच्छ और सुंदर बनाने की जिम्मेदारी जितनी प्रशासन की है, उतनी ही आपकी भी है। निगमायुक्त ने दुकानदारों से विशेष आग्रह किया कि वे अपनी दुकानों के बाहर कचरा न फैलाएं। उन्होंने सभी से अनिवार्य रूप से डस्टबिन रखने और कचरे का सही निपटान करने का आह्वान किया। उनके इस सहज और संवेदी व्यवहार की व्यापारियों ने भी सराहना की और शहर को स्वच्छ रखने में सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने फायर ऑफिस का भी निरीक्षण किया और जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त देवेंद्र सिंह चौहान, अशफाक परवेज कुरैशी उपायुक्त संभव अयाची, स्वास्थ्य अधिकारी अंकिता बर्मन, सहायक यंत्री अभिनव मिश्रा सहित अन्य मौजूद थे।

## सार-समाचार

### आज शाम से 1 अप्रैल तक जलापूर्ति रहेगी बाधित

#### कंटेनर के लीकेज का होगा सुधार कार्य

जबलपुर, देशबन्धु। नगर निगम के अधीक्षण यंत्री और जल विभाग के प्रमुख कमलेश श्रीवास्तव ने बताया कि टाउन हॉल टैंक में कंटेनर लीकेज के सुधार कार्य एवं सप्लाई लाइन 600 एमएम की टी बदलने का कार्य किया जाना है। जिसके चलते दिनांक 30 मार्च को सायंकालीन से दिनांक 1 अप्रैल तक दोनो समय टैंक से जलापूर्ति प्रभावित रहेगी। प्रभावित क्षेत्रों में टैंकरों के माध्यम से जलापूर्ति की जायेगी। उक्त अतिमहत्वपूर्ण कार्यो के संपादन के चलते क्षेत्रीय लोगों को होने वाली असुविधा के लिए महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'', जल प्रभारी एमआईसी सदस्य दामोदर सोनी एवं निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने खेद व्यक्त किया है।



### सेवानिवृत्त कर्मचारियों के ओटी व एचआरए के भरे गए फॉर्म

#### कामगार यूनियन खमरिया में विशेष शिविर



**जबलपुर, देशबन्धु।** कामगार यूनियन खमरिया द्वारा सीनियर स्टाफ क्लब में एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 1 जनवरी 2006 के बाद सेवानिवृत्त एवं अन्य निर्माणियों में स्थानांतरित हुए कर्मचारियों के ओटी/एचआरए के फॉर्म भरे गए। जिससे उनके लंबित ओटी/एचआरए एरियर का शीघ्र भुगतान सुनिश्चित किया जा सके। यूनियन के महामंत्री प्रेम लाल सेन ने जानकारी देते हुए बताया कि इस शिविर में लगभग 250 कर्मचारियों के फॉर्म सफलतापूर्वक भरे गए। इस अवसर पर यूनियन के अध्यक्ष राजेन्द्र चराडिया, दीपक सैनी, रूपेश पाठक, अमित चौबे, मुकेश पाण्डेय, रमेश यादव, राकेश राजपूत, सत्या मलिक, गुलाब मेहरा, सत्य शंकर पति एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### बुक बैंक जरूरतमंद विद्यार्थियों की मदद की अनूठी पहल : नीरज सिंह




**जबलपुर, देशबन्धु।** निजी स्कूलों की महँगी किताबें प्रतिस्पर्धी एवं न्यूनतम दरों पर उपलब्ध कराने जिला प्रशासन द्वारा गोलबाजार स्थित शहीद स्मारक परिसर में आयोजित किये जा रहे पुस्तक मेला के पांचवे दिन आज रविवार को विद्यार्थी और अभिभावक बड़ी संख्या में पहुंचे।

पुस्तक मेला में पांचवे दिन के मुख्य अतिथि बरगी विधानसभा क्षेत्र के विधायक नीरज सिंह थे। उन्होंने पुस्तक मेला के पांचवे दिन की सांस्कृतिक संध्या का माँ सरस्वती के चरणों में वंदन एवं दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी एवं जिला परियोजना समन्वयक योगेश शर्मा भी मौजूद थे।

विधायक नीरज सिंह ने अपने संबोधन में पुस्तक मेला को समाज को जोड़ने वाला एक महत्वपूर्ण नवाचार बताया। यह मेला एक ही छत के नीचे यह सभी सुविधाएं उपलब्ध कराकर अभिभावकों की चिंताओं को दूर कर रहा है।

विधायक पुस्तक मेला में लगे बुक बैंक स्टॉल की सराहना करते हुए कहा कि यह उन जरूरतमंद बच्चों के लिए एक बेहतरीन प्लेटफॉर्म है जो नई किताबें खरीद नहीं सकते।

## 1041 बूथों में सुनी गई प्रधानमंत्री के मन की बात



**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रतिमाह के अंतिम रविवार को आयोजित प्रधानमंत्री के मन की बात के कार्यक्रम को भाजपा जबलपुर के सभी 1041 बूथों में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा सहित समस्त जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने सुना।

उपमुख्यमंत्री मंत्री जगदीश देवड़ा एवं जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने पूर्व विधानसभा के सुभाष चंद्र बोस मंडल के अंतर्गत चित्रकांत शर्मा के निवास पर, सांसद आशीष दुबे ने स्वामी विवेकानंद मंडल में, राज्यसभा सांसद सुमित्रा वाल्मीक ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी मंडल में, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने आचार्य विद्यासागर मंडल में, विधायक अशोक रोहाणी ने भगत सिंह मंडल में, अभिलाष पांडे ने दीनदयाल मंडल में, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन ने विवेकानंद मंडल में, प्रभात साहू ने सुभाषचंद्र बोस मंडल में, महामंत्री पंकज दुबे ने रानी दुर्गावती मंडल में, रंजीत पटेल ने भगत सिंह मंडल में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के साथ सुना।

## चंद्रशेखर आजाद मंडल में प्रशिक्षण अभियान संपन्न

# संगठन में कार्यकर्ता भाव ही स्थाई बस भूमिकाएं बदलती रहती हैंः देवड़ा




**जबलपुर, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत उत्तर मध्य विधानसभा के चंद्रशेखर आजाद मंडल प्रशिक्षण महाअभियान का आयोजन रविवार को किया गया। जिसमें उद्घाटन सत्र में प्रमुख रूप से प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं जबलपुर के प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा ने कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण के दौरान संगठन में कार्य करने के मूल मंत्र दिए। इस दौरान विधायक डॉ. अभिलाष पाण्डेय, केंट विधायक अशोक रोहाणी, भाजपा जिलाध्यक्ष रत्नेश सोनकर प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने प्रशिक्षण को संगठन की एक सतत प्रक्रिया बताया और कहा कि प्रशिक्षण न केवल विचारधारा और नीतियों से हमें अवगत करवाता है बल्कि ये एक दूसरे को समझने और जानने का भी एक सशक्त माध्यम है। प्रशिक्षण में पार्षद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता कमलेश अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष पुष्पराज पाण्डेय, स्थानीय जनप्रतिनिधि, मंडल कार्यसमिति, मंडल अंतर्गत जिला पदाधिकारी और सक्रिय सदस्यों की उपस्थिति रही।

# कई माह से नहीं दिया वेतन थाने पहुंची टंडन की शिकायत

## कई बार निगमायुक्त से शिकायत कर चुके कर्मचारी



**जबलपुर, देशबन्धु।** बर्फानी सिक्योरिटी सर्विस कंपनी के द्वारा कर्मचारियों को वेतन का भुगतान न करने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। जिसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि कंपनी में सेवाएं दे रहे 25 से 30 कर्मचारी मदन महल थाने पहुंच गए, जहां उनकी शिकायत पर एनसीआर दर्ज की गई। बताया जा रहा है कि कुछ समय पूर्व ही बर्फानी एजेंसी को करीब चालीस लाख रुपए का भुगतान किया गया है और इसके बावजूद भी संचालक कर्मचारियों का वेतन नहीं कर रहा है। उल्टा बार-बार कर्मचारियों को खुद जनसुनवाई में पहुंचाकर निगम प्रशासन पर दबाव बनाने का प्रयास कर रहा है ताकि किन्हीं कारणवश जो पेमेंट होल्ड किया गया है, उसकी निकासी भी कराई जा सके। बता दें कि बर्फानी सिक्योरिटी एजेंसी आज से नहीं कई वर्षो से नगर निगम सहित अन्य शासकीय विभागों में ठेका ले रही है लेकिन हमेशा ही विवादों में रहती है।

## भंवरताल बनेगा जल संचयन का मॉडल

**जबलपुर, देशबन्धु।** शहर के हृदय स्थल भंवरताल उद्यान में अब वर्षा की हर बूंद को सहेजा जाएगा। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने स्थानीय गणमान्यजनों, जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में यहां एक सोकपिट निर्माण का भूमिपूजन कर जल संरक्षण के एक नए अध्याय की शुरुआत की है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जबलपुर की यह नई 'वॉटर क्रांति' है, जो एक मॉडल के रूप में जाना जायेगा। उन्होंने बताया कि भंवरताल जल संचयन का एक मॉडल तैयार होगा। उन्होंने इस पहल की सराहना की और सभी सम्माननीय जनों से भी आग्रह किया कि नगर निगम के इस अभियान में भागीदारी कर पुनीत कार्य में अपना योगदान प्रदान करें।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत उपमुख्यमंत्री ने किया श्रमदान



**जबलपुर, देशबन्धु।** उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने शासन के महत्वाकांक्षी 'जल गंगा संवर्धन अभियान' में सक्रिय सहभागिता की। ऐतिहासिक रानीताल तालाब पहुंचकर उन्होंने न केवल श्रमदान किया, बल्कि उपस्थित जनसमूह को जल स्रोतों के संरक्षण और उनके जीर्णोद्धार का संकल्प भी दिलाया। इस दौरान उपमुख्यमंत्री ने स्थानीय गणमान्यजनों, जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ मिलकर तालाब परिसर की सफाई की।

## रेलवे बोर्ड ने बिना मंजूरी फंड खर्च करने पर लगाई रोक




**जबलपुर, देशबन्धु।** भारतीय रेलवे की बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में बढ़ती फिजूलखर्ची और अनधिकृत व्यय को रोकने के लिए रेलवे बोर्ड ने अब बेहद सख्त रुख अख्तियार कर लिया है पश्चिम मध्य रेल (पमरे) सहित देश के सभी रेलवे जोनों में हजारों करोड़ रुपये के अनियंत्रित खर्च पर गंभीर चिंता जताते हुए बोर्ड ने वित्तीय अनुशासन का कड़ा पालन करने के निर्देश दिए हैं।

इस संबंध में रेलवे बोर्ड द्वारा सभी जोनल रेलवे के महाप्रबंधकों, उत्पादन इकाइयों और वरिष्ठ अधिकारियों को स्पष्ट चेतावनी जारी की गई है कि अब किसी भी रेल परियोजना में बिना पूर्व प्रशासनिक और तकनीकी स्वीकृति के एक भी रुपया खर्च नहीं किया जा सकेगा।

रेलवे बोर्ड के संज्ञान में यह गंभीर तथ्य आया है कि कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं में स्थापित सरकारी प्रक्रियाओं का उल्लंघन करते हुए पहले राशि खर्च कर दी जाती है और उसके बाद उसकी मंजूरी के लिए आवेदन किया जाता है। बोर्ड ने इसे वित्तीय पारदर्शिता के सिद्धांतों के विरुद्ध मानते हुए स्पष्ट किया है कि इस प्रकार की कार्यप्रणाली से न केवल विभाग का बजट प्रबंधन बिगड़ता है, बल्कि भविष्य की अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं के लिए आवंटित फंड का संतुलन भी असंतुलित हो जाता है। नियमों के इस सीधे उल्लंघन को रोकने के लिए अब रेलवे ने सिस्टम के भीतर खर्च से पहले मंजूरी के सिद्धांत को अनिवार्य बना दिया है। वित्तीय स्थिति को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से उठाए गए इस कदम के तहत अब अधिकारियों की व्यक्तिगत जवाबदेही भी तय की जाएगी। यदि किसी परियोजना में वित्तीय नियमों की अनदेखी पाई जाती है, तो संबंधित अधिकारियों को इसके लिए जिम्मेदार माना जाएगा।

# रादुविवि की 30 मार्च की परीक्षाएं स्थगित




**जबलपुर, देशबन्धु।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय ने आज 30 मार्च को आयोजित होने वाली अपनी सभी परीक्षाओं को अचानक स्थगित करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। यह फैसला मध्य प्रदेश शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा महावीर जयंती के सार्वजनिक अवकाश की तिथि में किए गए संशोधन के बाद लिया गया है शासन द्वारा जारी नए आदेश के तहत अब 31 मार्च के स्थान पर 30 मार्च को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है, जिसके परिपालन में विश्वविद्यालय प्रबंधन ने सोमवार को होने वाले सभी प्रश्नपत्रों की परीक्षाओं को आगे बढ़ाने का आधिकारिक सूचना पत्र जारी कर दिया है

विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग ने इस संबंध में स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा है कि केवल 30 मार्च की परीक्षाएं ही रोकी गई हैं, जबकि समय सारिणी में दर्ज अन्य सभी तिथियों की परीक्षाएं अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम और समय के अनुसार ही संचालित की जाएंगी स्थगित की गई परीक्षाओं के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन जल्द ही नई तिथियों की घोषणा करेगा, जिसकी जानकारी आधिकारिक वेबसाइट और संबंधित महाविद्यालयों के माध्यम से साझा की जाएगी विश्वविद्यालय ने छात्रों को किसी भी प्रकार की भ्रामक सूचनाओं से बचने और आगामी परीक्षाओं की तैयारी निरंतर जारी रखने की सलाह दी है इस अचानक हुए बदलाव से हजारों परीक्षार्थियों की योजनाएं प्रभावित हुई हैं, जिन्हें अब संशोधित समय सारिणी का इंतजार है।

## चार बसों से वसूला 47 हजार का चालान




**जबलपुर, देशबन्धु।** क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, जबलपुर की टीम ने दीनदयाल चौराहे से चुंगी नाका चौक के मध्य यात्री बसों के माध्यम से रास्ता रोकने वाले वाहन स्वामियों के विरुद्ध सख्त कदम उठाए गए । यह कार्रवाई कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में की गई है। प्रशासन को लगातार सूचना मिल रही थी कि इस व्यस्त मार्ग पर बसों को अनाधिकृत रूप से खड़ा किया जा रहा है जिससे यातायात बाधित हो रहा है। परिवहन विभाग की टीम ने जांच के दौरान बस क्रमांक एमपी 40 सीटी 6061, एमपी 15 जेडएल 5444, एमपी 19 पी. 3100 और एमपी 20 पीए 0501 को नियमों का उल्लंघन करते हुए पाया गया। इन सभी वाहनों पर चालानी कार्रवाई करते हुए कुल 47 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया है।

क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्रीमती रिंकू शर्मा ने स्पष्ट किया है कि सड़कों पर अवैध पार्किंग और यातायात में व्यवधान उत्पन्न करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। दीनदयाल चौराहे से लेकर चुंगी नाका चौक तक सुगम यातायात सुनिश्चित करने के लिए यह अभियान आगे भी सतत रूप से संचालित किया जाता रहेगा।

## जैविक हाट बाजार में ग्राहकों की बढ़ी भीड़...

# रासायनिक खाद और कीटनाशक युक्त सब्जियां अब नापसंद



**जबलपुर, देशबन्धु।** जिले में रासायनिक खाद और कीटनाशक युक्त हरी सब्जियां खाकर बीमार पड़ रहे लोगों को अब यह खाना रास नहीं आ रहा है ऐसे में इन दिनों कृषि उपज मंडी में जैविक हाट की ओर लोगों का रुझान बढ़ता जा रहा है। यहां उन्हें प्रत्येक रविवार को ताजी सब्जियां, फल-फूल और अनाज एक ही जगह मिलने से बहुत खुश नजर आ रहे हैं। रविवार को भी कृषि उपज मंडी परिसर में आयोजित किये गये जैविक हाट में बड़ी संख्या में खरीदार पहुंचे और न केवल बढ़-चढ़कर खरीदारी की। जैविक हाट की नियमित ग्राहक बनी आयना श्रीवास्तव ने कहा कि लोग अब कीटनाशकों और रासायनिक खादों से मुक्त ताजी सब्जियों और फलों को प्राथमिकता देने लगे हैं। जैविक हाट पहुंचे विनय कुमार ने बताया कि जैविक हाट के उत्पाद बाजार के उत्पादों की तुलना में ज्यादा स्वादिष्ट होते हैं। लक्ष्मी नारायण ने कहा कि ग्राहक सीधे किसानों से उत्पाद खरीद रहे हैं, जिससे उन्हें उत्पाद की शुद्धता और उसकी खेती के तरीके पर अधिक विश्वास होता है।

# सुर, ताल और लय की मधुर संगीत से श्रोता मुग्ध

## संगीताचार्य पंडित देशपांडे स्मृति समारोह’ का समापन




**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग अंतर्गत उस्ताद अलाउद्दीन खां संगीत एवं कला अकादमी द्वारा जिला प्रशासन भवरताल गार्डन में आयोजित दो दिवसीय संगीताचार्य पंडित सदाशिव भगवंत देशपांडे स्मृति समारोह के अंतिम दिवस शनिवार को उत्कृष्ट गायन, वादन एवं नृत्य की प्रस्तुतियां हुई। सुर, ताल और लय की मधुर संगति ने श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया, वहीं कलाकारों की साधना, समर्पण और अभिव्यक्ति ने भारतीय शास्त्रीय कलाओं की गरिमा को नई ऊँचाइयों तक पहुंचाया। विविध रंगों से सजी प्रस्तुतियों ने सांस्कृतिक विरासत की गहराई और व्यापकता का प्रभावी परिचय कराया। यह आयोजन न केवल कला-साधकों के लिए प्रेरणास्रोत बना, बल्कि संगीत और नृत्य के माध्यम से भारतीय संस्कृति की आत्मा को अनुभव करने का एक अद्वितीय अवसर भी सिद्ध हुआ है। प्रदेश एवं देश के आमंत्रित सुविख्यात कलाकारों का स्वागत उस्ताद अलाउद्दीन खां संगीत एवं कला अकादमी के निदेशक प्रकाश सिंह ठाकुर एवं उप निदेशक श्री शेखर करहाड़कर ने पुष्पगुच्छ भेंट कर किया। कार्यक्रम की पहली सभा सितार — सरोद जुगलबंदी की थी। इस विशिष्ट प्रस्तुति में जबलपुर के ही सजल सोनी (सरोद), अनुष्का सोनी (सितार) एवं आंशिक सोनी (सरोद) ने अपनी कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की शुरुआत राग किरवानी की गंभीर और भावपूर्ण प्रस्तुति से हुई। कलाकारों ने इस राग के विभिन्न आयामों को अत्यंत कुशलता से उकेरा, जिसमें आलाप, जोड़ और झाला के साथ-साथ कई पारंपरिक बंदिशों को भी प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। संगीतमय यात्रा को और भी सशक्त बनाया माधव सिंह ठाकुर ने, जिन्होंने तबला संगत में अपनी लयकारी और सटीक ताल से कार्यक्रम को जीवंतता प्रदान की। कार्यक्रम की दूसरी सभा सुखदेव चतुर्वेदी, मुंबई की ध्रुपद गायन की थी। कार्यक्रम की अंतिम प्रस्तुति कथक समूह नृत्य की थी। जबलपुर की गुणी नृत्यांगना नीलांगी कलंत्रे एवं साथी द्वारा यह प्रस्तुति दी गई। उनकी पहली प्रस्तुति गौरी रमण थी, जिसमें समुद्र मंथन का चित्रण किया गया।




## डॉ बसंत मिश्रा को ‘लाइफ टाइम अचीवमेंट’ एक्सिलेंस अवार्ड




**जबलपुर, देशबन्धु ।** कुरुक्षेत्र में आयोजित 8 वे हरियाणा अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह के अंतरराष्ट्रीय मंच पर नगर के वरिष्ठ वन्यजीव फोटोग्राफर व फोटो पत्रकार डॉ बसंत मिश्रा को 45 वर्षो से अनवरत देश विदेश के जंगलों में की गई वन्यजीव फोटोग्राफी और फोटो पत्रकारिता के लिए ‘लाइफ टाइम अचीवमेंट’ एक्सिलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया है। सोमनाथ सचदेवा कुलपति कुरुक्षेत्र वि वि, स्वामी ज्ञाननंद अंतरराष्ट्रीय गीता मनीषी, ललित बत्रा, अध्यक्ष, हरियाणा मानव आयोग, मोरक्को एंबेसी के वालिद हासवी, वियतनाम के प्रो. चोबाद क्यू, ओ माय गॉड के फिल्म निदेशक उमेश शुक्ला द्वारा उपस्थित रहे।

# भगवान महावीर स्वामी के जन्मकल्याण महोत्सव पर निकलेगी शोभायात्रा आज

**जबलपुर, देशबन्धु।** भगवान महावीर स्वामी में 2625 वें जन्मकल्याणक महोत्सव पर प्रात: 7:30 बजे शासनोदय तीर्थ हनुमानताल से विशाल शोभायात्रा निकाली जायेगी जो नगर के विभिन्न मार्गो से होकर बड़ा फुहारा कमानिया गेट मे समाप्त होगी। दोपहर 3 बजे बड़े फुहारे पर श्रीजी का अभिषेक संगीतमय पूजन एवं परम् पूज्य मुनि श्री निर्दोषसागर ससंघ के मंगल प्रवचन होंगे। रात्रि 9 बजे कमानिया गेट पर भावना जैन महिला मंडलकंचन विहार द्वारा नाट्य मंच होगा।



**मोक्ष के प्रेमी नाटक का हुआ मंचन-** जियो ओर जीने दो के प्रवर्तक वर्तमान शासन नायक सत्य अहिंसा अनेकान्तवाद के सिद्धांत को लेकर हमें जिनमार्ग को दिखाने वाले चौबीसवे तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक के पावन प्रसंग पर जैन नवयुवक सभा द्वारा आयोजित पंच दिवसीय कार्यक्रम के तीसरे दिन जन्म कल्याणक की पूर्व संध्या पर ' मोक्ष के प्रेमी ' नाटक का मंचन किया यह नाटिका गणेश प्रसाद वर्णी पाठशाला के बच्चों द्वारा की गई ओर प्रति वर्ष ऐसे आयोजन करती है इस नाटक मे पौराणिक कथाओ मे आये सेठ सुदर्शन की कथा का मंचन करते हुये यह बतलाया गया है की अपने ब्रम्हचर्य की रक्षा करते हुये कठोर तप के द्वारा उपसर्ग सहन करते हुये कैसे सेठ सुदर्शन ने मुक्ति को प्राप्त किया। कार्यक्रम के अतिथि अभिलाष पांडे विधायक, इंदु तिवारी विधायक, नीरज सिँह विधायक,अजय विश्नोई विधायक, रत्नेश सोनकर भाजपा नगर अध्यक्ष, सौरभ नाटी शर्मा कांग्रेस नगर अध्यक्ष, पूर्व राज्य मंत्री शरद जैन, महापौर जगत बहादुर सिँह अन्नू,पंचायत सभा अध्यक्ष कैलाश चंद्र जी, सुबोध कामरेट उपस्तिथ थे।

**महावीर जयंती पर प्रभात फेरी निकाली गई** - भंवरताल गार्डन मित्र मंडल के सदस्य और भंवरताल गार्डन के मॉर्निंग वॉकर्स ने सब ने प्रभात फेरी मैं हिस्सा लिया। जिसमें पूर्व विधायक विनय सक्सेना, संतोष जैन, विपिन जैन, डॉ नीलेश जैन, रवि जैन, जेठानंद खत्री, घनश्याम निरंकारी, रूपेश दुबे,अविनाश मोटवानी आदि उपस्थित रहे ।

# हिन्दू सेवा परिषद् चतुर्दश स्थापना दिवस एवं हिन्दू नव संवत्सर 2083 पर निकलेगी ऐतिहासिक गदा यात्रा

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी हन्दू सेवा परिषद् के चतुर्दश स्थापना दिवस एवं हिन्दू नव संवत्सर 2083 के उपलक्ष्य में आगामी 31 मार्च 2026 को गदा यात्रा एवं हिन्दू धर्म सभा का आयोजन होने जा रहा है। उक्त विषय में सभी सम्माननीय पत्रकार बंधुओं से चर्चा करने हेतु पत्रकारवार्ता का आयोजन किया गया जिसमें संपूर्ण आयोजन की समुचित जानकारी संगठन के पदाधिकारियों द्वारा प्रदान की गई है। वार्ता में परिषद् के प्रदेश अध्यक्ष अतुल जेसवानी एवं म ।आनर उपाध्यक्ष नितिन सोनपाली एवं समस्त पदाधिकारी गण मंचासीन है।

हिन्दू सेवा परिषद् के प्रदेश अध्यक्ष अतुल जेसवानी ने वार्ता प्रारंभ करते हुये बताया कि इस वर्ष 3 अखाड़ा लगातार यात्रा में प्रदर्शन करेंगे तथा 10 फुट की दादा भगवान श्री हनुमान की अनूठी मूर्ति आकर्षण का केन्द्र रहेगी। यह भी बताया कि 31 मार्च 2026 दिन मंगलवार को दोपहर 12 बजे नौद्ररा ब्रिज स्थित श्री हनुमान जी के मंदिर मे धर्म सभा एवं तत्पश्चात यात्रा प्रारंभ होकर करमचंद चौक, तुलाराम चौक,अंधेरदेव,खजांची चैक, फुहारा, लार्डगंज, सुपर मार्केट, मालवीय चौक, सिविक सेंटर में सम्पन्न होगी। 31 मार्च को गदा यात्रा में हिन्दू राष्ट्र की हुंकार भरी जाएगी तथा मुख्य से अतिथि के



रूप में हैदराबाद से पधारे टी. राजा सिंह जी हिंदुओं को मार्गदर्शन प्रदान करेंगे । यह भी बताया कि गदा यात्रा संस्कारधानी की पहचान बन चुका है तथा यह गदा यात्रा पुन: ऐतिहासिक बनेगी जिसमें संस्कारधानी के परमपूज्य संत महात्माओं की विशेष उपस्थिति के अलावा भारत वर्ष से मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य वक्ता टी राजा सिंह जी कार्यक्रम में उपस्थित होंगे।

# सकारात्मक विचार ही भविष्य की कुंजी : दीपा दीदी

**जबलपुर, देशबन्धु।** राजर्षि परमानंद भाई पटेल चैरिटेबल ट्रस्ट, जबलपुर द्वारा राजर्षि परमानंद भाई के 21वें पुण्य स्मृति दिवस के अवसर पर ‘नकारात्मक मनोभावों से मुक्ति’ विषय पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के प्रेमनगर स्थित शिव उपहार भवन में एक प्रेरणादायक व्याख्यान का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम में मुंबई से पधारी वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी दीपा दीदी जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि अपने आप को खुश रखना हमारी जिम्मेदारी है। नकारात्मकता से भरे वातावरण में भी सकारात्मकता की राह अपनाकर जीवन को सुखमय बनाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि कुछ नया प्राप्त करने के लिए नया सोचना होगा और नई सोच के लिए नई समझ आवश्यक है। कार्यक्रम के आरम्भ में डॉ. सोनल अमीन ने राजर्षि परमानंद भाई पटेल के व्यक्तित्व एवं उनके समाज उत्थान में योगदान पर प्रकाश डाला। डॉ. जितेन्द्र जामदार ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि ऐसे आयोजन लोगों को आत्ममंथन और आत्मपरिवर्तन के लिए प्रेरित करते हैं तथा आयोजक इस कार्य के लिए धन्यवाद के पात्र हैं।

अंत में ब्रह्माकुमारी विमला दीदी जी ने सभी उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया और सभी को अपने जीवन में राजयोग अपनाने का आग्रह किया।

# ईसाई समुदाय द्वारा पवित्र पाम सन्डे मनाया गया

**जबलपुर, देशबन्धु।** महागिरजा घर सेंट पीटर एंड पॉल कैथेड्रल सदर मैं पाम संडे बड़े ही धूम धाम से मनाया गया। पवित्र पाम सन्डे याने की खजुरी रविवार को ईसाई समुदाय के लोग प्रभु यीशु के यरूशलेम में आगमन को विजयी प्रवेश के रूप में मानते है। आज से पवित्र सप्ताह की भी शुरुवात होती हैं इस समय इस समुदाय के लोग 40 दिनों का उपवास करते है तथा वुशेष प्राथना मै लीन रहेते है, तथा इसका समापन ईस्टर के रूप में होता है, जिसमे प्रभु येशु की शिक्षा के अनुसार हमे एक दूसरे से प्रेम करना है, ईसाई समाज के लोग पाम सन्डे के दिन प्रभु यीशु के आगमन की खुशी में गीत गाकर इस दिन का स्वागत करते है। इस अवसर पर विशेष प्रार्थना जबलपुर डायसिस प्रमुख डॉ वल्लन अरासु ने अपने उपदेश मैं लोगो से कहा की हमे एक दूसरे के अपराध माफ करना चाहिए की हमरा हृदय पाप रहित रहे, तथा ईश्वर के प्रति हमे अपनी प्रतिबद्धता को हमेशा याद रखना चाहिए,जबलपुर डायसिस के विकार जर्नल एवेंम पल्ली पुरोहित फादर डॉ, डेविस जोर्ज एवेंम सह पल्लीपुरोहित जोनस मरकाम ने समस्त पल्लीवासियो को पाम सन्डे की सुभकामनाय दी।



## दैनिक राशिफल

**सोमवार 30 मार्च 2026 का पंचांग विक्रम संवत् 2083, शक संवत 1948 हिजरी 1447, चैत्र शुक्ल पक्ष द्वादशी, नक्षत्र- मघा**

मेष - आज संभलकर कदम रखने की जरूरत है। आसपास रहने वाले लोगों से विवाद हो सकता है। शारीरिक और मानसिक रूप से आप चिंता का अनुभव करेंगे। अनिद्रा के कारण स्वास्थ्य बिगड़ सकता है।

वृषभ - भावनाओं के बंधन में बंध जाने का अनुभव आपको होगा। आपके काम दिन में पूरे हो जाएंगे। भाई-बहनों से लाभ होगा। शारीरिक और मानसिक रूप से आप खुशी का अनुभव करेंगे।

मिथुन - आज सुबह आपका मन क्रोधित रहेगा। शारीरिक रूप से अस्वस्थ और मानसिक रूप से चिंता का अनुभव होगा। व्यर्थ धन खर्च होगा। विद्यार्थियों को अपेक्षित परिणाम नहीं मिलेंगे।

कर्क - आज का आपका दिन खुशी और आनंद के साथ गुजरेगा। आप कुछ अधिक ही संवेदनशील रहेंगे। आपकी कोई चिंता दूर हो सकती है। स्नेहीजन और मित्रों से मुलाकात सुखद रहेगी।

सिंह - आज वाणी में संयम रखें। स्नेहीजनों के साथ किसी बात पर विवाद हो सकता है। आय की अपेक्षा व्यय अधिक रहेगा। किसी कन्फ्यूजन में दिन गुजरेगा। स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें।

कन्या - आज का आप का दिन मध्यम फलदायी है। फिर भी शारीरिक और मानसिक रूप से सुख- शांति रहेगी। व्यावसायिक क्षेत्र में भी वातावरण अनुकूल रहेगा।

तुला - आज का दिन आप के लिए एकदम शुभ है। धार्मिक काम में मन लगेगा और देव-दर्शन का लाभ मिलेंगे। विविध क्षेत्रों में लाभ मिल सकता है। नौकरीपेशा लोगों को अधिकारियों से प्रोत्साहन मिलेगा।

वृश्चिक - आज का दिन आपके लिए शुभ है। नौकरीपेशा लोगों का टारगेट पूरा हो सकेगा। व्यापार में लाभ मिल सकता है। पार्टनरशिप के काम सफल रहेंगे। पिता से भी आर्थिक लाभ की संभावना दिख रही है।

धनु - किसी भी नए काम की शुरुआत आज न करें। किसी बात को लेकर मन में ग्लानि का भाव रहेगा। क्रोध पर नियंत्रण रखें। परिजनों के साथ वाद-विवाद न करें।

मकर - आज का दिन दोस्तों के साथ मौज-मस्ती में गुजरने वाला है। मनोरंजक एक्टिविटी में आपका मन लगेगा। भागीदारी से लाभ होगा। सुखद यात्रा का संयोग बनेगा।

कुंभ - आज का दिन पूरी तरह से शुभ फलदायी है। व्यापार करने वालों के लिए दिन अनुकूल रहेगा। शारीरिक और मानसिक रूप से आप स्वस्थ बने रहेंगे। दोस्तों के साथ बाहर जाने का कार्यक्रम बनेगा।

मीन - किसी बात की अशांति रहेगी। किसी कारणवश आकस्मिक धन खर्च आएगा। शारीरिक स्वास्थ्य भी अच्छा नहीं होगा। दोपहर के बाद घर में आनंद और शांति का वातावरण बन जाएगा।

# बड़ी खेरमाई में जवारे, नृत्य करतीं 9 देवियों की झांकियां और कलशों के साथ शोभायात्रा निकली

**जबलपुर, देशबन्धु।** गुप्त शक्तिपीठ मां श्री बड़ी खेरमाई मंदिर परिसर में चैत्र की नवरात्र पर विराजमान जवारों की भव्य विसर्जन शोभायात्रा सम्पन्न हुई । श्री बड़ी खेरमाई मंदिर मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष शरद अग्रवाल ने बताया कि जवारा शोभायात्रा अपने ऐतिहासिक और परम्परागत मार्ग से निकाली गई।जवारा शोभायात्रा का मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा मंच लगा कर स्वागत किया गया । बाजे-गाजे-ढोल-ढमाकों और भक्ति संगीत की मधुर धुनों के साथ निकली शोभायात्रा में आगे-आगे भाव खेलते पण्डा और बाना छेदे साधकों को देखकर लोग हैरत में पड़ गए। इसी के साथ नृत्य करतीं 9 देवियों की झांकियां और कलशों की शोभा देखते ही बन रही थी , श्रद्धा से नत हो रहे मस्तक स्वत: ही भगवती मातारानी का जयकारा लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे। जवारा शोभायात्रा में मन बड़ी खेरमाई माता की छवि का भव्य रथ आकर्षण का केंद्र रहा । मंदिर परिसर भानतलैया से शुरु हुई जवारा शोभायात्रा यहां से दुर्गा चौक होते हुए हनुमानताल से आगे राजा रसगुल्ला के सामने से होते हुए मिलौनीगंज की ओर बढ़ी जहां से घोड़ा नक्कास होते हुए जवारा शोभायात्रा हनुमानताल थाने के सामने स्थित घाट पर पहुंची। यहां पर पूरे विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर जवारों का विसर्जन किया गया। इस दौरान पुलिस-प्रशासन द्वारा सुरक्षा और व्यवस्था के चाक-चौबंद इंतजाम किए गए थे। जवारा शोभा यात्रा में माँ श्री बड़ी खेरमाई मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष शरद अग्रवाल , सचिव शशिकांत मिश्रा , उपाध्यक्ष अनिल पाल , महेंद्र जांगड़े , सुरेश आहूजा , जयकांत उपाध्याय , आशीष त्रिवेदी , दीपचंद साहू , राहुल चौरसिया , विनय केसरवानी , रोहित सेन, विशाल आहूजा , डी पी गूजर , गणेश रैकवार सहित जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में गणमान्य जन शामिल हुए ।



## चित्रांजलि का भव्य आयोजन 3 अप्रैल से नई दिल्ली में



**जबलपुर, देशबन्धु।** नई दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र में मूर्धन्य फोटो पत्रकार स्वर्गीय महेंद्र चौधरी की स्मृति में आयोजित 25वीं ‘चित्रांजलि’ राष्ट्रीय फोटो प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण एवं प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया जा रहा है।

इस विशेष अवसर पर ‘फेस्टिवल ऑफ इंडिया’ और ‘राम उत्सव’ राष्ट्रीय फोटो प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा।

# एक करोड़ लोगों से मुठ्ठी भर लेगी अनाज, गरीबों को बांटेगी

**जबलपुर, देशबन्धु।** अंतराष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल के महाकौशल प्रांत की महत्वपूर्ण बैठक विजय नगर स्थित कचनार क्लब में संपन्न हुई। बैठक में संगठन के आगामी लक्ष्यों और समाज सेवा के विभिन्न प्रकल्पों को धरातल पर उतारने की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई।

इस बैठक में हिंदू हेल्थ लाइन के राष्ट्रीय मंत्री डॉ. एल.बी. सिंह चंदेल (बेटू भैया) का विशेष मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। उन्होंने संगठन के कार्यकर्ताओं को हिंदू समृद्धि, सुरक्षा, सम्मान और स्वास्थ्य के क्षेत्र में समर्पित भाव से कार्य करने हेतु प्रेरित किया। सामुदायिक सहयोग: 1 लाख साप्ताहिक हनुमान चालीसा केंद्र स्थापित करना और 1 करोड़ घरों से ‘एक मुट्ठी अनाज’ का संग्रह कर 1 करोड़ जरूरतमंदों तक पहुँचाना। स्वास्थ्य सेवा: 1 लाख मुफ्त मेडिकल कैंप आयोजित करना, 1 करोड़ हिंदू साथियों का मुफ्त स्वास्थ्य परीक्षण (बीपी, शुगर, हीमोग्लोबिन, मोटापा) करना और प्रतिदिन एक रोगी को मुफ्त देखने वाले 30 हजार डॉक्टरों को जोड़ना। सामाजिक सुरक्षा एवं जागरूकता: जनसंख्या नियंत्रण कानून की आवश्यकता, महिला सुरक्षा प्रशिक्षण और राष्ट्र को आतंक मुक्त बनाने का संकल्प। बैठक में महाकौशल प्रांत के अध्यक्ष अभिषेक मालू, प्रांत महामंत्री डॉ. अशोक सोनी, प्रांत कार्यकारी अध्यक्ष अधि. प्रीति धनधारिया, प्रांत मंत्री अर्पित ठाकुर सहित महाकौशल प्रांत के 23 जिलों के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




## निधन

**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान**

**श्री रामनाथ शाह-** रेलवे क्रासिंग के पास गढ़ा रोड निवासी श्री रामनाथ शाह (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अनिल विश्वकर्मा-** बृजमोहन नगर छापर रामपुर निवासी श्री मदन विश्वकर्मा के पुत्र श्री अनिल विश्वकर्मा (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री विनोद कुमार विश्वकर्मा-** न्यू कंचनपुर अधारताल निवासी श्री विनोद कुमार विश्वकर्मा (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री भगवान दास लेखवानी-** द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री भगवान दास लेखवानी (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री निहाल वासवानी-** स्नेह नगर गढ़ा रोड निवासी श्री सुरेंद्र वासवानी के पुत्र श्री निहाल वासवानी (26) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री संतोष यादव-** चांदमारी लालमाटी पंचशील स्कूल रोड निवासी श्री संतोष यादव (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री धर्मेंद्र साहू-** कटंगा टीवी टावर के पास केंट निवासी श्री धर्मेंद्र साहू (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री विकसित शर्मा-** द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री मुकेश शर्मा के पुत्र श्री विकसित शर्मा (21) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**कु. रिंकी घोषी-** विनोबा नगर गुजराती मोहल्ला अधारताल निवासी श्री तीरथ प्रसाद घोषी की पुत्री कु. रिंकी घोषी (38) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**कु. कामनी भलावी-** शंकरशाह नगर रामपुर निवासी श्री मनोज भलावी की पुत्री कु. कामनी भलावी (21) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री अजय शर्मा-** नेपियर टाउन इनकम टैक्स आफिस के पास निवासी श्री अजय शर्मा (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती उमरावती देवी राम-** कांचघर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी श्री राधेश्याम राम की धर्मपत्नी श्रीमती उमरावती देवी राम (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री रामकृष्ण विश्वकर्मा-** नेता कॉलोनी अधारताल निवासी श्री रामकृष्ण विश्वकर्मा (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

# कलेक्शन एजेंट से लूट के मामले में पांच आरोपी गिरफ्तार, पैसे और लैपटॉप बरामद

**जबलपुर,देशबन्धु।** कटंगी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम झगरा में कलेक्शन एजेंट के साथ हुई लूट की वारदात का पुलिस ने खुलासा करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है. आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने लूट की नकद राशि, लैपटॉप और कंपनी से संबंधित महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद किए हैं. गिरफ्तार आरोपी पाटन, शहपुरा और दमोह जिले के विभिन्न क्षेत्रों के रहने वाले बताए जा रहे हैं।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दमोह जिले के ग्राम समना निवासी हेमेन्द्र पटेल एक निजी फाइनेंस कंपनी में कलेक्शन एजेंट के पद पर कार्यरत हैं. वह क्षेत्र में किस्तों की वसूली के लिए लगातार आवागमन करते रहते हैं. 26 मार्च को हेमेन्द्र पटेल मोटरसाइकिल से कटंगी होते हुए दमोह की ओर जा रहे थे. इसी दौरान झगरा गांव के पास उन्हें दो युवकों ने रोककर पेट्रोल मांगा।

बताया जा रहा है कि जैसे ही हेमेन्द्र ने अपनी मोटरसाइकिल रोकी, दोनों युवकों ने जबरन बाइक से पेट्रोल निकालना शुरू कर दिया. विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी. इसी बीच उनके तीन अन्य साथी भी मौके पर पहुंच गए और सभी ने मिलकर हेमेन्द्र पटेल के साथ मारपीट की. आरोपियों ने उनके पास मौजूद बैग छीन लिया, जिसमें करीब 27 हजार 500 रुपए नकद और एक लैपटॉप रखा हुआ था. वारदात को अंजाम देने के बाद



आरोपी मौके से फरार हो गए। घटना के बाद पीड़ित हेमेन्द्र ने राहगीरों की मदद से थाना कटंगी पहुंचकर पूरी घटना की जानकारी पुलिस को दी. शिकायत दर्ज होने के बाद पुलिस ने तत्काल मामले की जांच शुरू की और आरोपियों की तलाश में टीम गठित की गई।

जांच के दौरान ग्रामीणों की मदद से पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता मिली, जब एक आरोपी हर्ष बर्मन को स्थानीय लोगों ने पहचान कर पकड़ लिया. पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें उसने अपने चार अन्य साथियों के नाम उजागर किए. इसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी आरोपियों को अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों से लूट की पूरी रकम, लैपटॉप और अन्य दस्तावेज बरामद कर लिए गए हैं. साथ ही आरोपियों से शहर और आसपास के क्षेत्रों में हुई अन्य लूट की वारदातों के संबंध में भी पूछताछ की जा रही है.

प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी पहले से आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहे हैं और मौके की तलाश में रहते थे. पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि इस गिरोह ने अन्य किन-किन वारदातों को अंजाम दिया है.

पुलिस ने बताया कि मामले में आगे की कार्रवाई जारी है और आरोपियों को न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया जाएगा, ताकि और भी खुलासे हो सकें. इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में लोगों ने राहत की सांस ली है और पुलिस की तत्परता की सराहना की है।

## आयशर ट्रक के चालक ने ई-रिक्शा को मारी टक्कर

**जबलपुर, देशबन्धु।** थाना कोतवाली में विजय अहिरवार निवासी दमोहनाका जैन मंदिर के सामने कोतवाली ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह ऑटो चलाता है। होरीलाल टायर के सामने रोड किनारे दमोहनाका पर अपनी ई-ऑटो क्रमांक एमपी 20 जेडएक्स 2734 खड़ी करके चाय पी रहा था। उसकी ऑटो के सामने एक ई-रिक्शा क्रमांक एमपी 20 जेडडी 5604 का चालक अंकित अहिरवार एवं विशाल अहिरवार का ई-रिक्शा क्रमांक एमपी 20 आरए 0902 खड़ी थी। सभी लोग पास ही एक दुकान पर चाय पी रहे थे। उसी समय बल्देवबाग की ओर से आ रहे आयशर ट्रक क्रमांक यूपी 32 डब्ल्यूएन 4781 के चालक ने तेज गति व लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उसकी ई-रिक्शा में पीछे से टक्कर मार दी, जिससे उसका ई-रिक्शा क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे उसे लगभग 60 हजार रुपए का नुकसान हुआ है तथा दूसरा ई-रिक्शा क्रमांक एमपी 20 जेडडी 5604 एवं ई-रिक्शा क्रमांक एमपी 20 आरए 0902 में टक्कर लगने से क्षतिग्रस्त होकर क्रमशः 15 एवं 20 हजार रुपए का नुकसान हुआ है। पुलिस ने रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 281, 324(4) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला विवेचना में लिया है।

### गढ़ा थाने के पास अवैध अहाते में जड़ा ताला

# त्रिपुरी चौक पर शराब दुकान के खिलाफ महिलाओं का उग्र प्रदर्शन

**जबलपुर,देशबन्धु।** गढ़ा क्षेत्र स्थित त्रिपुरी चौक पर आज उस वक्त अफरा-तफरी का माहौल बन गया जब क्षेत्र की महिलाओं ने रणचंडी का रूप धारण कर शराब दुकान और वहां संचालित अवैध अहाते के खिलाफ मोर्चा खोल दिया. लंबे समय से इलाके में बढ़ती असामाजिक गतिविधियों और नशे के कारोबार से त्रस्त महिलाओं का गुस्सा रविवार को फूट पड़ा और उन्होंने भारी संख्या में एकजुट होकर शराब दुकान पर धावा बोल दिया. प्रदर्शनकारी महिलाओं ने न केवल मौके पर जमकर नारेबाजी की बल्कि विरोध स्वरूप शराब दुकान के शटर गिराकर वहां अपना ताला जड़ दिया। इस पूरे घटनाक्रम की सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि जिस शराब दुकान और अहाते के खिलाफ यह उग्र प्रदर्शन हुआ वह गढ़ा थाने से महज कुछ ही कदमों की दूरी पर स्थित है।

क्षेत्रीय महिलाओं का आरोप है कि पुलिस थाने की नाक के नीचे लंबे समय से अवैध अहाता संचालित हो रहा है जहाँ देर रात तक शराबियों का जमाव?ा लगा रहता है. इसके कारण इलाके से महिलाओं और बच्चियों का निकलना दूभर हो गया है और




आए दिन छेड़खानी व विवाद की स्थितियां निर्मित होती हैं. प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ भी जमकर अपनी नाराजगी जाहिर की और सवाल उठाया कि थाने के इतने करीब अवैध गतिविधियां कैसे फल-फूल रही हैं।

महिलाओं का कहना है कि उन्होंने कई बार मौखिक और लिखित शिकायतें कीं लेकिन जब कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो उन्हें मजबूरन खुद सड़क पर उतरकर दुकान बंद करानी पड़ी. मौके पर पहुंची पुलिस टीम को भी महिलाओं के भारी विरोध का सामना करना पड़ा और प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि इस शराब दुकान और अवैध अहाते को स्थायी रूप से यहाँ से नहीं हटाया गया तो वे उग्र आंदोलन जारी रखेंगी। हंगामे की सूचना मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और महिलाओं को समझाने का प्रयास किया. हालांकि महिलाएं लिखित आश्वासन और दुकान हटाने की मांग पर अड़ी रहीं. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार महिलाओं के इस अचानक प्रदर्शन से शराब दुकान के कर्मचारी भी सहम गए और भाग खड़े हुए. क्षेत्र में तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है. स्थानीय निवासियों ने महिलाओं के इस साहस का समर्थन करते हुए कहा कि रिहायशी इलाकों में शराब की दुकानें सामाजिक ताने-बाने को बिगा? रही हैं और पुलिस की चुप्पी अपराधियों के हौसले बुलंद कर रही है. समाचार लिखे जाने तक त्रिपुरी चौक पर तनावपूर्ण शांति बनी हुई थी और महिलाओं ने स्पष्ट कर दिया है कि वे अब पीछे नहीं हटेंगी।

## अज्ञात चोर कॉपर तार चुराकर ले गया

**जबलपुर, देशबन्धु।** थाना पाटन क्षेत्रांतर्गत कॉपर तार चोरी का एक मामला सामने आया है। थाना पाटन में अंकित कुमार कुशवाहा उम्र 46 वर्ष निवासी लोहारी पाटन ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह मोटर बाइंडिंग, पानी का पम्प एवं घरेलू उपयोग में आने वाले पंखे, मोटर आदि का रिपेयरिंग का काम करता है।

उसके घर की छत पर मोटर बाइंडिंग कॉपर का तार, जो कि मोटरों को सुधारते हुए निकला है रखा रहता है, जिसमें से कोई अज्ञात चोर लगभग दो ढाई क्विंटल कॉपर की तार कीमती लगभग 60 हजार रुपए का घर की छत से चोरी करके ले गया है। उसने 15 सितम्बर 2025 को कॉपर का वायर रखा था। 28 मार्च को देखा तो उसका कॉपर का तार चोरी हुआ है, जिसकी सही जानकारी उसे नहीं ज्ञात है, बीच-बीच उसके पड़ोस का रहने वाला रोहित कुशवाहा अपने घर के बिजली के तार का कनेक्शन करने उसके घर की छत पर आता-जाता रहता था। अंकित ने आशंका जताई है कि उसके घर की छत पर रखे कॉपर के तार की चोरी रोहित कुशवाह ने ही की है। पुलिस ने रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 305(ए), 331(1) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

# अवैध शराब के कारोबार में लिप्त 2 आरोपी गिरफ्तार

### सिहोरा पुलिस की कार्यवाही

**जबलपुर देशबन्धु।** सिहोरा थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार सिहोरा के ग्राम पौड़ा की ओर से सफेद रंग की कार में अवैध रूप से शराब लोड कर 2 व्यक्ति उक्त कार को कटनी की ओर ले जा रहे थे। सूचना पर एनएच 30 रोड सिहोरा में खुड़ावल मोड़ के पास दबिश दी गई। कुछ देर बाद मुखबिर द्वारा बताए नम्बर की कार क्रमांक एमपी 21 जेडजी 7413 पोंड़ा तरफ से आते दिखी, जिसे घेराबंदी कर रोका गया, जिसमें 2 व्यक्ति सवार थे, पूछताछ पर कार चालक ने अपना नाम अभय सिंह उर्फ विवेक ठाकुर (गौंड़) उम्र 31 वर्ष एवं कार चालक के बाजू में बैठे व्यक्ति ने अपना नाम ऐजाज अहमद उम्र 26 वर्ष दोनों निवासी भट्टा मोहल्ला थाना रंगनाथ जिला कटनी बताया, जिनकी तलाशी लेने पर कार में 24 पेटी अंग्रेजी शराब रखी मिलीं। उक्त शराब के संबंध में पूछताछ करने पर दोनों ने उक्त अंग्रेजी शराब को ग्राम पोंड़ा की शराब दुकान से खरीदकर अवैध रूप से कटनी ले जाना बताया।

आरोपियों के कब्जे से 24 पेटी अंग्रेजी शराब जिसमें 2 पेटियों में 24 बॉटल, 1 पेटी में ब्लेंडर प्राइड की 12 बॉटलें, 3 पेटियों में बैगपाइपर की 36 बॉटलें, 3 पेटियों में 8 पीएम की 36 बॉटलें, 2 पेटियों में बकार्डा मेंगो चिली की 24 बॉटलें, 2 पेटियों में सिग्नेचर विहिस्की की 24 बॉटलें, 2 पेटियों में आरएस कम्पनी के 96 पाव, 2 पेटियों में मैजिक मूमेंट कम्पनी के 95 नग पाव, 7 पेटी में गोवा विस्की के 349 पाव शराब कुल कीमती लगभग 2 लाख 14 हजार 200 रुपए एवं शराब खरीदने के लिए रखे 54 हजार 500 रुपए तथा शराब परिवहन में प्रयुक्त कार कीमती लगभग 12 लाख रुपए की जब्त करते हुए आरोपियों के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

अवैध शराब के कारोबार में लिप्त आरोपियों को कार में शराब परिवहन करते हुए रंगे हाथ पकड़ने में उपनिरीक्षक नन्हेलाल रजक, प्रधान आरक्षक गणेश्वर सिंह, आरक्षक आकाश सोनकर, नीरज, अनुज कंसाना, देवराज, अवधेश, ज्ञानप्रकाश, गोकुल, आरक्षक चालक शैलेन्द्र तिवारी की सराहनीय भूमिका रही।

## शराब पीने रुपए न देने पर युवक को धमका रहा बदमाश

**जबलपुर, देशबन्धु।** कटंगी थानांतर्गत वार्ड नंबर 14 में रहने वाले एक युवक को बदमाश शराब न पिलाने पर डरा-धमका रहा है। पहले तो बदमाश ने उसके परिजनों के साथ मारपीट की और अब उसे जान से मारने की धमकी दे रहा है, जिससे वह दहशत में है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पुलिस ने बताया कि शारदा रजक उम्र 26 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 14 कटंगी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह एचपी गैस एजेंसी कटंगी में डिलेवरी ब्वॉय का काम करता है। 28 मार्च रात लगभग 11 बजे वह एवं उसकी पत्नी और दोनों बेटियां खाना खाकर घर में सो रहे थे, तभी उसके घर के दरवाजे खटखटाने की आवाज आई। दरवाजा खोलकर देखा तो मोहल्ले का अमन कडेरे हाथ में डंडा लिए खड़ा था और जबरदस्ती उसे धक्का देकर उसके घर के अंदर घुस आया और शराब पीने के लिए एक हजार रुपए की मांग करने लगा। उसने पैसे देने से मना किया तो आरोपी उसके साथ गाली-गलौज करने लगा। शोरगुल सुनकर उसकी पत्नी शिखा एवं दोनों बेटियां भी जाग गई। पत्नी ने अमन को घर जाने के लिए कहा तो आरोपी उसके साथ भी गाली-गलोज करने लगा। गालियां देने से मना करने पर आरोपी ने डंडे से हमला कर उसके हाथ, पैर और कमर में चोट पहुँचा दी तथा जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया था। रविवार सुबह शारदा रजक अपने काम पर चला गया। दोपहर लगभग 12:45 बजे पत्नी शिखा ने फोन कर बताया कि अमन कडेरे घर के सामने खड़े होकर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दे रहा है। वह घर आकर देखा तो अमन उसके घर के सामने खड़ा था जो उसे देखकर बोल रहा था कि कल रात तूने शराब पीने के लिए रुपए नहीं दिए, अकेला मिलेगा तो जान से खत्म कर दूंगा कहते हुए भाग गया। पुलिस ने रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 296(ए), 115(2), 119(1), 351(2), 331(6) के तहत मामला पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया है।

## शराब पीने के लिए रुपयों की मांग कर मारपीट

**जबलपुर, देशबन्धु।** थाना पनागर में सनम चौधरी उम्र 19 वर्ष निवासी पुरैना ने रिपोर्ट दर्ज कराई वह मजदूरी करता है। 28 मार्च की दोपहर लगभग 2 बजे मोहल्ले के अर्पित लोधी उससे शराब पीने के लिए 500 रुपए की मांग रहा था, उसने रुपए देने से मना किया तो अर्पित लोधी जातिगत रूप से अपमानित करते हुए गाली-गलौज करने लगा, गालियां देने से मना करने पर आरोपी ने कटर से हमलाकर उसके चेहरे एवं गाल में तथा लाठी से हमला कर पैरों में चोट पहुंचा दी तथा जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। पुलिस ने रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 296, 118(1), 119(1), 351(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

इसी तरह थाना रांझी में संतोष कोल उम्र 25 वर्ष निवासी बड़ी माई मंदिर मानेगांव ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 28 मार्च की रात लगभग 8:30 बजे वह बड़ी माई मंदिर में भंडारे का कार्यक्रम में गया था, जहां मोहल्ले के शुभम कोल, करण कुमार कोल, चिन्टू कोल भंडारे में थे। उसी दौरान समीर वंशकार अपने 2 साथियों के साथ आया और गाली-गलौज करते हुए शराब पीने के लिए 500 रुपए की मांग करने लगा, उसने पैसे देने से मना किया तो तीनों उसके साथ मारपीट करने लगे तथा समीर वंशकार ने चाकू से हमलाकर उसके हाथ एवं आंख के ऊपर चोट पहुंचा दी। बीच-बचाव करने पर उसके भाई शुभम कोल के हाथ में चाकू लगने से चोट आई है। समीर बंशकार जान से मारने की धमकी देते हुए अपने साथियों के साथ भाग गया। रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 296(बी), 115(2), 119(1), 351(2), 3(5) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## विवाद पर फेंके बम

**जबलपुर, देशबन्धु।** थाना माढ़ोताल में सचिन उपाध्याय निवासी पानी की टंकी के पास मदर टेरेसा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 28 मार्च को अपने बड़े भाई आलोक उपाध्याय के साथ बाइक से ग्रीन सिटी होते हुए अपने घर जा रहे थे। वहीं सड़क किनारे सूर्या मलिक, देबू, गौरव पटेल खड़े थे, जिनसे उसका पुराना विवाद है। उसे देखते हुए उसका नाम लेकर तीनों गाली-गलौज करने लगे तथा उसे जान से मारने की नियत से सूर्या मलिक ने उस पर सुअरमार बम फेंक दिया, लेकिन वह झुक गया, जिससे वह बच गया।

## ई-रिक्शा ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए युवक को मारी टक्कर

**जबलपुर, देशबन्धु।** थाना गोहलपुर में शुभांशु साहू उम्र 30 वर्ष निवासी नक्षत्रनगर माढ़ोताल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह एलआईसी में ऑफिस वर्क करता है। 28 मार्च की रात लगभग 8 बजे दमोहनाका से अपनी ओला मोपेड क्रमांक एमपी 20 जेडक्यू 3674 से हनुमानताल की तरफ जा रहा था, जैसे ही वह कलेही माता मंदिर के सामने छोटा फुहारा के पहले रोड पर पहुंचा, तभी पीछे से आ रहा ई-रिक्शा क्रमांक एमपी 20 जेडपी 6773 के चालक ने तेज गति व लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उसकी मोपेड में टक्कर मार दी, जिससे वह गिर गया तथा उसके हाथ में चोट आ गई और उसकी मोपेड क्षतिग्रस्त हो गई है। ई-रिक्शा चालक ने अपना नाम पुष्पराज कोरी उम्र 37 वर्ष निवासी खाई मोहल्ला हनुमानताल बताया था, जो अत्यधिक शराब के नशे मे रिक्शा चला रहा था। रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 281, 125ए तथा मोटरयान अधिनियम की धारा 185 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## अधारताल में युवक ने लगाई फांसी

**जबलपुर, देशबन्धु।** अधारताल में अज्ञात कारणों से एक युवक ने फांसी लगाकर अपनी इहलीला समाप्त कर ली। थाना अधारताल में रूप सिंह विश्वकर्मा उम्र 40 वर्ष निवासी भट्टा मोहल्ला कंचनपुर ने बताया कि उसका लड़का सौरभ विश्वकर्मा ऑटो चलाता है। वह अपने काम से 28 मार्च को रात लगभग 10:30 बजे घर आया और सामान्य रूप से बातचीत कर खाना खाकर अपने कमरे में जाकर सो गया। सुबह लगभग 8 बजे सौरभ को आवाज देकर उठाने का प्रयास किया तो अंदर से आवाज नहीं आने पर दरवाजा खटखटाया। सौरभ की आवाज नहीं आने पर उसने डायल 100 को सूचना दी। दरवाजा खोलकर देखा तो सौरभ कमरे में पंखे के हुक से फांसी लगा ली है, जिसकी उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने सूचना पर मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

## हिरन नदी में डूबने से बालक की मौत

**जबलपुर, देशबन्धु।** नदी में डूबने से एक किशोर की मौत हो गई। थाना पाटन पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार बिहारीलाल गौंड़ उम्र 63 वर्ष निवासी ग्राम कोनीकला ने सूचना दी कि गत दिवस उसका नाती पुष्पेन्द्र उर्फराज गौंड़ उम्र 14 वर्ष घर से लगभग 10 बजे गांव के पास की हिरन नदी में नहाने गया था। सुबह लगभग 11 बजे गांव के बच्चों से पता चला कि पुष्पेन्द्र हिरन नदी के पानी में नहाते समय डूब गया है। वह अपने बेटे रामजी गौंड़ के साथ हिरन नदी के किनारे गया तो देखा पुष्पेन्द्र का नदी के किनारे पानी में डूबा गया है, जिसे शासकीय अस्पताल पाटन लेकर आए, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पंचनामा कार्यवाही कर शव को पीएम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

## खेत में मिला अज्ञात महिला का शव

**जबलपुर, देशबन्धु।** गोसलपुर में उस समय सनसनी फैल गई जब एक अज्ञात महिला का शव सड़ी-गली हालत में मिला। पुलिस ने सूचना पर मामला जांच में लिया है। गोसलपुर पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार 29 मार्च की शाम मोतीलाल दाहिया उम्र 64 वर्ष निवासी मोहतरा ने सूचना दी कि वह कोटवार है। विगत दिवस लगभग 5 बजे गांव के प्रेमलाल शुक्ला, जो लक्ष्मी नारायण ट्रस्ट की जमीन को सिकमी लेकर गेहूँ बोया है ने बताया कि उसके खेत में गेहू की कटाई हार्वेस्टर से चल रही थी, तभी खेत में किनारे तरफ एक अज्ञात महिला का शव सड़ी-गली हालत में पड़ा है।

## जुआ खेलने के लिए रुपए मांगकर की मारपीट

**जबलपुर, देशबन्धु।** जुआ खेलने के लिए रुपयों की मारपीट की घटना सामने आई है। थाना गोहलपुर पुलिस ने बताया कि 29 मार्च की शाम इरफान अंसारी उम्र 22 वर्ष निवासी ईदगाह के सामने गली गोहलपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह 28 मार्च की रात लगभग 2 बजे वह पुराना पुल से घर वापस आ रहा था, तभी उसके घर के पास रहने वाला आसिफ घर के पास मिला, जो उसे गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगा एवं उससे जुआ खेलने के लिए 5 हजार रुपये मांगने लगा। उसने रुपए देने से मना किया तो आसिफ ने चाकू से हमलाकर दाहिने जांघ में चोट पहुंचा दी तथा जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। उसके परिजन उसे उपचार के लिए विक्टोरिया अस्पताल ले गए, जहां से मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। पुलिस ने रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 296(बी), 118(1), 119(1), 351(3), 3(5) के तहत मामला पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया है।

## गुंडा टैक्स की मांग करते हुए बिल्डर के साथ की मारपीट

**जबलपुर, देशबन्धु।** थाना माढ़ोताल में अभय खरे उम्र 50 वर्ष निवासी बाबा बर्फानी नगर माढ़ोताल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह बिल्डर का काम करता है। विगत दिवस वह शाम लगभग 4:30 बजे वह जाबालिपुरम कॉलोनी सूखा में साइट में काम रहा था, तभी अनमोल तिवारी एवं अनिकेत पटेल आकर उससे बोले कि यदि सूखा में काम करना है तो उन्हें 10 लाख रुपए गुंडा टैक्स देना पड़ेगा। उसने पैसे देने से मना किया तो दोनों उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। उसका कर्मचारी सुरेश श्रीवास्तव बीच-बचाव करने आया तो आरोपियों ने सुरेश के बाएं पैर में रॉड से मारकर चोट पहुंचा दी और दोनों जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पुलिस ने रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 296(ए), 115(2), 119(1), 351(3), 3(5) के तहत मामला पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया है।



## सब्जी का ठेला लगाना है तो देने पड़ेगा टैक्स

**जबलपुर, देशबन्धु।** थाना हनुमानताल में हैदर अली उम्र 42 वर्ष निवासी बड़ा मदारछल्ला स्लॉटर हाउस के पास ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह सब्जी का ठेला लगाता है। विगत दिवस सुबह लगभग 11 बजे उसने बड़ा मदारछल्ला मैदान में सब्जी का ठेला लगाया था। उसके साथ उसका बेटा अता वारिस भी खड़ा था, तभी मोहल्ले का एक दबंग राशिद आकर बोला कि यदि यहां सब्जी का ठेला लगाना है तो 500 रुपए देने पड़ेंगे। उसने पैसे देने से मना किया तो आरोपी राशिद उसके साथ गाली-गलौज करते हुए चाकू से हमला कर दिया। हैदर ने अपना बचाव किया तो चाकू उसके बाएं हाथ की गदेली में लग गई, जिससे वह लहूलुहान हो गया। उसका बेटा अता वारिस उसे बचाने आया तो आरोपी ने उसके साथ भी मारपीट कर दी जिससे उसके दाहिने पैर के घुटने एवं कमर के पास चोट आ गई। आरोपी दोनों पिता-पुत्र को जान से मारने की धमकी देते हुए मौका-ए-वारदात से भाग गया। पुलिस ने रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 296(बी), 119(1), 351(3) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया है।

## तेज गति से वाहन चलाते हुए दो युवकों को मारी टक्कर, घायल

**जबलपुर, देशबन्धु।** थाना मझगवां में रवि कुमार राजपूत उम्र 32 वर्ष निवासी रिमझा थाना सिहोरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह ड्रायवरी करता है। वह अपने दोस्त सनी बैगा की बाइक क्रमांक एमपी 54 जेडबी 8551 से अपने काम से मनेरी जा रहा था। दोपहर लगभग 3:30 बजे वह गिदुरहा माइंस झिरिया मोड़ के पास पहुंचा, तभी मढ़ा बजार की ओर से आ रही मोटर-साइकल क्रमांक एमपी 20 जेडडब्ल्यु 2830 का चालक तेज गति लापरवाही से चलाते हुए सामने से उसकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे वह गया, जिससे उसके हाथ, पैर और कंधे में चोटें आ गईं। टक्कर मारने वाली बाइक में पीछे बैठे व्यक्ति को भी गिरने से चोट आई हैं। उसके साथी कन्हैया यादव ने डायल 112 को सूचना दी। घायलों को मझगवां अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 281, 125ए के तहत मामला पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया है।



# बाइक सवार युवक को ट्रक ने कुचला, मौके पर मौत



**पाटन, देशबन्धु।** तेज रफ्तार का कहर एक बार फिर पाटन-शहपुरा मार्ग पर देखने को मिला, जहां एक अज्ञात ट्रक ने बाइक सवार युवक को कुचलकर मौत के घाट उतार दिया। यह दिल दहला देने वाली घटना रविवार 29 मार्च को दोपहर लगभग 1 बजे सुरैया मोड़ के नजदीक की बताई जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, बाइक क्रमांक एमपी 20 एमएल 8665 से जा रहे पवन मेहरा उम्र 20 वर्ष, पिता मिलन मेहरा, निवासी सिमरिया, तहसील पाटन को एक तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयावह थी कि युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसा इतना भीषण था कि हीरो होंडा बाइक बीच से दो टुकड़ों में बंट गई, जिससे टक्कर की भयावहता का अंदाजा लगाया जा सकता है। घटना की सूचना मिलते ही पाटन पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पाटन सिविल अस्पताल पीएम के लिए भिजवाया गया। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और उसकी तलाश तेज कर दी गई है। इस दर्दनाक हादसे ने क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई है।

# टोइंग वैन बस सहित पुलिया से नीचे गिरी, एक घायल

**उमरिया, देशबन्धु।** जिले में बरबसपुर पुलिया के पास शनिवार सुबह एक बड़ा हादसा हो गया। कबाड़ बस को जबलपुर ले जा रही टोइंग वैन अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में जबलपुर निवासी मोहम्मद सद्दाम गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जा रहा है कि हादसे के समय एक अन्य युवक भी टोइंग वैन में सवार था, जो पूरी तरह सुरक्षित है।



घटना कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत बरबसपुर पुलिया की बताई जा रही है। हालांकि हादसे के कारणों का अभी तक स्पष्ट पता नहीं चल सका है, लेकिन मौके की स्थिति देखकर वाहन के अनियंत्रित होने की आशंका जताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही जिला प्रबंधक सत्येंद्र कुमार वर्मा ने तत्काल 108 एम्बुलेंस को मौके पर भेजा गया।घायल मोहम्मद सद्दाम को 108 एम्बुलेंस के माध्यम से जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार जारी है। बरबसपुर पुलिया अत्यंत संकीर्ण है, दोनों ओर से वाहन आने पर अक्सर स्थिति भयावह हो जाती है। इस पुलिया में पूर्व में भी इन्ही कारणों से और भी कई हादसे हो चुके हैं।

# शासकीय प्राथमिक शाला देशनगर के पांच बच्चों ने 85% से अधिक अंक किए हासिल

**गोसलपुर, देशबन्धु।** ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं होती, बस उसे सही मार्गदर्शन और कड़ी मेहनत की आवश्यकता होती है। इसका जीवंत उदाहरण जबलपुर जिले के विकासखंड सिहोरा के अंतर्गत आने वाले शासकीय प्राथमिक शाला देवनगर के विद्यार्थियों ने पेश किया है। कक्षा पांचवीं के परीक्षा परिणामों में विद्यालय के पांच होनहार छात्र-छात्राओं ने 85% से अधिक अंक प्राप्त कर न केवल अपने माता-पिता, बल्कि पूरे गांव और विद्यालय का नाम रोशन किया है।



**इन सितारों ने बिखेरी चमक**

कठिन परिस्थितियों और सीमित संसाधनों के बावजूद अपनी लगन और मेहनत से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों में सृष्टि कोरी, कशिश नामदेव, अंशिका कोल, नीतिश कोल और साहिल कोल शामिल हैं। इन बच्चों ने ग्रामीण परिवेश में रहते हुए नियमित पढ़ाई और शिक्षकों के मार्गदर्शन से यह सफलता प्राप्त की है। परिणाम घोषित होते ही गांव में खुशी का माहौल छा गया।

**वरिष्ठ शिक्षकों ने दी बधाई**

इस उपलब्धि पर विद्यालय परिसर में एक गरिमामयी कार्यक्रम का आयोजन कर बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक नरेंद्र शर्मा, शिवदत्त मिश्रा और आरती कुम्हार उपस्थित रहे। शिक्षकों ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि इन बच्चों की मेहनत अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा बनेगी। ग्रामीणों और परिजनों ने भी विद्यालय के शैक्षणिक स्तर और शिक्षकों के समर्पण की सराहना की है।

## सार-समाचार

### आनंद महोत्सव पर निकली विशाल वाहन रैली और भव्य शोभायात्रा

**बरेला, देशबन्धु।** नर्मदा खंड के प्रसिद संत परमहंस अनंत दादा ठनठन पाल महाराज के निर्वाण दिवस आनंद महोत्सव में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें सुबह भैरव बाबा मंदिर बरेला से विशाल वाहन रैली नगर भ्रमण के पश्चात श्री दादा जी की समाधि स्थल ग्राम जमुनिया में पहुंची एवं श्री दादा जी का पूजन आरती आनंद महोत्सव मंच द्वारा की गई। रैली में ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल सम्मिलित हुए और उन्होंने जमुनिया पहुंचकर दादा भगवान की पूजा-अर्चन कर आशीर्वाद लिया। इसी प्रकार बस स्टैंड स्थित मंदिर में दादाजी का अभिषेक, पूजन, चरण पादुका पूजन, हवन, ध्वजारोहण, आरती, कन्या भोज, भंडारे का कार्यक्रम सिद्पीठ दादा दरबार मंदिर समिति द्वारा आयोजित किया गया। रात्रि 8 बजे से भैरव बाबा मंदिर से श्री दादाजी की विशाल शोभायात्रा एवं भव्य कलश यात्रा आनंद महोत्सव मंच द्वारा निकाली गई। रैली में दादा ठनठन पाल महाराज की प्रतिमा के साथ ही दादा धूनी वाले एवं दादा केशवानंद महाराज एवं शिरडी वाले साइ बाबा की प्रतिमा चलायमान रहीं। यह जुलूस नगर भ्रमण के पश्चात थाने के सामने संपन्न हुआ।



**विशाल दादा जागरण आज**

आनंद महोत्सव मंच द्वारा आज सोमवार को विशाल दादा जागरण का आयोजन थाने के सामने रात्रि 8 बजे से किया गया है। आनंद महोत्सव मंच समिति दादा ठनठन पाल वेलफेयर ऑर्गनाइजेशन सहित सभी दादा भक्तों ने श्रद्धालु जनों से पहुंचकर धर्म लाभ अर्जित करने की अपील की है।

### पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए बांधे पानी के सकोरे



**गोसलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश में चल रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत भिन्न-भिन्न प्रकार की गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी तारतम्य में गद दिवस मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के तहत चयनित नवांकुर संस्था पौराणिक अद्भुत विद्या शोध संस्थान के द्वारा गोसलपुर के पुलिस थाना गौशाला, मंदिरों में लगे पेड़ों में पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए सकोरे बांधे गए। इस मौके पर संस्था के सचिव हेमचंद असाटी, थाना प्रभारी गाजीवती कोसाम, दीपक पटेल, रवि शंकर श्रीवास्तव, विजय दुबे, अमित जैन, बिहारी लाल रजक, अशोक गोस्वामी, अर्पित चौबे आदि मौजूद थे।

### हजारों दादा भक्तों ने देखी जय दादा ठनठनपाल फिल्म

**बरेला, देशबन्धु।** नर्मदा खंड के सुप्रसिद्ध संत, दादा ठन-ठन पाल महाराज की पावन लीलाओं पर आधारित संतोष कुमार सरगम द्वारा निर्देशित हिंदी फीचर फिल्म का भव्य विमोचन समारोह का आयोजन बस स्टैंड स्थित दादा दरबार के सामने किया गया। विमोचन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पनागर विधायक सुशील तिवारी, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतीक दुबे की उपस्थिति में जगद्गुरु स्वामी राघव देवाचार्य, स्वामी मुकुंद दास महाराज एवं अनूप दास महाराज के करकमलों से दादा ठनठनपाल पाल हिंदी फीचर फिल्म का विमोचन किया गया। फिल्म में संस्कारधानी की गायक कलाकार सुरभि गुप्ता, नम्रता गुप्ता की मनमोहक भजनों की प्रस्तुति में सभी ने दादा भजनों का श्रवण किया एवं आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर आयोजन समिति द्वारा फिल्म निर्माण समिति के सभी सदस्यों का सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में नगरवासी, क्षेत्रीय जनों ने उपस्थित होकर दादा जी के चमत्कारों का साक्षात अनुभव किया। हिंदी फीचर फिल्म के विमोचन कार्यक्रम में जय दादाभक्त फिल्म निर्माण समिति एवं दादा दरबार समिति एवं आयोजन समिति के सदस्यों सहित क्षेत्रीय नागरिकों का सहयोग सराहनीय रहा।

# पनागर में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत सार्वजनिक प्याऊ का शुभारंभ



**पनागर, देशबन्धु।** जल संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत बजरंग वार्ड स्थित हनुमान मंदिर परिसर में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जल शक्ति से नव भक्ति श्रमदान कार्यक्रम, जल संगोष्ठी एवं नगर चौपाल का भी आयोजन हुआ।

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड पनागर, नवांकुर संस्था सुनेहरा कल सेवा समिति एवं नगर विकास प्रस्फुटन समिति राम वार्ड के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रस्फुटन समिति के सदस्यों एवं स्थानीय नागरिकों की सक्रिय भागीदारी रही। उपस्थित जनों को जल संरक्षण के महत्व के बारे में बताते हुए 'जल है तो कल है' का संदेश दिया गया। सेक्टर प्रभारी धर्मेंद्र कुशवाहा ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशन में पूरे मध्यप्रदेश में यह अभियान जनभागीदारी, जनसहयोग एवं श्रमदान के माध्यम से संचालित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य आमजन को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करना है।

कार्यक्रम के पश्चात राम वार्ड समिति के अध्यक्ष राजेश कुमार सोनी द्वारा राहगीरों को गर्मी में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने हेतु हनुमान मंदिर परिसर में सार्वजनिक प्याऊ की व्यवस्था प्रारंभ की गई, जिसकी स्थानीय नागरिकों ने सराहना की। इस दौरान धर्मेंद्र कुशवाहा, राजेश कुमार सोनी, प्राची केवट, सचिन सराफ, विशाल विश्वकर्मा, सुलोचना केवट, सारिका केवट, रागिनी केवट, मेघना केवट, अशोक विश्वकर्मा, शिव दाहिया, चंदन केवट, जितेंद्र दुबे, हेमंत पटेल, श्रीराम गौतम, नितिन ठाकुर, रमेश पटेल, नंदन चौधरी, प्रमोद ओझा, कल्लू पटेल, पं. रविशंकर अवस्थी, विजय चौबे सहित अन्य वार्डवासी उपस्थित रहे। अंत में सभी का आभार व्यक्त किया गया।

## स्टेशन में चोरी करने वाले आरोपी को पकड़ा

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** रेलवे पुलिस ने मोबाइल चोरी करने और दूसरे दिन पुन: चोरी करने की नियत से रेलवे पुलिस स्टेशन में आने के दौरान पुलिस ने आरोपी को मोबाइल सहित गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी द्वारा मुसाफिरखाना से फरियादी का मोबाइल चोरी कर मोटर सायकल यामाहा वाहन क्रमांक एमपी 28 बीबी 2360 से भागता हुआ पाया गया, जिसकी पता तलाश हेतु टीम गठित की जाकर मुखबिर को मालूम किया गया।



आरोपी को गिरफ्तार करने में थाना प्रभारी निरीक्षक अरुणा वाहने, प्रधान आरक्षक राकेश कुमार परतेती, आरक्षक शुभम कराड़े, विजय कुमार, हीरालाल उइके, आरक्षक भूपेन्द्र चौधरी, विमलेश सिंह, जयप्रकाश सराठे, महिला आरक्षक साधना बघे की सराहनीय भूमिका रही।



## धार्मिक स्थलों के दर्शन के लिए विशेष बस यात्रा का आयोजन

**शहपुरा/भिटोनी, देशबन्धु।** नगर से बस ऑपरेटर उतम सिंह तोमर द्वारा नेपाल के पवित्र तीर्थस्थल स्थल का भ्रमण कार्यक्रम बनाया है, जिसमें नगर के प्रमुख परिवार के सदस्यों ने दर्शन किए। समाजसेवी पत्रकार राजेन्द्र बन्धु, निर्मल साहू, मधु अग्रवाल, अरविंद सिंह, पप्पू सिंह, महेश सोनी सहित अनेक परिवार यात्रा के लिए रवाना हुए। यह यात्रा 28 मार्च से प्रारंभ होकर लगभग 20 दिनों तक संचालित होगी। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को प्रयागराज स्थित त्रिवेणी संगम, वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर, अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि, गोरखपुर, गंगासागर, बाबा बैजनाथ धाम, जगन्नाथपुरी धाम सहित कई प्रमुख तीर्थस्थलों के दर्शन कराए जाएंगे। इसके अतिरिक्त नेपाल स्थित काठमांडू के धार्मिक स्थलों का भी भ्रमण शामिल है। आयोजकों के अनुसार यात्रा एसी एवं स्लीपर कोच बस के माध्यम से कराई जाएगी, जिसमें यात्रियों के लिए आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था रहेगी। यात्रा के दौरान धार्मिक अनुष्ठानों एवं पवित्र नदियों में स्नान का भी अवसर प्रदान किया जाएगा।

## मप्र बिजली कर्मचारी महासंघ कर्मचारियों की विभिन्न मांगों को लेकर बैठक आज

**शहपुरा/जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर जिले में निवासरत भारतीय मजदूर संघ से संबंधित अखिल भारतीय विद्युत मजदूर महासंघ एवं मध्य प्रदेश बिजली कर्मचारी महासंघ और मध्य प्रदेश बिजली कर्मचारी महासंघ पूर्व क्षेत्र/जेनरेशन कंपनी/ट्रांसमिशन कंपनी/सेवानिवृत्ति संघ के समस्त पदाधिकारी गण एवं सदस्यों को विदित हो कि मध्य प्रदेश बिजली कर्मचारी महासंघ के द्वारा कर्मचारियों की विभिन्न मांगों को लेकर जो आंदोलन किया जा रहा है, उसी से संबंधित बैठक का आयोजन आज बिजली कर्मचारी महासंघ रामपुर कार्यालय में शाम 5:15 से 6 बजे के बीच में आयोजन रखा गया है, जिसमें सभी की उपस्थिति अनिवार्य है। बैठक में पहुंचने का आग्रह राकेश रमन रैकवार मीडिया प्रभारी पूर्व क्षेत्र बिजली कर्मचारी महासंघ द्वारा किया गया है।



# पाइप-लाइन टूटने से ग्रामीणों का फूटा गुस्सा, रिंग रोड की जाम

**पनागर, देशबन्धु।** ग्राम पंचायत निभौरा में नल-जल योजना की पाइप-लाइन क्षतिग्रस्त होने से उत्पन्न जल संकट के विरोध में ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। आक्रोशित ग्रामीणों ने निर्माणाधीन रिंग रोड पर चक्काजाम कर प्रदर्शन किया, जिससे कुछ समय के लिए यातायात बाधित हो गया। जानकारी के अनुसार रिंग रोड निर्माण कार्य के दौरान संबंधित कंपनी द्वारा नल-जल योजना की पाइप-लाइन क्षतिग्रस्त कर दी गई थी। इसके चलते पूरे गांव में पेयजल की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई। ग्रामीणों का आरोप है कि उन्होंने इस संबंध में कई बार अधिकारियों और निर्माण कंपनी को शिकायत की, लेकिन समस्या का समाधान नहीं किया गया। लगातार अनदेखी से नाराज ग्रामीणों ने जवाहर केवट के नेतृत्व में रिंग रोड पर चक्काजाम कर विरोध जताया। प्रदर्शन में जग्गी केवट, राकेश केवट, शेरू केवट, जुगल केवट, रामराज केवट सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल रहे। चक्काजाम की सूचना मिलते ही रिंग रोड निर्माण कंपनी के अधिकारी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से चर्चा की। अधिकारियों द्वारा पांच दिनों के भीतर पाइप-लाइन को पुन: स्थापित करने का लिखित आश्वासन दिया गया, जिसके बाद ग्रामीणों ने आंदोलन स्थगित कर दिया। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि निर्धारित समय सीमा में समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे पुन: आंदोलन करने को बाध्य होंगे।



# भगवान महावीर के जन्म कल्याणक महोत्सव कार्यक्रम की श्रृंखला में तीसरे दिन स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**शहपुरा/जबलपुर, देशबन्धु।** अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद चंदन संभाग लॉर्डगंज शाखा द्वारा भगवान महावीर के जन्म कल्याणक महोत्सव कार्यक्रम की श्रृंखला में तीसरे दिन स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम भगवान महावीर के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन केंद्रीय उपाध्यक्ष डॉ. विमला चौधरी जैन, पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. कुसुम जैन, संभाग अध्यक्ष संध्या जैन शांत ने किया।

मंगलाचरण निधि जैन नेता एवं ध्वज वंदना निशा चौधरी साधना बड़कुल द्वारा किया गया। कार्यक्रम में 1 मिनट का विश्व शांति हेतु मौन रखा गया। अध्यक्ष मीना बड़कुल ने मंचासीन डॉ. विमला चौधरी, डॉ. कुसुम जैन, डॉ. नलिनी सिंघई, डॉ. शुभि जैन का स्वागत भाषण से एवं संजना जैन भानुप्रिया जैन, श्वेता मोदी, मीना बड़कुल द्वारा माला एवं स्मृति चिन्ह देकर किया गया। उद्बोधन डॉ. विमला चौधरी द्वारा किया गया एवं डॉ. नलिनी सिंघई ने हृदय रोग से बचाओ जीवन रक्षक जीवन शैली ही हमारे हृदय को स्वस्थ रख सकती है। डॉ. शुभि जैन ने दांतों की सुरक्षा की जानकारी दी एवं लगभग 50 हितग्राहियों की जांच की। शिविर में लगभग 70 हितग्राहियों ने थॉयराइड एवं शुगर की जांच कराई। शिविर में मणी जैन, मीना जैन, कल्पना जैन, रेखा जैन, पुष्पा ओसिन, अनुश्री गढ़वाल, मनीषा जैन, प्राचार्य दीप्ति जैन, सीमा जैन, सुशीला नेता, दीप्ति जैन, परिषद की सदस्यों की उपस्थिति रही। आभार प्रदर्शन भानुप्रिया जैन द्वारा किया गया। मीना बड़कुल ने बताया कि 30 मार्च को सुबह शोभायात्रा एवं रात्रि में 7:30 बजे लॉर्डगंज जैन मंदिर में वीरभक्ति नृत्य कार्यक्रम रहेगा।



# दुर्लभ खैर की लकड़ी से भरा ट्रक जब्त

**अनूपपुर, देशबन्धु।** जिले में वन विभाग ने दुर्लभ प्रजाति के खैर (कत्था) की अवैध तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक ट्रक जब्त किया है। यह कार्रवाई वन परिक्षेत्र बिजुरी की टीम ने रात्रि गश्त के दौरान की। हालांकि ट्रक चालक मौके का फायदा उठाकर अंधेरे में फरार हो गया, जिसकी तलाश जारी है। वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 28 मार्च की रात लगभग 9 बजे गश्ती दल मौहरी-गोढ़हा-बसखली मार्ग पर निगरानी कर रहा था। इसी दौरान हरियाणा नंबर एचआर 69 बी 6524 का एक तेज रफ्तार ट्रक संदिग्ध हालत में आता दिखाई दिया। टीम ने टॉर्च के सहारे ट्रक को रोककर तलाशी लेने का प्रयास किया, लेकिन चालक वाहन छोड़कर भाग निकला।

तलाशी के दौरान ट्रक में करीब 5 घन मीटर खैर (कत्था) की लकड़ी टुकड़ों में कटी हुई पाई गई, जिसे अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा था। जांच में चालक की पहचान मोहम्मद हारुन 33 वर्ष निवासी मुंडीगढ़ी जिला करनाल हरियाणा के रूप में हुई है। वन परिक्षेत्र अधिकारी पवन ताम्रकार ने बताया कि आरोपी के खिलाफ वन अपराध एवं अवैध परिवहन की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। जब्त ट्रक को वन परिक्षेत्र कार्यालय बिजुरी परिसर में सुरक्षित रखा गया है। उन्होंने यह भी आशंका जताई कि ट्रक के आगे-पीछे तस्करों की अन्य गाड़ियां भी चल रही थीं, जो मौके से फरार हो गईं। वन विभाग अब पूरे नेटवर्क की जांच में जुटा है। मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के अन्य जिलों की तरह अनूपपुर में भी खैर (कत्था) के हरे पेड़ों की अवैध कटाई और तस्करी तेजी से बढ़ रही है। तस्कर स्थानीय ग्रामीणों की मदद से पेड़ों को काटकर छोटे-छोटे टुकड़ों में परिवर्तित कर विभिन्न वाहनों से बाहर भेज रहे हैं। वन विभाग इससे पहले जैतहरी, अनूपपुर, राजेंद्रग्राम और शहडोल जिले में भी इसी तरह की कार्रवाई कर चुका है। लगातार हो रही तस्करी के कारण खैर (कत्था) के पेड़ों की संख्या में कमी आने लगी है।

## कनाडा ने शरणार्थी सिस्टम पर कसा शिकंजा, हजारों भारतीयों पर पड़ेगा असर

कनाडा ने देश की शरणार्थी प्रणाली के दुरुपयोग पर रोक लगाने के लिए नया कानून लागू किया है। इस कानून के तहत अब कनाडा में शरण लेने की कोशिश करने वाले लाखों लोगों पर असर पड़ेगा। बता दें, जस्टिन ट्रूडो की सरकार ने वीजा प्रणाली को सख्त कर दिया था, जिसकी वजह से कनाडा में मौजूद हजारों भारतीय छात्रों और नागरिकों ने शरणार्थी स्टेटस के लिए दावा किया था। इन दावों में बढ़ते उछाल को देखते हुए कनाडा सरकार ने पिछले हफ्ते ही नया कानून पारित किया। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक कनाडा के इमिग्रेशन सिस्टम को बेहतर बनाने के लिए बनाए गए इस कानून को बिल-12 के नाम से जाना जा रहा है। इस बिल के मुताबिक 24 मार्च 2020 के बाद कनाडा में आने वाले लोग अगर एक साल के बाद शरणार्थी स्टेट्स का दावा करते हैं, तो उस पर सुनवाई कम होगी। उनके दावे को इमीग्रेशन एंड रिफ्यूजी बोर्ड ऑफ कनाडा के पास नहीं भेजा जाएगा। इससे इन आवेदकों के लिए शरणार्थी स्टेटस मिलना मुश्किल हो जाएगा।हालांकि, कनाडाई सरकार के मुताबिक ऐसे व्यक्तियों के लिए शरणार्थी स्टेटस के रास्ते पूरी तरह से बंद नहीं किए गए हैं।

# एक तरफ बातचीत तो दूसरे ओर जमीनी हमले की साजिश रच रहा अमेरिका, ईरान ने खूब लताड़ा

**इनना।** ईरान ने अमेरिका पर बड़ा आरोप लगाया है। इसमें कहा गया है कि अमेरिका सिर्फ बातचीत का दिखावा कर रहा है। जबकि अंदरखाने वह एक गुप्त मिशन प्लान कर रहा है, जिसके तहत वह ईरान पर जमीनी हमले की तैयारी में है। यह बात ईरानी संसद के स्पीकर मोहम्मद बाघेर घालीबाफ ने कही है।

साथ ही उन्होंने यह भी चेतावनी दे डाली कि ईरान की सेना, अमेरिकी सैन्य बलों हमले के लिए पूरी तरह से तैयार है। इस दोहरे रवैये के लिए ईरानी संसद के स्पीकर ने डोनाल्ड ट्रंप को भी खूब लताड़ा लगाई है।



**दिखावा कुछ, अंदरखाने कुछ-** इरना समाचार एजेंसी द्वारा प्रकाशित कमेंट्स में, घालीबाफ ने ट्रंप की ईरान के साथ बातचीत करने की इच्छा पर उन्हें जमकर सुनाया। उन्होंने कहाकि दुश्मन खुलकर बातचीत संदेश भेज रहा है और गुप्त रूप से जमीन हमले की योजना बना रहा है। उन्होंने कहाकि हमारे लोग अमेरिकी सैनिकों के जमीन पर आने का इंतजार कर रहे हैं ताकि उन्हें आग लगा सकें।

**तीन पत्रकारों की मौत पर चिंता-** वहीं, ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने लेबनान में तीन पत्रकारों की मौत पर गहरी चिंता जतायी है। साथ ही इसे सिर्फ मीडिया जगत के लिए बड़ी क्षति ही नहीं, बल्कि वैश्विक चेतना के लिए एक गंभीर चेतावनी बताया है। रिपोर्ट के अनुसार, जेज्जीन शहर में एक हवाई हमले में अल मनार टीवी के पत्रकार अली शोएब और अल मयादीन के पत्रकार फातिमा और मोहम्मद फेटोनी की मौत हो गई। यह हमला इजरायल रक्षा बल द्वारा किया गया बताया जा रहा है। सोशल मीडिया पर जारी अपने बयान में अराघची ने इस हमले को टारगेट किलिंग करार दिया। उन्होंने कहाकि यह सच्चाई सामने लाने वाली आवाजों को खामोश करने की कोशिश है। उधर इजरायल की सेना ने अली शोएब की मौत की पुष्टि करते हुए दावा किया है कि वह हिजबुल्लाह का सदस्य था और पत्रकार के रूप में काम कर रहा था।

**क्या कह रहे हैं डोनाल्ड ट्रंप।** गौरतलब है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने होर्मुज जलडमरूमध्य खोलने के लिए ईरान को दी गई समयसीमा छह अप्रैल तक बढ़ा दी है। राष्ट्रपति ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए यह जानकारी दी। उन्होंने कहाकि वह ईरान के ऊर्जा संयंत्रों पर बमबारी को फिलहाल रोकेंगे। यह ताजा घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आया है जब युद्धविराम वार्ता को लेकर दोनों देश गतिरोध की स्थिति में दिखाई दे रहे हैं तथा उन्होंने अपने-अपने रुख कड़े कर लिए। पश्चिम एशिया में हज़ारों अतिरिक्त अमेरिकी सैनिक तैनात किए जाने के प्रयासों के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का कहना है कि अमेरिका ईरान के साथ युद्ध जीत रहा है। उन्होंने अमेरिका की मदद न करने के लिए नाटो देशों की कड़ी आलोचना की, लेकिन बाद में कहा कि उन्हें उनकी सहायता की जरूरत नहीं है। वह ईरान के लिए होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने की समय-सीमा दो बार बढ़ा चुके हैं।

# पहली बार सामने आए उड़ने वाले सांप, हवा में ही तय कर लेते हैं सफर, गुफाओं को बनाते हैं घर

कंबोडिया में तरह-तरह की गुफाएं हैं, जिन्हें पहली नजर में देखकर कोई भी आश्चर्यचकित रह सकता है। इन गुफाओं में अनगिनत प्रजातियां रहती हैं। कुछ तो ऐसे जीव हाल के समय में पाए गए हैं, जो दुनिया के और किसी हिस्से में नहीं रहते। कुछ समय पहले हुए एक सर्वे में बट्टमबांग के उत्तर-पश्चिमी प्रांत में स्थित गुफाओं में हैरान करने वाली प्रजातियां मिली हैं। इसमें उड़ने वाले सांप, बहुत छोटे घोंघे और मिलीपीड शामिल हैं। इसके अलावा, फिरोजी कलर का पिट वाइपर सांप भी पाया गया है। हवा में उड़ने वाले सांप को देखकर लोग हैरान रह गए। यह एक ऐसी प्रजाति है, जो पेड़ों से गुजरने के लिए अपने शरीर को चपटा करती और फिर उड़ते हुए आगे बढ़ती है। वह जमीन पर बिना उतरे हुए ही आगे का रास्ता कवर कर लेते हैं।

सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, ये सर्वे नवंबर 2023 से जुलाई, 2025 के बीच 10 पहाड़ियों पर स्थित 64 गुफाओं में किया गया था। कुछ समय पहले इसकी रिपोर्ट पब्लिश हुई है। वाइपर और गेको की तीन प्रजातियों को औपचारिक रूप से नाम दिया जा रहा है। एक्सपर्ट्स उनकी पहचान में जुटे हुए हैं। कंबोडिया के पथरीले कार्स्ट भू-भाग में मौजूद हर पहाड़ी और गुफा एक-दूसरे से पूरी तरह अलग-थलग है। ब्रिटेन स्थित संरक्षण संस्था फ्लोरा एंड फोना के अनुसार, जिसने कंबोडिया के पर्यावरण मंत्रालय और क्षेत्र विशेषज्ञों के साथ मिलकर यह सर्वेक्षण किया था, इनमें से हर एक जगह विकास की प्रक्रिया के लिए अपने आप में एक अलग द्वीप-प्रयोगशाला की तरह काम करती है। इन जगहों पर जीवन के ऐसे अनगिनत अनोखे रूप मौजूद हैं, जिन्होंने अपने विशिष्ट और सीमित परिवेश के अनुसार खुद को ढाल लिया है।

## आज का इतिहास

1899 – ब्रिटिश वकील सीरिल रैडक्लिफ़ का जन्म। इन्होंने भारत-पाकिस्तान विभाजन की रेखा तैयार की थी।
1908 – भारतीय महिला निशानेबाज़ खिलाड़ी यशस्विनी सिंह देसवाल का जन्म।
1908 – भारतीय अभिनेत्री देविका रानी का जन्म।
1919 – महात्मा गांधी ने रॉलेक्ट ऐक्ट के विरोध की घोषणा की।
1949 – राजस्थान राज्य की स्थापना। जयपुर को राजधानी बनाया गया।
1981 – अमेरिका के राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन पर एक बंदूकधारी ने वॉशिंगटन में गोली चलाई। घटना में 70 वर्षीय रीगन गंभीर रूप से घायल हुए।
1992 – फिल्मकार सत्यजीत रे को आस्कर लाइफ टाइम अचीवमेंट ऑनरेरी से नवाज़ा गया।
1997 – कांग्रेस ने 10 महीने पुरानी एचडी देवेगौड़ा सरकार से कमज़ोर नेतृत्व का हवाला देते हुए समर्थन वापस ले लिया, जिसके बाद एक साल में तीसरी बार सरकार बदली।

## सुडोकू 7225

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | | | 2 | 7 | 3 | |
| | | 1 | | 9 | | | | |
| 5 | | | | | 4 | 1 | | |
| 8 | | | 6 | | | | | 2 |
| | 3 | 4 | | | | 6 | 7 | |
| 7 | | | | | 1 | | | 8 |
| | | 9 | 7 | | | | | 3 |
| | | | | 1 | | 8 | | |
| | 8 | 2 | 4 | | | | 5 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## खरगे ने बालेंद्र शाह को दी प्रधानमंत्री बनने पर बधाई

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने नेपाल के नवनियुक्त प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह को पदभार ग्रहण करने पर हार्दिक बधाई दी है। खरगे ने सोशल मीडिया एक्स पर अपने संदेश में शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वह कांग्रेस की ओर से प्रधानमंत्री पद ग्रहण करने पर बधाई देते हैं। भारत-नेपाल संबंध अत्यंत गहरे और जन-से-जन संपर्क और साझा सांस्कृतिक विरासत पर आधारित हैं। मुझे विश्वास है हमारे मजबूत संबंध तथा साझेदारी आने वाले समय में और सुदृढ़ होगी, जिससे दोनों देशों के लोगों के लिए शांति, समृद्धि और पारस्परिक प्रगति को बढ़ावा मिलेगा।

## स्वप्ना बर्मन का चुनाव लड़ने का रास्ता साफ

**सिलीगुड़ी।** पश्चिम बंगाल में एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक विजेता एथलीट स्वप्ना बर्मन ने विधानसभा चुनाव लड़ने को लेकर उत्पन्न बाधा को पार कर लिया है। गौरतलब है कि तृणमूल कांग्रेस ने बर्मन को तृणमूल कांग्रेस जलपाईगुड़ी जिले की राजगंज विधानसभा सीट से उम्मीदवार बनाया है। अभी तक उनके चुनाव लड़ने पर संशय बरकार था क्योंकि इस्तीफे के बाद उन्हें रेलवे अधिकारियों से 'अनापत्ति प्रमाण पत्र' हासिल करने में काफी संघर्ष करना पड़ा।

## ओडिशा में पर्यटक बस पलटने से पांच की मौत

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के नयागढ़ ज़िले में दासपल्ला पुलिस स्टेशन के तहत तकेटा के पास शुक्रवार देर रात एक निजी पर्यटक बस के पलट जाने से कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई और 40 से ज्यादा अन्य घायल हो गए, जिनमें से दस की हालत गंभीर है। बस बेरहामपुर से बोलांगीर ज़िले में पर्यटन स्थल हरिशंकर जा रही थी तभी आधी रात के आसपास हनुमानगाड़ी रोड पर यह हादसा हो गया। बस में लगभग 60 यात्री सवार थे। सभी घायल यात्रियों को शुरू में दासपल्ला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। गंभीर हालत वाले यात्रियों को बाद में बेहतर इलाज के लिए जिला मुख्यालय अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया।

## गुजरात ने दस हजार एलपीजी शिकायतों का किया समाधान

**गांधीनगर।** गुजरात सरकार ने घरेलू एलपीजी कनेक्शनों से संबंधित 10,000 से अधिक शिकायतों का समाधान किया है और पेट्रोल, डीजल, गैस, उर्वरक और अन्य दैनिक आवश्यकताओं सहित आवश्यक वस्तुओं की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए व्यवस्थाओं को मजबूत किया है।

### एलपीजी संकट और पलायन

# सूरत से वापस अपने गांव जाने को मजबूर मजदूरों की कहानी

ओडिशा के गंजाम जिले के बुगुड़ा इलाके के रहने वाले 36 वर्षीय सुदर्शन महाकुंभ पिछले साल नवंबर में ही सूरत के लिए निकले थे। एक साल बाद घर आने की तैयारी थी, लेकिन देश में चल रहे एलपीजी संकट और ईरान युद्ध की वजह से सुदर्शन समय से पहले अपने गांव लौट रहे हैं।

इंडियन एक्सप्रेस से बात करते हुए सुदर्शन कहते हैं, पिछले तीन हफ्तों से खाने की गैस का इंतजाम करना बहुत मुश्किल हो गया है। हम जैसे कई मजदूरों के पास नियमित एलपीजी कनेक्शन नहीं है। हम ब्लैक मार्केट में मिलने वाले 5 किलो के सिलेंडर पर निर्भर हैं, लेकिन अब उसके लिए भी बाजार में 500 रुपये से ज्यादा मांगे जा रहे हैं।

**दिहाड़ी कम, खर्चे हो गए ज्यादा-** यह कहानी सिर्फ सुदर्शन की नहीं है। ईरान युद्ध के चलते हालात बिगड़ने के बाद सूरत में काम करने वाले ओडिशा के कई मजदूर अपने घर लौटने को मजबूर हो गए हैं। ज्यादातर मजदूर गंजाम जिले के बुगुड़ा इलाके के ही हैं। इनकी रोज की दिहाड़ी 300 से 700 रुपये के बीच है, लेकिन महंगाई बढ़ने और एलपीजी संकट गहराने के बाद ये अपनी बुनियादी जरूरतें भी पूरी नहीं कर पा रहे हैं। 27 वर्षीय राकेश राउत बताते हैं, पिछले दो-तीन दिनों से हम घर के बाहर खाना बना रहे थे, लेकिन हमारे मकान मालिक ने ऐसा करने से भी मना कर दिया। वह हमें इंडक्शन स्टोव इस्तेमाल करने की भी अनुमति नहीं दे रहे थे। ऐसे में घर लौटने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा।

**लॉकडाउन का डर, कोरोना की यादें-** पिछले हफ्ते गंजाम जिले के गुणधार गांव के रहने वाले दिलीप कुमार भी अपने परिवार के साथ गांव लौट आए। वह अपनी पत्नी और 7 साल के बच्चे के साथ घर पहुंचे। दिलीप कहते हैं, एक सिलेंडर रिफिल कराने के लिए कई घंटे लाइन में लगना पड़ता था, लेकिन फिर भी कोई गारंटी नहीं होती थी कि उसी दिन गैस मिल जाएगी।

सूरत में काम करने वाले इन प्रवासी मजदूरों को अफवाहों की वजह से भी कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। सरकार ने सामने आकर साफ किया है कि कोई लॉकडाउन नहीं लगाया जा रहा है, लेकिन इसके बावजूद लोग अब भी डरे हुए हैं। गंजाम के ही एक अन्य निवासी का कहना है, अगर लॉकडाउन लग गया तो फिर कोरोना जैसी स्थिति पैदा हो जाएगी।

# गैंगस्टर जैसी सोच वाले... अमेरिकी विशेषज्ञ ने ट्रंप और उनके दामाद कुशनर को लताड़ा

अमेरिका के मशहूर अर्थशास्त्री जैफ्री सैक्स ने ट्रंप प्रशासन को गैंगस्टर जैसी सोच वाला बताया। ट्रंप के दामाद जेरेड कुशनर और मुख्य दूत विटकॉफ पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि इनके पास न तो कोई विशेषज्ञता है और न ही किसी विषय की गहरी समझ है पश्चिम एशिया में ईरान पर हमला करके फंस चुके ट्रंप की चारों तरफ से आलोचना हो रही है। अमेरिका के शीर्ष अर्थशास्त्री जैफ्री सैक्स ने ट्रंप प्रशासन पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि कुछ गैंगस्टर जैसी सोच वाले लोगों ने सत्ता पर कब्जा कर रखा है। ट्रंप के दामाद कुशनर और प्रमुख सलाहकार स्टीव विटकॉफ को सीधे लताड़ लगाते हुए कहा कि इन लोगों को न तो समझ है और न ही किसी विषय पर गहरी पकड़। एएनआई से बात करते हुए सैक्स ने ईरान युद्ध को लेकर अमेरिका की नीति को भी पूरी तरह से गलत ठहराया। उन्होंने कहा कि इस गैंगस्टर जैसी सोच वाले समूह ने न सिर्फ जल्दबाजी में बल्कि बिना किसी योजना के हमला कर दिया। अब अमेरिका ऐसी स्थिति में फंस गया है, जहां से निकलना आसान नहीं है। उन्होंने कहा, अमेरिका जैसे देश में एक आयोग्य बुजुर्ग व्यक्ति द्वारा गलत फैसले लिए जा रहे हैं। उसके साथ में कुछ ऐसे लोग हैं, जो कि पूरी तरह से अक्षम हैं। स्टीव विटकॉफ, जेरेड कुशनर... यह कुछ नाम हैं, जिन्होंने सत्ता पर कब्जा किया हुआ है। यह लोग गैंगस्टर जैसी सोच वाले हैं।

# अमेरिकी मीडिया का दावा, ईरान में कई हफ्तों तक जमीनी सैन्य अभियानों की तैयारी कर रहा पेंटागन

**न्यूयॉर्क।** पेंटागन ईरान में कई हफ्तों तक चलने वाले जमीनी सैन्य अभियानों की तैयारी कर रहा है, क्योंकि हजारों अमेरिकी सैनिक और मरीन मध्य पूर्व में पहुंच रहे हैं। द वॉशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक यदि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप संघर्ष को और बढ़ाने का फैसला लेते हैं, तो यह युद्ध के एक खतरनाक चरण में बदल सकता है। अधिकारियों के हवाले से अखबार ने कहा कि कोई भी संभावित जमीनी अभियान पूर्ण पैमाने पर आक्रमण से कम होगा और इसमें विशेष अभियान बलों (स्पेशल ऑपरेशंस फोर्सेज) और पारंपरिक पैदल सेना के मिश्रण द्वारा छापेमारी शामिल हो सकती है। अधिकारियों ने यह जानकारी गुमनाम रहने की शर्त पर दी रिपोर्ट में कहा गया है कि ऐसे मिशन में अमेरिकी सैनिकों को कई तरह के खतरों का सामना करना पड़ सकता है, जिनमें ईरानी ड्रोन और मिसाइल, जमीनी गोलीबारी और अस्थायी विस्फोटक (आईईडी) शामिल हैं। साथ ही, हाल के दिनों में ट्रंप प्रशासन कभी यह कह रहा है कि युद्ध खत्म होने की ओर है तो कभी इसे और तेज करने की चेतावनी दे रहा है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने जोर देकर कहा कि अमेरिका बिना जमीनी सैनिकों के भी अपने सभी उद्देश्यों को हासिल कर सकता है, लेकिन द वॉशिंगटन पोस्ट के अनुसार योजना काफी आगे बढ़ चुकी है।

## वर्ग पहेली 7225

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ३ | ■ | ४ | | ५ | |
| | ■ | | ■ | ६ | | | ■ | | ■ |
| ७ | | | ■ | | ■ | ८ | | | ९ |
| | ■ | | ■ | १० | | | ■ | ■ | |
| ■ | ११ | | १२ | | ■ | ■ | १३ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १४ | | | ■ | |
| १५ | | १६ | | ■ | | ■ | १७ | १८ | |
| | ■ | | ■ | १९ | | २० | ■ | | ■ |
| २१ | | | ■ | | ■ | २२ | | | २३ |
| | ■ | २४ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. समाज-विरोधी
४. किसी कार्य के पूरा करने के लिए मिलने वाली शासकीय सहायता राशि
६. पकड़ना, रोकना, संभालना
७. हुकूमत करने वाला अधिकारी (उर्दू)
८. किसी फल आदि का पकने के करीब होना
१०. अनाथ (उर्दू)
११. बांटने वाला
१३. वध करना
१४. किन्तु
१५. रेतने या चीरने वाला
१७. उपाधि, पदवी (उर्दू)
१९. पाठ, अनुच्छेद
२१. निषेध
२२. बड़प्पन
२४. झुका हुआ सिर

**ऊपर से नीचे:-**

१. ठहाका, जोर की हँसी
२. अपमानित, बेइज्जत
३. किसी कहानी का प्रधान पात्र
४. अप्राप्ति, न आना
५. वृत्त, गोलाकार(उर्दू)
९. अनुचित, अनुपयुक्त (उर्दू)
११. संकट
१२. रखवाला
१३. मां का भाई
१४. सूर्यवंशी राजाओं की राजधानी
१५. असमानता. जटिलता
१६. नीरस
१८. शवाच्छादन (उर्दू)
१९. नीच, दुष्ट, पापी
२०. सेना का व्यूह, एक काव्यालंकार
२३. सरोवर

### वर्ग पहेली-7224

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ प्र | या | २ स | र | ३ त | ■ | ४ वि | धि | ५ प | त्र |
| भा | ■ | मू | ■ | ६ ह | म | ल | ■ | ह | ■ |
| ७ क | ल | ह | ■ | की | ■ | ८ ह | म | रा | ९ ही |
| र | ■ | गा | ■ | १० का | नू | न | ■ | ■ | ल |
| ■ | ११ ज | न | १२ हि | त | ■ | ■ | १३ त | बा | ह |
| ■ | ल | ■ | मा | ■ | १४ इ | त्ति | ला | ■ | वा |
| १५ मु | ना | १६ सि | ब | ■ | रा | ■ | १७ शी | १८ त | ला |
| क्त | ■ | या | ■ | १९ आ | दा | २० ता | ■ | नि | ■ |
| २१ ह | व | स | ■ | लं | ■ | २२ सी | मां | क | २३ न |
| स्त | ■ | २४ त | ल | ब | गा | र | ■ | ■ | भ |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

**निर्देश** | नीतीश ने पटना शहर स्थित विभिन्न निर्माणाधीन योजनाओं का किया निरीक्षण

# सभी योजनाओं को तेजी से पूर्ण करें अधिकारी : नीतीश कुमार

**पटना, (एजेंसियां)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को पटना शहर स्थित विभिन्न निर्माणाधीन योजनाओं का निरीक्षण किया और अधिकारियों से तेजी से कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को डॉ. राजेन्द्र प्रसाद समाधि स्थल के पास निर्माण कराए जा रहे लोकनायक जय प्रकाश नारायण पार्क (बिहार गौरव पार्क) के निर्माण कार्य का स्थल निरीक्षण किया।**

पटना में बांस घाट के पास लोकनायक जय प्रकाश नारायण पार्क का निर्माण लोकनायक के सम्मान में किया जा रहा है। कुमार ने निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिया कि भारत के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की समाधि स्थल के पास इस पार्क का निर्माण बेहतर ढंग से कराएं।

उन्होंने कहा कि इस पार्क के निर्माण से इस क्षेत्र के लोगों को काफी फायदा होगा। इस थीम पार्क के एक तरफ देशरत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद का समाधि स्थल है, वहीं दूसरी ओर जेपी गंगा पथ अवस्थित है, यहां का दृश्य काफी मनोरम



■ बेहतर ढंग से कराया जाए बिहार गौरव पार्क का निर्माण

होगा। गौरतलब है कि देश के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की समाधि स्थल एवं जे.पी गंगा पथ के बीच 10 एकड़ भूमि में (बिहार गौरव पार्क) का निर्माण कराया जा है। इस पार्क में बिहार के गौरवपूर्ण इतिहास एवं संस्कृति के विभिन्न अवयवों को प्रदर्शित किया जाएगा। थीम पार्क में बिहार की महान विभूतियों-आर्यभट्ट, चाणक्य, सम्राट अशोक, लोकनायक जयप्रकाश नारायण एवं दशरथ मांझी की प्रेरणादायक गाथाओं को उद्धृत किया जाएगा।

पार्क में बिहार की स्थापत्य कला नालंदा, विक्रमशिला, धार्मिक स्तूप, मंदिरों एवं मकबरों को दर्शाया जाएगा। साथ ही पर्यटकों के खाने-पीने की व्यवस्था एवं खेल मैदान का निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की याद में उनके वर्तमान स्मारक स्थल पर एक भव्य स्मृति परिसर का निर्माण भी किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने बांस घाट स्थित नए मुक्ति धाम परिसर का निरीक्षण किया और वहां की सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि लगभग साढ़े चार एकड़ भूमि में बांसघाट शवदाह गृह का नवीनीकरण कार्य कराया गया है। यहां दाह संस्कार की सुविधाओं के साथ-साथ नागरिक तथा धार्मिक एवं सांस्कृतिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। कुमार ने बांस घाट स्थित पुराने शवदाह गृह परिसर का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने इसे बेहतर ढंग से बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि जो नया मुक्ति धाम बना है उसके साथ-साथ इस पुराने शवदाह गृह परिसर में भी सारी सुविधाएं उपलब्ध कराएं। कुमार ने गांधी मैदान के निकट बनाए जा रहे हाट के निर्माण कार्य का भी जायजा लिया। उन्होंने सभ्यता द्वार से कलेक्ट्रेट घाट तक निर्माण कराए जा रहे सैरगाह का स्थल निरीक्षण किया।

अधिकारियों ने कुमार को मैप के माध्यम से बताया कि सभ्यता द्वार से कलेक्ट्रेट घाट तक सैरगाह की सुविधा होगी, जिसमें यहां आनेवाले लोगों के लिये पैदल पथ, स्ट्रीट लाइट, सिटिंग एरिया, छतरीनुमा स्तंभ सहित अन्य सुविधायें उपलब्ध होंगी।

# खेल जगत

## जब भी मैं खेलने आता हूं, 120 प्रतिशत के साथ आता हूं : कोहली

**बेंगलुरु।** विराट कोहली ने टी-20 क्रिकेट में वापसी करते हुए 38 गेंदों पर 69 रन बनाए और गत विजेतारॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को सनराइज़र्स हैदराबाद (एसआरएच) के खिलाफ पहले ही मैच में जीत दिलाई। जीत के बाद उन्होंने कहा कि इस फॉर्मेट से दूर बिताए गए समय से उन्हें तरोताजा व उत्साहित रहने और 120 प्रतिशत के साथ लौटने में मदद मिली। कोहली का आखिरी टी20 मैच आईपीएल 2025 फाइनल था, जिसे आरसीबी ने जीतकर अपना पहला आईपीएल खिताब हासिल किया था। उन्होंने अपने टाइटल डिफेंस की शुरुआत 202 रन के लक्ष्य को 15.4 ओवर में हासिल करके की। इस चेज़ में कोहली नाबाद रहे। उन्होंने कहा कि 'देखिए, पिछले 15 साल में जिस तरह का शेड्यूल रहा है और मैंने जितना क्रिकेट खेला है, मेरे लिए हमेशा थकान का जोखिम ज्यादा था। इसलिए ये ब्रेक मेरे लिए बहुत मददगार रहे। मैं तरोताज़ा और उत्साहित रहता हूं। जब भी मैं खेलने लौटता हूं, 120 प्रतिशत के साथ लौटता हूं। मैं बिना तैयारी के वापस नहीं आता।




# जीत के साथ अभियान की शुरुआत करना चाहेगा राजस्थान रायल्स-चेन्नई सुपर किंग्स

## मांसपेशियों में खिंचाव की वजह से धोनी दो हफ्तों के लिए टीम से हुए बाहर

- इस मुकाबले में संजू सैमसन पर सभी की निगाहें होंगी
- चेन्नई में उभरते हुए खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिला

गुवाहाटी, 29 मार्च (एजेंसियां)। इंडियन प्रीमियर लीग (2026) में सोमवार को सीजन-1 की विजेता राजस्थान रॉयल्स (आरआर) का सामना पांच बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) से होगा। यह मुकाबला बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा, जिसमें दोनों ही टीमें जीत के साथ अपना अभियान शुरू करना चाहेंगी। इस मुकाबले में संजू सैमसन पर सभी की निगाहें होंगी, जो उस टीम के विरुद्ध खेलने उतरेंगे, जिसकी कप्तानी कर चुके हैं। उनकी कप्तानी में राजस्थान रॉयल्स साल 2022 में फाइनल तक पहुंची थी, लेकिन आज ये खिलाड़ी सीएसके की जर्सी में है। संजू सैमसन टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में भारत की खिताबी जीत के हीरो रहे थे। उन्होंने वेस्टइंडीज, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के खिलाफ लगातार तीन मुकाबलों में अर्धशतक जड़े थे। दूसरी ओर, ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा अपनी पुरानी टीम के खिलाफ राजस्थान रॉयल्स की ओर से खेलते नजर आने वाले हैं। पिंडली की मांसपेशियों में







खिंचाव की वजह से महेंद्र सिंह धोनी कम से कम दो हफ्तों तक टीम से बाहर हैं। इससे सैमसन और गायकवाड़ पर अतिरिक्त जिम्मेदारी बढ़ती है। चेन्नई सुपर किंग्स की टीम में उभरते हुए खिलाड़ियों को भी अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा, जिनमें 20 वर्षीय स्पिन-गेंदबाज ऑलराउंडर प्रशांत वीर और घरेलू क्रिकेट में अपनी पावर हिटिंग के दम पर सुर्खियां बटोरने वाले, अनकैप्ड खिलाड़ी कार्तिक शर्मा शामिल हैं। राजस्थान के लिए, सैमसन का टीम से जाना एक अहम अध्याय के समापन और रियान पराग के नेतृत्व में एक नए दौर की शुरुआत का संकेत है। रियान पराग अपने घरेलू मैदान पर टीम की कप्तानी करेंगे। जडेजा के जुड़ने से टीम को और मजबूती और अनुभव मिलेगा। रॉयल्स की बल्लेबाजी मुख्य रूप से यशस्वी जायसवाल के इर्द-गिर्द ही घूमेगी, जो अब टीम के ऊपरी क्रम में एक वरिष्ठ खिलाड़ी के तौर पर ज्यादा बड़ी जिम्मेदारी निभाएंगे। उन्हें होनहार युवा खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी और शानदार फॉर्म में चल रहे शिमरोन हेटमायर का साथ मिलेगा। ये दोनों ही विस्फोटक शुरुआत देने में सक्षम हैं। हालांकि, राजस्थान रॉयल्स की गेंदबाजी यूनिट अभी भी चिंता का विषय बनी हुई है।

राजस्थान रॉयल्स की टीम: रियान पराग (कप्तान), ध्रुव जुरेल, डोनोवन फरेरा, लुआन-ड्रे प्रीटोरियस, रवि सिंह, अमन पेराला, शिमरोन हेटमायर, शुभम दुबे, वैभव सूर्यवंशी, यशस्वी जायसवाल, रवींद्र जडेजा, दासुन शनाका, एडम मिल्ने, बृजेश शर्मा, जोफ्रा आर्चर, कुलदीप सेन, क्वेना मफाका, नांद्रे बर्गर, रवि बिश्नोई और संदीप शर्मा।

चेन्नई सुपर किंग्स की टीम: संजू सैमसन, डेवाल्ड ब्रेविस, शिवम दुबे, रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), आयुष म्हात्रे, मैट हेनरी, अकील हुसैन, नूर अहमद, जेमी ओवरटन, मैथ्यू शॉर्ट, खलील अहमद, जैक फाउल्क्स, अंशुल कंबोज, नाथन एलिस, सरफराज खान, राहुल चाहर, कार्तिक शर्मा, उर्विल पटेल, अमन खान, रामकृष्ण घोष, प्रशांत वीर, श्रेयस गोपाल, स्पेंसर जॉनसन, गुरजपनीत सिंह और मुकेश चौधरी।

# विराट कोहली 5-6 साल और खेल सकते हैं : अंबाती




- सनराइजर्स के खिलाफ विराट ने 38 गेंदों पर नाबाद 69 रन की पारी खेली

नई दिल्ली, 29 मार्च (एजेंसियां)। विराट कोहली प्रचंड फॉर्म में चल रहे हैं। आईपीएल 2026 के उद्घाटन मुकाबले में भी विराट ने अपनी बेहतरीन बल्लेबाजी का शानदार नजारा दिखाया और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) पर बड़ी जीत में अहम भूमिका निभाई। विराट ने 38 गेंदों पर नाबाद 69 रन की पारी खेली। भारतीय टीम के पूर्व बल्लेबाज अंबाती रायडू ने विराट की इस पारी की जमकर प्रशंसा की। विराट की इस पारी को देखने के बाद भारतीय टीम के पूर्व बल्लेबाज अंबाती रायडू ने उन्हें टेस्ट फॉर्मेट में लौटने की सलाह दी है। रायडू ने कोहली को टेस्ट फॉर्मेट का कप्तान बनाए जाने की वकालत भी की है। ईएसपीएनक्रिकइंफो पर रायडू ने कहा, 'मुझे लगता है कि आईपीएल में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन अभी आना बाकी है। हमने अब तक जो देखा है, वह तो बस एक ट्रेलर है। फिटनेस को लेकर उन्हें कभी कोई समस्या नहीं रही है। मुझे नहीं लगता कि उन्हें अपनी शारीरिक फिटनेस को लेकर कभी कोई परेशानी होगी—जैसे कि गेंद को खेलने में देर होना या मैदान पर उनकी रफ्तार का कम होना। एकमात्र चीज जो उन्हें पीछे हटने पर मजबूर कर सकती है, वह है उनकी मानसिक स्थिति। मुझे नहीं लगता कि उनका करियर अभी खत्म होने के करीब भी है। वह 5-6 और खेल सकते हैं।' रायडू ने कहा कि मुझे लगता है कि उन्हें टेस्ट क्रिकेट में वापसी करनी चाहिए। उम्मीद है कि वे कप्तान के तौर पर वापसी करेंगे।



## कोहली अपना स्ट्राइक रेट कभी भी बढ़ा सकते हैं : बांगड़

**बेंगलुरु।** आईपीएल 2025 फाइनल के बाद अपना पहला टी-20 खेलते हुए विराट कोहली ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को आईपीएल 2026 के पहले मैच में सनराइज़र्स हैदराबाद (एसआरएच) के खिलाफ बड़ी जीत दिलाई। उनकी 38 गेंदों पर नाबाद 69 रन की पारी में पांच चौके और पांच छक्के शामिल थे और उन्होंने आरसीबी को 15.2 ओवर में ही 202 रनों का लक्ष्य हासिल करने में मदद की। भारत के पूर्व बल्लेबाज अंबाती रायुडू के मुताबिक, 'कोहली का अभी और भी बहुत कुछ आना बाक़ी है'। रायुडू ने ईएसपीएन क्रिकइंफो के टाइमआउट शो पर कहा, 'पूरी पारी के दौरान कोहली अभी भी थोड़े रस्टी लग रहे थे...। जैसे-जैसे वह और सेट होंगे, उनसे बहुत कुछ और देखने को मिलेगा।' शुरुआत में कोहली थोड़ा असहज दिखे, लेकिन देवदत्त पड्डिक्कल की तेज 26 गेंदों पर 61 रन की पारी ने उन्हें अपना लय पकड़ने का मौका दिया। दोनों की 101 रन की साझेदारी में कोहली ने थोड़ा बैकसीट लिया। आरसीबी के पूर्व मुख्य कोच संजय बांगड़ के अनुसार, कोहली की धीमी शुरुआत एक रणनीति का हिस्सा थी। उन्होंने कहा, 'अगर उनके आसपास के बल्लेबाज़ अपना काम कर रहे हैं, तो उन्हें ज़रूरी नहीं कि तुरंत आक्रामक होना पड़े क्योंकि वह किसी भी समय अपना स्ट्राइक रेट बढ़ा सकते हैं। जब ज़रूरत हो, वह आसानी से बाउंड्री या छक्के लगा सकते हैं।


### कार्यालय ग्राम पंचायत नागनदेवरी

क्र 02/ग्रा.पं./2026 दिनांक 27/03/2026

**सूचना**

**साप्ताहिक बैठकी बाजार नागनदेवरी नीलामी ठेका 2026-2027**

1. बैठकी बाजार नीलामी दिनांक 30/03/2026
2. दिन : सोमवार
3. समय : 11 बजे से ( मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत लखनादौन के आदेशानुसार )
4. जमा की जाने वाली अमानत राशि : 23000 रूपये।
5. स्थान : कार्यालय ग्राम पंचायत नागनदेवरी
6. प्रतिभूति राशि जमा करने के बाद बोली लगाने का अधिकार होगा ।
7. बोलीदार व जमानतदारों के घर व परिवार का किसी प्रकार का पंचायत कर बकाया नही होना चाहिए ।
8. नीलामी ठेका की अवधि 01 अप्रेल 2026 से 31 मार्च 2027 तक होगी।

सरपंच श्रीमती सुभद्रा बरकड़े | उपसरपंच श्री प्रशांत पटैल | सचिव श्री हीरालाल मर्सकोले



### कार्यालय ग्राम पंचायत बेलखेडी जनपद पंचायत लखनादौन जिला सिवनी

क्रमांक / /ग्रा.पं./2026-27 बेलखेडी, दिनांक 28/03/2026

समस्त प्रकार की निर्माण सामग्री कार्य करने हेतु निविदा आमंत्रण

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि इस कार्यालय द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 के अंतर्गत विभिन्न सामग्रियों ( भवन निर्माण, सी सी रोड, टाइल्स, दरवाजा, पेंट, इलेक्ट्रीकल्स सामग्री, मुरूम, गिट्टी, रेत, डस्ट ) का क्रय करने हेतु समाचार पत्र के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. निविदा कार्य का मूल्य - 2000/-
2. निविदा फार्म निविदा दिनांक 4/4/2026 समय 3 बजे तक ही जमा किये जा सकते हैं।
3. निविदाकार का नाम किसी भी काली सूची में दर्ज नहीं होना चाहिये।
4. निविदा फार्म कार्यालय समय 11 बजे से 3 बजे तक सीलबंद लिफाफे में जमा करना है।
5. समस्त प्रकार की सामग्री निविदाकार को कार्यालय तक पहुंचाकर देना होगा।

सरपंच सचिव


## हार के लिए गेंदबाज जिम्मेदार : विटोरी

बेंगलुरु, 29 मार्च (एजेंसियां)। सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के हेड कोच डेनियल विटोरी ने शनिवार को एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ मिली हार के लिए गेंदबाजों के खराब प्रदर्शन को जिम्मेदार ठहराया है। आईपीएल 2026 के पहले मुकाबले में एसआरएच को आरसीबी के खिलाफ 6 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। मैच के बाद विटोरी ने कहा कि उनकी टीम गेंदबाजी में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई। उन्होंने माना कि गेंदबाज उतने अनुशासित नहीं थे और सही लाइन-लेंथ पर गेंदबाजी नहीं कर सके, जिससे आरसीबी के बल्लेबाजों को आसानी से रन बनाने के मौके मिले। उन्होंने यह भी कहा कि टीम ने शुरुआत में फिल साल्ट का विकेट लेकर अच्छा मौका बनाया था, लेकिन टीम के गेंदबाज उस दबाव को कायम नहीं रख सके। विटोरी के अनुसार, विराट कोहली और देवदत्त पडिक्कल ने इसके बाद आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए जीत को सनराइजर्स हैदराबाद से दूर कर दिया।

# दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम ने न्यूजीलैंड को दो विकेट से हराया

- कायला रेनेके को 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार मिला

क्राइस्टचर्च, 29 मार्च (एजेंसियां)। अयाबोंगा खाका (छह विकेट) के बाद एनरी डर्कसन (72), सुने लूस (53) और कायला रेनेके (नाबाद 42) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम ने पहले दिनरात्रि एकदिवसीय मुकाबले में न्यूजीलैंड को दो विकेट से शिकस्त दी। कायला रेनेके को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार मिला। 269 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 30 रन के स्कोर पर अपने दो विकेट गंवा




दिये। तेजमिन ब्रिट्स (शून्य) और लॉरा वुलफॉर्ट (10) रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद एनरी डर्कसन और सुने लूस की जोड़ी ने पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 130 रन की साझेदारी हुई। 29वें ओवर में सूजी बेट्स ने एनरी डर्कसन (72) को बोल्ड कर इस साझेदारी को तोड़ा। अगले ही ओवर में अमेलिया केर ने सूजी बेट्स (53) का शिकार बना लिया। जल्द ही दक्षिण अफ्रीका के सिनालो जाफ्टा (13) और क्लोई ट्राइऑन (नौ) को आउट कर न्यूजीलैंड के गेंदबाजों ने मैच में वापसी की।

इसके बाद नदीन डी क्लर्क और कायला रेनेके ने एक बार फिर से पारी को संभाला और टीम को जीत की ओर ले गये। 46वें ओवर में रोजमेरी मेयर ने एन डी क्लर्क (39) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़कर मैच को रोमांचक बना दिया। 48वें ओवर में मेयर ने अयाबोंगा खाका (छह) रन को आउट कर दक्षिण अफ्रीका को आठवां झटका दिया। मैच की आखिरी गेंद पर कायला रेनेके ने छक्का लगाकर अपनी टीम को दो विकेट से जीत दिलाई। रेनेके ने इस ओवर में दो छक्के उड़ाये।

## आठ स्वर्ण और एक रजत के साथ केआईटीजी 2026 में चमके मणिकांता एल

**रायपुर,** 29 मार्च (एजेंसियां)। पिछले कुछ दिनों से कर्नाटक के तैराक मणिकांता एल का जीवन किसी ऐसे खिलाड़ी जैसा रहा है जिसे हर कुछ मिनटों में खुद को फिर से तैयार कर अगली चुनौती के लिए उतरना होता है। 21 वर्षीय मणिकांता ने रायपुर में चल रहे पहले खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में शानदार प्रदर्शन करते हुए आठ स्वर्ण और एक रजत पदक अपने नाम किए। नौ स्वर्ण पदकों का लक्ष्य भले ही अधूरा रह गया, लेकिन उनका दबदबा पूरे प्रतियोगिता में साफ नजर आया। इस दौरान उनके लिए सबसे बड़ी चुनौती सिर्फ रेस जीतना नहीं, बल्कि हर रेस के बीच बहुत कम समय होने के कारण खुद को शारीरिक और मानसिक रूप से तैयार करना भी था। कई बार उन्हें पूल से निकलकर सीधे पदक समारोह में जाना पड़ता और फिर तुरंत अगली रेस के लिए लौटना होता था। ब्रेस्टस्ट्रोक एक्सपर्ट मणिकांता ने खुद को चुनौती देते हुए चारों स्ट्रोक 'ब्रेस्टस्ट्रोक, फ्रीस्टाइल, बटरफ्लाई और बैकस्ट्रोक' भाग लिया।


### कार्यालय अधीक्षक जिला जेल बालाघाट, जिला बालाघाट (म.प्र.)

Ph. 07632-240359 Fax. 07632-241360 mail Id-jsdjbgt@mp.gov.in
mail Id-districtjailbalaghat@gmail.com
www.mptenders.gov.in के माध्यम से

क्रमांक 685/निर्वाह/2026 बालाघाट, दिनांक 24/03/2026

**ई-टेण्डरिंग निविदा वित्तीय वर्ष 2026-2027 (तृतीय आमंत्रण)**

जेल मुख्यालय मध्यप्रदेश भोपाल के पत्र क्रमांक 109/ निर्वाह शाखा / 2025 भोपाल दिनांक 02.01.2025 के परिपालन में एवं प्रथम वार्षिक निविदा में समिति के द्वारा लिये गये निर्णय के परिपालन में जिला जेल बालाघाट में परिरूद्ध बंदियों के उपचार में लगने वाली दवाईयां एवं अन्य सामग्री के लिए मध्यप्रदेश जेल पूर्ति नियम 1968 तथा मध्यप्रदेश भण्डार क्रय नियम 2015 ( यथा संशोधन 2022 ) के तहत खण्ड-4 दवाईयां एवं आवश्यक परीक्षण की वार्षिक निविदा ई-टेण्डर के माध्यम से दिनांक 20.04.2026 को शाम 05.30 बजे तक आमंत्रित की गई जाती है। निविदा का कार्यक्रम विवरण निम्नानुसार है।

| विवरण | दिनांक एवं दिन | स्थान |
|---|---|---|
| ऑनलाईन निविदा प्रकाशन | 30/03/2026 | mptenders.gov.in |
| प्री-बीड मीटिंग | 07/04/2026 | जिला जेल बालाघाट |
| निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि निविदा फार्म की कीमत रू 1000/-प्रतिफार्म ऑनलाईन शीर्ष 0056-800 अन्य प्राप्तियां में जमा किया जावेगा | 20/04/2026 को प्रातः 05.00 बजे | mptenders.gov.in से प्राप्त किया जा सकता है। |
| ऑनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 20/04/2026 को सायंकाल 05.30 बजे | mptenders.gov.in पर स्वीकार की जावेगी। |
| तकनीकी निविदा ( आवश्यक दस्तावेज ) एवं नमूनों की गुणवत्ता परीक्षण | 22/04/2026 को प्रातः 11.30 बजे | कार्यालय अधीक्षक जिला जेल बालाघाट |
| ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथि | 23/04/2026 को दोपहर 12.30 बजे | ...................................... |

निविदा फार्म एवं निविदा से संबंधित जानकारी www.mptenders.gov.in बेवसाईट पर भी देखी जा सकती है। निविदा फार्म दर्शित बेवसाईड पर क्रेडिट कार्ड या ऑनलाईन पेमेन्ट कर क्रय किया जा सकता है।

दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।

जेल अधीक्षक
जिला जेल बालाघाट (म.प्र.)

G-27977/25



### बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

क्षेत्रीय कार्यालय, जबलपुर- प्लॉट नं. 1170, प्रथम तल, शिवमूला टावर, आस्था मेडिकल के पास, राइट टाउन, जबलपुर- 482002 (म.प्र.)

**अनुबंध आधार पर बीसी सुपरवाईजर्स के पद पर भर्ती**
**बीसी सुपरवाईजर्स के पद के लिए पूर्व आहर्ता हेतु सूचना**

बैंक ऑफ बड़ौदा युवा उम्मीदवारों व अनुभवी सेवानिवृत्त बैंक कर्मचारियों से बीसी सुपरवाईजर्स के पद के लिए पूर्व आहर्ता हेतु आवेदन आमंत्रित करता है।

| पद का नाम | अनुबंध आधार पर बीसी सुपरवाईजर्स |
|---|---|
| रिक्तियों की संख्या | कुल 04 पद (जबलपुर-1, सतना एवं पन्ना-1, सिंगरौली एवं सीधी-1, डिण्डौरी एवं मंडला-1) |
| मासिक परिश्रमिक | रू. 15000/- + परिवर्तनीय घटक रू. 15000/- तक |

पूर्ण रूप से भरे पूर्व- आहर्ता आवेदन (बैंक के वेबसाइट से फॉर्म डाउनलोड किया जा सकता है) बैंक के पते- बैंक ऑफ बड़ौदा, क्षेत्रीय कार्यालय जबलपुर, प्लॉट नं. 1170, प्रथम तल, शिवमूला टावर, आस्था मेडिकल के पास, राइट टाउन, जबलपुर- 482002 (म.प्र.) पर दिनांक 21/04/2026 तक 05.00 बजे से पूर्व प्राप्त होनी चाहिए। विस्तृत जानकारी व निविदा डाउनलोड करने के लिए बैंक की वेबसाइट http://www.bankofbaroda.in पर जाए। शुद्धि पत्र (यदि कोई) केवल बैंक के वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा।

दिनांक: 25.03.2026 क्षेत्रीय प्रमुख



### न्यायालय नायब तहसीलदार मेंहदवानी तहसील शहपुरा जिला डिण्डौरी (म.प्र.)

**// उदघोषणा //**

ग्राम कनेरी माल, प.ह.न. 77
रा.नि.म. मेंहदवानी, तहसील शहपुरा

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम कनेरी माल को सूचित किया जाता है कि ग्राम कनेरी माल प.ह.न. 77 रा.नि.म. मेंहदवानी स्थित भूमि ख.न. 30, 39, 74 रकवा क्रमशः 6.21, 1.68, 9.34 हे. भूमि मद शासकीय मध्यप्रदेश शासन को Narmada Valley Development Authority संस्था का प्रकार अन्य संस्था का पता Narmada Vikash Sambhaag No.2 In front of State Bank (main Branch) Civil Line[ Mandla द्वारा नगरेत तहसील व जिला डिण्डौरी हेतु उपरोक्त भूमि बसनिया बांध परियोजना से प्रभावित लोगों के पुनर्वास हेतु चाही गई है। उपरोक्त भूमि मान्य कर प्रस्तावित की गई है। उक्त भूमि नजूल निर्वतन निर्देश नियम 2020 के तहत आवंटित/हस्तांतरित किया जाना प्रस्तावित किया गया है संबंधित विभाग के प्रयोजन हेतु आवंटन किये जाने हेतु कलेक्टर महोदय डिण्डौरी द्वारा प्रतिवेदन चाहा गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति विशेष को कोई आपत्ति पेश करना है तो वह स्वयं या किसी अधिवक्ता के माध्यम से पेश कर सकता है, समयावधि पश्चात कोई आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

इश्तहार आज दिनांक 17/03/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया।
जारी दिनांक - 17.03.2026
पेशी तारीख - 17.04.2026

नायब तहसीलदार
मेंहदवानी

G-27964/25 स्वच्छता ही सेवा


# सबालेंका ने मियामी खिताब जीता



मियामी, 29 मार्च (एजेंसियां)। आर्यना सबालेंका ने मियामी ओपन के खिताब को अपने नाम किया। उन्होंने फाइनल मुकाबले में विश्व के चौथे नंबर की खिलाड़ी कोको गॉफ पर 6-2, 4-6, 6-3 से हराया। इगा स्वियाटेक के बाद सबालेंका 'सनशाइन डबल' पूरा करने वाली पहली खिलाड़ी बन गई हैं। यह उनका लगातार दूसरा मियामी ओपन खिताब है। इससे पहले ऐश बार्टी (2019 और 2021) और सेरेना विलियम्स (2013 से 2015) ही लगातार यह टूर्नामेंट जीत पाई थीं। इस तरह सबालेंका ने दिग्गज खिलाड़ियों की सूची में अपनी जगह बना ली है। सबालेंका एक ही सीजन में इंडियन वेल्स और मियामी में सनशाइन डबल जीतने वाली पांचवीं महिला खिलाड़ी बन गई हैं।

सबालेंका से पहले स्टेफी ग्राफ, किम क्लिस्टर्स, विक्टोरिया अजारेंका और इगा स्वियाटेक यह कारनामा कर चुकी हैं। सबालेंका 2000 के बाद से चौथी खिलाड़ी हैं जो साल के अपने पहले चार टूर्नामेंट (मार्टिना हिंगिस, 2001, सेरेना विलियम्स, 2003, और विक्टोरिया अजारेंका, 2012) के फाइनल में पहुंची हैं। ये सभी टूर्नामेंट हार्ड कोर्ट पर हुए हैं। उन्होंने इनमें से तीन जीते, जिसमें ब्रिस्बेन और सनशाइन डबल शामिल हैं। खिताब जीतने के बाद सबालेंका ने कहा, 'यह खिताब काफी खास है। मेरा लक्ष्य हमेशा इतिहास में अपना नाम दर्ज कराना रहा है और मैंने बस वही किया। यह सुनने में बहुत अजीब लगता है। मुझे नहीं पता कि मैं यह कैसे कर पाई, लेकिन अभी मुझे बहुत गर्व है। बेशक, इस खूबसूरत ट्रॉफी से बहुत खुश हूं।' यह जीत उनके करियर का 24वां डब्ल्यूटीए सिंगल्स टाइटल और कुल मिलाकर 30वां खिताब है, जिसमें छह डबल्स भी शामिल हैं। इनमें चार ग्रैंड स्लैम सिंगल्स टाइटल, दो डबल्स, 11 डब्ल्यूटीए 1000 सिंगल्स टाइटल और दो और डबल्स, जिनमें से एक 2019 में मियामी में मिला था। सबालेंका लंबे समय से दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी बनी हुई हैं और अब उनकी यह स्थिति और मजबूत हो गई है। आर्यना सबालेंका ने अब तक वर्ल्ड नंबर एक खिलाड़ी के रूप में कुल 83 हफ्ते बिताए हैं। इसमें उनका मौजूदा शानदार दौर भी शामिल है, जो लगातार 75 हफ्तों तक पहुंच चुका है। सोमवार को वह लगातार 76वें हफ्ते के लिए नंबर एक बनी रहेंगी। इसके साथ ही वह इगा स्वियाटेक के सबसे लंबे नंबर एक रहने के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ देंगी। हालांकि, उनसे आगे अभी ऐश बार्टी हैं, जिन्होंने सितंबर 2019 से मार्च 2022 तक लगातार 114 हफ्तों तक नंबर 1 की कुर्सी संभाली थी। उस दौरान कोविड-19 महामारी की वजह से रैंकिंग कुछ समय के लिए रुकी भी थी।

# कृषि जगत



# पेठा कद्दू की खेती करके किसान बढ़िया कमाई कर सकते हैं

सफेद कद्दू भी कहते है। इस कद्दू से मिठाई बनाई जाती है। जिसकी वजह से किसानों को इसकी बढ़िया कीमत मिलती है। पेठा कद्दू को गुणों का खजाना भी कहा जाता है। सेहत के लिए फायदेमंद होता है। जिन किसी को डिप्रेशन की समस्या है वह इसका सेवन करके उसे कंट्रोल कर सकते हैं। आंखों के लिए यह फायदेमंद होता है और वजन घटाने में मदद करता है। साथ ही कोलेस्ट्रॉल को कम करने में भी मदद करता है।



**पेठा कद्दू की उन्नत किस्मे**- पेठा कद्दू की खेती करने के लिए आपको उन्नत किस्मों का चुनाव करना चाहिए। जिससे बढ़िया कमाई हो तो यहाँ पर आपको हम कई बढ़िया किस्मों के बारें में बताने जा रहे है। जिसमें पूसा हाइब्रिड 1, पूसा विश्वास, पूसा विकास, सीएस 14, कासी हरित कद्दू, सीओ 1 व 2, हरका चंदन, कल्यानपुर पंपकिंग 1, नरेंद्र अमृत, अरका सूर्यमुखी, अंबली, पैटी पान, और येलो स्टेटनेप आदि आते है। इनसे बढ़िया उपज मिलेगी। चलिए जानते है पेठा कद्दू की खेती के बारें में।

**पेठा कद्दू की खेती कब करें**- कद्दू एक बेल वाला पौधा है। जिसकी खेती साल में तीन बार कर सकते है। जिसमें फरवरी से मार्च के साथ जून से जुलाई और सितंबर से अक्टूबर महीने आते है।

जब बढ़िया समय होता है। जिसमें मिट्टी की बात करें तो पेठा कद्दू की खेती के लिए दोमट और बलुई दोमट मिट्टी बेहतर होती है। अगर एक हेक्टेयर में पेठा कद्दू लगाते है तो करीब 8 किलोग्राम बीज चाहिए होंगे। इस तरह पेठा कद्दू की खेती करके किसान आमदनी बढ़ा सकते है। पेठा कद्दू की खेती करके किसान बढ़िया कमाई कर सकते हैं। पेठा कद्दू को सफेद कद्दू भी कहते है। आपको बता दे कि इस कद्दू से मिठाई बनाई जाती है। जिसकी वजह से किसानों को इसकी बढ़िया कीमत मिलती है। पेठा कद्दू को गुणों का खजाना भी कहा जाता है। सेहत के लिए फायदेमंद होता है। जिन किसी को डिप्रेशन की समस्या है वह इसका सेवन करके उसे कंट्रोल कर सकते हैं। आंखों के लिए यह फायदेमंद होता है और वजन घटाने में मदद करता है। साथ ही कोलेस्ट्रॉल को कम करने में भी मदद करता है।

**पेठा कद्दू की उन्नत किस्मे**- पेठा कद्दू की खेती करने के लिए आपको उन्नत किस्मों का चुनाव करना चाहिए। जिससे बढ़िया कमाई हो तो यहाँ पर आपको हम कई बढ़िया किस्मों के बारें में बताने जा रहे है। जिसमें पूसा हाइब्रिड 1, पूसा विश्वास, पूसा विकास, सीएस 14, कासी हरित कद्दू, सीओ 1 व 2, हरका चंदन, कल्यानपुर पंपकिंग 1, नरेंद्र अमृत, अरका सूर्यमुखी, अंबली, पैटी पान, और येलो स्टेटनेप आदि आते है। इनसे बढ़िया उपज मिलेगी। चलिए जानते है पेठा कद्दू की खेती के बारें में।

**पेठा कद्दू की खेती कब करें**- कद्दू एक बेल वाला पौधा है। जिसकी खेती साल में तीन बार कर सकते है। जिसमें फरवरी से मार्च के साथ जून से जुलाई और सितंबर से अक्टूबर महीने आते है। जब बढ़िया समय होता है। जिसमें मिट्टी की बात करें तो पेठा कद्दू की खेती के लिए दोमट और बलुई दोमट मिट्टी बेहतर होती है। अगर एक हेक्टेयर में पेठा कद्दू लगाते है तो करीब 8 किलोग्राम बीज चाहिए होंगे। इस तरह पेठा कद्दू की खेती करके किसान आमदनी बढ़ा सकते है।

# मूंगफली में कीट नियंत्रण

**माहू** - सामान्य रूप से छोटे-छोटे भूरे रंग के कीड़े होते हैं तथा बहुत बड़ी संख्या में एकत्र होकर पौधों के रस को चूसते हैं। साथ ही वाइरस जनित रोग के फैलाने में सहायक भी होते हैं। ये अपने शरीर से चिपचिपा पदार्थ निकालते हैं जिसके कारण काली फफूंद उग जाती हैं जो प्रकाश संश्लेषण की क्रिया को भंग करती हैं।

**प्रबंधन** - शुरू के ग्रसित भागों को तोड़कर नष्ट करें। चिपचिपे पीले ट्रेप का उपयोग करें।

इमिडाक्लोप्रिड 1 मि.ली. को 1 लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करना चाहिए या डाइमिथिएट 30 ई.सी. का 1-1.5 लीटर प्रति हेक्टेयर की दर से छिड़काव करना उत्तम रहता हैं।सफेद लट - मूंगफली की फसल को सर्वाधिक क्षति पहुंचाने वाला कीट हैं। यह बहुभक्षी कीट हैं इस कीट की ग्रब अवस्था ही फसल को काफी नुकसान पहुंचाती हैं। लट मुख्य रूप से जड़ों एवं पत्तियों को खाती हैं जिसके फलस्वरूप पौधे सूख जाते हैं। मादा कीट मई-जून के महीने में जमीन के अंदर अंडे देती हैं। इनमें से 8-10 दिनों के बाद लट निकल आते हैं। और इस अवस्था में जुलाई से सितम्बर ङ्क अक्टूबर तक बने रहते हैं। शीतकाल में लट जमीन में नीचे चले जाते हैं और प्यूपा फिर गर्मी व बरसात के साथ ऊपर आने लगते हैं।

**बालों वाली सुंडियां** - बालों वाली सुंडियां पत्तियों को खाकर पौधों की पत्तियों को छलनी कर देता हैं। पूर्ण विकसित इल्लियों पर घने भूरे बाल होते हैं। यदि इसका आक्रमण शुरू होते ही इनकी रोकथाम न की जाये तो इनसे फसल की बहुत बड़ी क्षति हो सकती हैं। इसकी रोकथाम के लिये आवश्यक हैं कि खेत में इस कीड़े के दिखते ही इसके अंडों को व छोटे-छोटे इल्लियों से लदे पौधों को काटकर या तो जमीन में दबा दिया जाय या फिर उन्हें घास-फूस के साथ जला दिया जाये।

# कालमेघ (चिरायता) की खेती किसानों को आत्मनिर्भर बना सकती है

लमेघ एक महत्वपूर्ण औषधीय पौधा है। इसे कडू चिरायता व भुईनीम के नाम से जाना जाता है। यह एकेन्थेसी कुल का सदस्य है, यह हिमालय में उगने वाली वनस्पति चिरायता के समान होता है। कालमेघ शुष्क जलवायु वाले क्षेत्रों के वनों में प्राकृतिक रूप में पाया जाता है, यह एक शाकीय पौधा है। इसकी ऊंचाई 1 से 3 फीट होता है। इसके पुष्प छोटे श्वेत रंग या कुछ बैगनी रंगयुक्त होते हैं।

उपयोगिता- इसका उपयोग अनेकों आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक और एलोपैथिक दवाईयों के निर्माण में किया जाता है। यह यकृत विकारों को दूर करने एवं मलेरिया रोग के निदान हेतु एक महत्वपूर्ण औषधी के रूप में उपयोग होता है। खून साफ करने, जीर्ण ज्वर एवं विभिन्न चर्म रोगों को दूर करने में इसका उपयोग किया जाता है।

**बुवाई का समय**- बीजों की बुवाई जून के अंतिम सप्ताह या जुलाई के प्रथम सप्ताह में की जाती है।

**बीज की मात्रा**- बीज दर 160 ग्राम/एकड़ सीध/नर्सरी में बोई जाती है। बुवाई का तरीका- कालमेघ के बीज को छिड़काव विधि द्वारा या लाइन में बोया जा सकता है।

**बीज उपचार**- बीज को बुवाई से पहले पांच मिनट के लिए गर्म पानी में भिगोया जाना चाहिए। पानी का तापमान पांच मिनट के लिए लगभग 50डिग्री सेल्सियस होना चाहिए।

**खाद एवं रासायनिक उर्वरक**- खेत की आखरी जुताई के पहले 10 टन प्रति हेक्टेयर की दर से गोबर की पक्की खाद मिला देना चाहिए। बोनी व रोपण से पूर्व खेत में 30 कि.ग्रा. फास्फोरस तथा 30 कि.ग्रा. पोटाश प्रति हेक्टेयर डालकर जुताई करनी चाहिए। कालमेघ की खेती सीधे बीज की बुआई कर या रोपणी में पौधे तैयार कर की जा सकती है।

**खरपतवार नियंत्रण**- कालमेघ की फसल में खरपतवार की रोकथाम के लिए 2-3 बार निराई -गुड़ाई की आवश्यकता होती है।

**फसल की अवधि**

**अंकुर अलग**-अलग महीनों (जुलाई से नवंबर) में लगाए गए थे और 120 डीएपी पर कटाई की गई, और बाद में दो महीने के अंतराल पर दो रतन, रोपण के 180 और 240 दिन बाद कटाई की जाती है।

**कटाई का समय**- कालमेघ की 2 से 3 कटाईयां ली जा सकती है, अनुसंधानों से यह ज्ञात हुआ है कि इसमें



एंड्रोग्राफ़ोलाइड (कड़वे पदाथज़) पुष्प आने के बाद ही अधिक मात्रा में पाया जाता हैं। पहली कटाई जब फूल लगना प्रारम्भ हो जाएँ, तब करना चाहिए। इसे जमीन से 10 से 15 से.मी. ऊपर से काटना चाहिए। काटने के बाद खेत में 30 कि.ग्रा. नाईट्रोजन प्रति हेक्टेयर की दर से डालना चाहिए। खेत में निदाई-गुडाई पहली बार करें, तब भी 30 कि.ग्रा. नाईट्रोजन प्रति हेक्टेयर की दर से डालना चाहिए। तीसरी बार सम्पूर्ण पौधा बीज पकने पर उखाडना चाहिए।

**उत्पादन क्षमता**- बीज के लिए फरवरी-मार्च में कटाई की जाती है। प्रति हेक्टेयर औसतन 300-400 शाकीय हरा भाग (40-60 किग्रा. सूखा शाकीय भाग) प्रति हेक्टे. मिल जाती है। मानसून के मौसम में उगाई जाने वाली एक अच्छी फसल, प्रति हेक्टे. क्षेत्र में 3.5 से 4.0 टन सूखे सामग्री की पैदावार देती है।

कालमेघ एक महत्वपूर्ण औषधीय पौधा है। इसे कडू चिरायता व भुईनीम के नाम से जाना जाता है। यह एकेन्थेसी कुल का सदस्य है, यह हिमालय में उगने वाली वनस्पति चिरायता के समान होता है। कालमेघ शुष्क जलवायु वाले क्षेत्रों के वनों में प्राकृतिक रूप में पाया जाता है, यह एक शाकीय पौधा है। इसकी ऊँचाई 1 से 3 फीट होता है। इसके पुष्प छोटे श्वेत रंग या कुछ बैगनी रंगयुक्त होते हैं।

**उपयोगिता**- इसका उपयोग अनेकों आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक और एलोपैथिक दवाईयों के निर्माण में किया जाता है। यह यकृत विकारों को दूर करने एवं मलेरिया रोग के निदान हेतु एक महत्वपूर्ण औषधी के रूप में उपयोग होता है। खून साफ करने, जीर्ण ज्वर एवं विभिन्न चर्म रोगों को दूर करने में इसका उपयोग किया जाता है।

**बुवाई का समय**- बीजों की बुवाई जून के अंतिम सप्ताह या जुलाई के प्रथम सप्ताह में की जाती है।

**बीज की मात्रा**- बीज दर 160 ग्राम/एकड़ सीध/नर्सरी में बोई जाती है। बुवाई का तरीका-कालमेघ के बीज को छिड़काव विधि द्वारा या लाइन में बोया जा सकता है।

**बीज उपचार**- बीज को बुवाई से पहले पांच मिनट के लिए गर्म पानी में भिगोया जाना चाहिए। पानी का तापमान पांच मिनट के लिए लगभग 50डिग्री सेल्सियस होना चाहिए।

**खाद एवं रासायनिक उर्वरक**- खेत की आखरी जुताई के पहले 10 टन प्रति हेक्टेयर की दर से गोबर की पक्की खाद मिला देना चाहिए। बोनी व रोपण से पूर्व खेत में 30 कि.ग्रा. फास्फोरस तथा 30 कि.ग्रा. पोटाश प्रति हेक्टेयर डालकर जुताई करनी चाहिए। कालमेघ की खेती सीधे बीज की बुआई कर या रोपणी में पौधे तैयार कर की जा सकती है।

**खरपतवार नियंत्रण**

कालमेघ की फसल में खरपतवार की रोकथाम के लिए 2-3 बार निराई ङ्क गुड़ाई की आवश्यकता होती है।

**फसल की अवधि**- अंकुर अलग-अलग महीनों (जुलाई से नवंबर) में लगाए गए थे और 120 डीएपी पर कटाई की गई, और बाद में दो महीने के अंतराल पर दो रतन, रोपण के 180 और 240 दिन बाद कटाई की जाती है।

**कटाई का समय**

कालमेघ की 2 से 3 कटाईयां ली जा सकती है, अनुसंधानों से यह ज्ञात हुआ है कि इसमें एंड्रोग्राफ़ोलाइड (कड़वे पदाथज़) पुष्प आने के बाद ही अधिक मात्रा में पाया जाता हैं। पहली कटाई जब फूल लगना प्रारम्भ हो जाएँ, तब करना चाहिए। इसे जमीन से 10 से 15 से.मी. ऊपर से काटना चाहिए। काटने के बाद खेत में 30 कि.ग्रा. नाईट्रोजन प्रति हेक्टेयर की दर से डालना चाहिए। खेत में निदाई-गुडाई पहली बार करें, तब भी 30 कि.ग्रा. नाईट्रोजन प्रति हेक्टेयर की दर से डालना चाहिए। तीसरी बार सम्पूर्ण पौधा बीज पकने पर उखाडना चाहिए।

**उत्पादन क्षमता**

बीज के लिए फरवरी-मार्च में कटाई की जाती है। प्रति हेक्टेयर औसतन 300-400 शाकीय हरा भाग (40-60 किग्रा. सूखा शाकीय भाग) प्रति हेक्टे. मिल जाती है। मानसून के मौसम में उगाई जाने वाली एक अच्छी फसल, प्रति हेक्टे. क्षेत्र में 3.5 से 4.0 टन सूखे सामग्री की पैदावार देती है।

# फूल वाले पौधों पर लगने वाले रोग और बचाव



आर्थिक दृष्टि से फूलों की खेती बहुत लाभदायक है. इसे आय का अच्छा स्रोत कहा जा सकता है. लेकिन कम समय में अधिक मुनाफा देने वाले ये फूल अक्सर किसी बीमारी के शिकार हो जाते हैं, जिससे किसानों को बड़ा नुकसान होता है. चलिए आपको हम आज फूलों में लगने वाली कुछ प्रमुख बीमारियों के बारे में बताते हैं.

**तनगलन रोग**- फफूंद के रूप में लगने वाले इस रोग से फूल खराब हो जाते हैं। तनगलन रोग फूलों की जड़ों को प्रभावित करते हुए बेलों की निचली सतह को सड़ाना शुरू कर देता है। इस रोग से पौधे मुरझाकर नष्ट हो जाते हैं।

**रोकथाम**- इसकी रोकथाम के लिए पानी की निकासी को बेहतर करना जरूरी है। जहां पर पौधा लगा है वहां से पानी की निकासी का मार्ग बनाएं। रोगी पौधे को सामान्यत: जड़ से उखाड़कर जला देना सही है। रोगी पौधों को अन्य पौधों के संपर्क में न आने दें। तनगलन की समस्या से बचने के लिए 0.5 प्रतिशत बोर्डो मिश्रण का छिड़काव किया जा सकता है।

**पर्णगलन रोग**- यह रोग भी फफूंद के कारण ही होता है। इस रोग से फूलों की पत्तियां प्रभावित होती हैं और उनमें छोटे-छोटे धब्बे बनना शुरू हो जाते हैं। बाद में ये बड़े होकर फूल को नष्ट कर देते हैं।

**रोकथाम**- पर्णगलन को रोकने के लिए रोगी पौधों को उखाड़कर अलग कर देना सही है। सिंचाई के लिए साफ पानी का उपयोग करें। फसलों को अधिक गीला न होना दें। पानी की निकासी का मार्ग बनाएं।

**चूर्णिल आसिता**- इस रोग के कारण पौधों के पत्ती, फूल, तना और कलियां खराब हो जाती हैं। रोग के होने पर फूलों पर सफेदी की एक परत दिखाई देती है। रोग के प्रभाव में आकर फूलों की कलियां खिलना बंद हो जाती हैं।

**रोकथाम**- चूर्णिल रोग को रोकने के लिए फफूंद नाशक का उपयोग सही मात्रा में करना जरूरी है। केराथेन 1.0 मि ।ली। का उपयोग 12 से 15 दिन के अंतराल पर किया जा सकता है।

**पत्ती धब्बा**- इस रोग में पौधे की पत्ती, तना और फूल पर भूरे या काले रंग के धब्बे दिखाई देते हैं। कभी-कभी धब्बों का रंग बैगनी भी होता है। रोगग्रस्त पत्तियां धीरे-धीरे पीली हो जाती हैं।

**रोकथाम**- इसकी रोकथाम के लिए 2 मि.ली./लीटर 15 दिन के अंतराल पर छिड़कना सही है। ध्यान रहे कि पौधों पर मैंकोजेब का छिड़काव 3 बार से अधिक न हो।

# टिंडा की खेती की जानकारी

टिंडा की खेती हमारे देश में समय से की जाती है । परम्परागत टिंडे की खेती की तुलना में टिंडा की वैज्ञानिक तकनीक से खेती करने पर अधिक उपज मिलती है । साथियों आज हम जिस सब्ज़ी के बारे में बात करने जा रहे हैं वह सिर्फ़ अपने स्वाद के लिए नही बल्कि अपने औषधीय गुणों के लिए भी जानी है। यह उत्तर भारत में ख़रीफ़ व गरमी के मौसम में उगायी जाती है । टिंडा की खेती के लिए गर्म व शुष्क जलवायु अच्छी मानी जाती है किंतु गर्म व मृदु जलवायु में भी इसकी खेती आसानी से की जा सकती है। इससे निम्न जलवायु पर इसके बीजों का अंकुरण नही होता है। अंकुरण के लिए 27 से 30 डिग्री सेंटीग्रेट तापमान उपयुक्त होता है।

**भूमि की जानकारी व भूमि का चयन** - वैसे तो टिंडा की खेती विभिन्न तरह की मृदाओं में उगाया जा सकता है। अधिक पैदावार व लाभ लेने के लिए इसके लिए जीवाश्म युक्त, रेतीली, व दोमट मृदा सर्वाधिक उपयुक्त होती है। नदी तटों की मिट्टी में भी टिंडे की खेती से लाभ लिया जा सकता है। भूमि का पी0एच0 6-7 बढ़िया माना जाता है।

**खाद व उर्वरक** - टिंडा की खेती से अधिक पैदावार लेने के लिए रासायनिक उर्वरकों के साथ - साथ कार्बनिक व जैविक रसायनों के उपयोग की आवश्यकता होती है। कार्बनिक उर्वरक के रूप में गोबर की खाद 20-25 टन प्रति हेक्टेयर व 100 किलो ग्राम नाइट्रोजन, 100 किलो ग्राम फ़ोस्फोरस व 50 किलो ग्राम पोटाश की मात्रा प्रति हेक्टेयर की दर से प्रयोग करें।

**खाद व उर्वकों के प्रयोग की विधि** - सबसे पहले गोबर की खाद की पूरी मात्रा को भूमि की तैयारी से पूर्व खेत में मिला दें। इसके बाद नाइट्रोजन की आधी व फ़ोस्फोरस व पोटाश की पूरी मात्रा भूमि में डालकर जुताई कर दें। बची हुई नाइट्रोजन की आधी मात्रा को खड़ी फ़सल में टॉप ड्रेसिंग करें।

**बुवाई का समय** - टिन्डा की खेती से अधितम लाभ लेने के लिए समय से बुवाई करना बहुत आवश्यक है। देश के उत्तरी मैदानी भागों में टिंडे की खेती साल में दो बार की जाती है। टिंडे की पहली बुवाई फ़रवरी से अप्रैल माह में करें तथा दूसरी खेती के लिए जून - जुलाई में बुवाई करें।

**बीज की मात्रा** - टिंडा की खेती के लिए उच्च गुणवत्ता वाला, सुडौल, स्वस्थ अच्छी प्रजाति के 4-5 किलो ग्राम बीज की मात्रा पर्याप्त होती है।

**बुवाई की विधि** - टिंडे की बुवाई थालों में की जानी चाहिए। लाइन से लाइन की दूरी 2 से 2.5 मीटर व थालों से थालों की आपस की दूरी 1 से 1.5 मीटर रखते हैं। हर थाले में 4-5 बीज की बुवाई करनी चाहिए।

बीजों के अंकुरण के बाद, केवल दो स्वस्थ पौधों को छोड़कर बाक़ी के पौधे उखाड़ देने चाहिए। पर्याप्त सघनता होने पर पौधों की बढ़वार अच्छी होती है।

# कम लागत में बेहतर उत्पादन के लिए करें बरबटी की खेती

बरबटी की खेती एक बेहतर उपाय है। धमतरी जिले की मिट्टी बरबटी की फसल के लिए अनुकूल है। यही कारण है कि धमतरी जिले में एक हजार से अधिक एकड़ से अधिक क्षेत्रफल में बरबटी की पैदावार सालभर में ली जा रही है। जिले के चारों ब्लॉक के किसान इसकी पैदावार लेकर आर्थिक रूप से सक्ष कम लागत में बेहतर उत्पादन प्राप्त करना हो तो बरबटी की खेती एक बेहतर उपाय है। धमतरी जिले की मिट्टी बरबटी की फसल के लिए अनुकूल है। यही कारण है कि धमतरी जिले में एक हजार से अधिक एकड़ से अधिक क्षेत्रफल में बरबटी की पैदावार सालभर में ली जा रही है। जिले के चारों ब्लॉक के किसान इसकी पैदावार लेकर आर्थिक रूप से सक्षम बन रहे हैं। जानकारी के अनुसार धमतरी जिले की मिट्टी लगभग हरेक फसल के लिए उपयुक्त है। जिनमें से बरबट्टी भी एक है। सालभर ली जाने वाली बरबटी की फसल किसानों के लिए आय का बेहतर जरिया है। जिले के अरौद, लीलर, खरेंगा, बारना, सिवनी, नवागांव, सेमरा, झिरिया, ढीमरटीकुर, मांटेगहन, सारंगपुरी, बरारी सहित अन्य गांव में बड़े पैमाने पर इसकी फसल ली जा रही है। उद्यानिकी विभाग के फील्ड ऑफिसर जीआर लोहानी ने बताया कि बरबटी की फसल बारहों महीने ली जाती है।

प्रमुख रूप से बरबट्टी की जामली, कश्मीरी लाल, उषा बरसाती, अरका, अनुप, अरका सुमन, श्यामली प्रजाति को ही किसान बोते हैं। गर्मी की तुलना में बारिश के मौसम में उत्पादन लागत कम आती है। भिंडी की पैदावार लेने के बाद बरबटी की फसल लगाने से काफी फायदा होता है क्योंकि बरबटी की फसल को सूखे हुए भिंडी की फसल के ऊपर फैलने में आसानी होती है। साथ ही उत्पादन भी अच्छा मिलता है। इसके लिए अलग से मचान बनाने का खर्च भी नहीं लगता। इससे लगभग 20 से 30 हजार की बचत हो जाती है। किसानों ने बताया कि बरबटी की उत्पादन लागत कम है, लेकिन इससे फायदा अधिक होता है। जैविक खाद के उपयोग से फसल उत्पादन बेहतर तरीके से होता है। मिट्टी की उर्वरा शक्ति भी बढ़ती है। किसानों ने बताया कि ज्यादातर लोकल मार्केट में इसकी बिक्री कर देते हैं। इसके अलावा साप्ताहिक हाट-बाजारों में भी बरबट्टी हाथों-हाथ बिक जाती है। अधिक उत्पादन होने की स्थिति में राजधानी रायपुर में इसका निर्यात करते हैं। यहां के थोक सब्जी विक्रेता काफी मात्रा में सब्जी खरीदकर इसे राजधानी रायपुर में बेच देते हैं।



**फसल में रोग उपचार**- बरबटी की फसल में मुख्य रूप से रस चूसने वाले कीट माहू, फुदका, फल छेदक जैसे कीट है है जो फसल को नुकसान पहुंचाते हैं। बरबटी की फसल में प्रमुख रूप प्रमुख रूप फसल में प्रमुख रूप प्रमुख रूप से चूर्णी फफूंद, मोजैक जैसी बीमारियां होती हैं, जिससे उत्पादन पर खासा असर पड़ता है। यदि समय पर देखरेख न की जाए तो बरबटी की फसल सूख कर मर भी जाती है। इसके लिए कृषि दवा विक्रेताओं से संपर्क कर दवा का छिड़काव करना चाहिए।

**प्रति एकड़ 80 हजार से एक लाख रुपये तक की आय**- बरबटी की फसल मौसम के ऊपर आधारित होती है। गर्मी में जहां लगभग पांच से छह किलो बीज से एक एकड़ में पैदावार ली जाती है तो वहीं बारिश के मौसम में आठ से नौ किलो बीज से एक एकड़ में पैदावार होती है। बीज की लागत, मजदूरी खर्च और अन्य खर्चों को मिला दिया जाए तो 30 हजार की लागत एक एकड़ फसल उत्पादन में आती है। बोआई के बाद सालभर उत्पादन लिया जा सकता है, जिससे 80 हजार से एक लाख तक की आय किसानों को हो जाती है। एक बार बीज लगाने के बाद साल भर भर तोड़ाई की जा सकती है। तोड़ाई के बाद जड़ों में खाद पानी और गुड़ाई कर दी जाए तो फिर से अच्छा उत्पादन मिलता है।

**प्रोटीन का मुख्य साधन है बरबटी**-डायटीशियन पुष्पेंद्र साहू ने बताया कि फल्लीदार सब्जियों में बरबटी का एक प्रमुख स्थान है। यह प्रोटीन (मुख्यत: एमिनो एसिड) का बड़ा अच्छा स्रोत है। इसमें फाइबर्स की मात्रा भी खूब पाई जाती है। बरबटी में पाए जाने वाले फाइबर्स पाचन प्रक्रिया को दुरुस्त करने के अलावा पेट की देखभाल में काफी कारगर होते हैं। बरबटी कबाब में लहसुन, जीरा और धनिया का पाउडर, स्वाद को तो बेहतर ही बनाता है और आपकी पाचन प्रक्रिया को बेहतर बनाता है।

**जैविक खाद के उपयोग से बढ़ती है पैदावार**-संबलपुर स्थित कृषि विज्ञान केंद्र के कृषि वैज्ञानिक एसएस चंद्रवंशी ने बताया कि वर्मी कंपोजिट खाद या जैविक खाद के इस्तेमाल से फसल की पैदावार में तीन से चार में फायदा दिखने लगता है, लेकिन किसान अधिक उत्पादन लेने के चक्कर में यूरिया और अन्य कैमिकल युक्त खाद का इस्तेमाल करते हैं। हालांकि जैविक खाद से पहले तीन साल तक कास्ट थोड़ा अधिक आता है। एक एकड़ में एक हजार किलो जैविक खाद लगती है। इसकी बाजार में कीमत करीब आठ हजार रुपये होती है।

प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

## बालाघाट में हादसा : कार में लगी आग, तीन की जलकर मौत

### हादसे में 8 साल की मासूम सुरक्षित, दो गंभीर

**बालाघाट, देशबन्धु।** बालाघाट जिले में देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। यहां एक चलती कार दुर्घटनाग्रस्त होकर गड्ढे में गिरी और उसमें आग लग गई। इस हादसे में कार में सवार तीन लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई, जबकि से दो लोग गंभीर रूप से झुलस चुके थे। लेकिन आग बहुत तेज होने के कारण तीन लोगों को बाहर नहीं निकाला जा सका और उनकी कार के अंदर ही जिंदा जलकर मौत हो गई। वहीं एक 8 साल की बच्ची को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।



दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं एक 8 वर्षीय बच्ची सुरक्षित बच गई। यह हादसा बीती रात करीब साढ़े 11 बजे बैहर-मलाजखंड रोड पर केवलारी चौराहे के पास हुआ। आग इतनी तेजी से फैली कि अंदर बैठे लोगों को बाहर निकलने का मौका तक नहीं मिल पाया। मौके पर मौजूद लोगों ने हिम्मत दिखाते हुए कार के कांच तोड़कर तीन लोगों को बाहर निकाला। इनमें

जानकारी के अनुसार, कार चला रहा सीतम केलकर अपने गांव पोंडी (परसवाड़ा) से पौनी जा रहा था। पौनी में उसकी वेल्डिंग की दुकान है। वह तीन दिन पहले अपनी पत्नी और बच्चे के साथ गांव आया था और देर रात अपने माता-पिता के साथ वापस लौट रहा था। कार में पड़ोस की 8 साल की बच्ची भी सवार थी, जो अपने घर पौनी जा रही थी।

बताया जा रहा है कि यह हादसा संभवत: चालक को नींद की झपकी आने के कारण हुआ। एक मोड़ के बाद कार सीधे सड़क से नीचे उतर गई और दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिसके बाद उसमें आग लग गई। राहगीरों ने किसी तरह खिड़की के कांच तोड़कर 8 वर्षीय पूर्वी राहांगडाले को बाहर निकाला। इसके बाद चालक सीतम केलकर (30 वर्ष) और उसकी मां नानाबाई केलकर (60 वर्ष) को गंभीर हालत में बाहर निकाला गया। लेकिन आग ज्यादा बढ़ जाने के कारण पिता नगारची केलकर (65 वर्ष), पत्नी सविता केलकर (28 वर्ष) और पुत्र अभि केलकर (3 वर्ष) को नहीं बचाया जा सका और उनकी कार में ही जलकर मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। वहीं दमकल की टीम ने आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक तीनों लोगों की मौत हो चुकी थी। बैहर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और पूरे हादसे की जांच की जा रही है।

## गरीबों का इलाज ही नहीं, आवास की भी चिंता कर रही सरकार: देवड़ा

### दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण और हितलाभ वितरण का कार्यक्रम आयोजित



**जबलपुर, देशबन्धु।** उप मुख्यमंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा के मुख्य आतिथ्य में रविवार को संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण और हितग्राहियों को हितलाभ वितरण का कार्यक्रम भंवरताल के समीप संस्कृति थियेटर में आयोजित हुआ।

इस दौरान उप मुख्यमंत्री ने कहा कि कभी-कभी कुछ कार्यक्रम संख्यात्मक दृष्टि से बड़े होते हैं, किन्तु कुछ कार्यक्रम गुणात्मक व भावात्मक दृष्टि से महत्वपूर्ण होते हैं। ऐसे ही आज का कार्यक्रम है जिसमें वरिष्ठजनों व वृद्धजनों के कल्याण को दृष्टिगत रखते हुए आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि गरीब लोगों के इलाज का प्रबंध के लिए आयुष्मान योजना अंतर्गत पांच लाख रूपये तक नि:शुल्क व्यवस्था है। उनके आवास की चिंता भी सरकार करती है, इसके साथ-साथ जनता की हर आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं भी है। साथ ही कहा कि सभी जनप्रतिनिधि व अधिकारी जनकल्याण को ईश्वरीय कार्य समझकर करें। उन्होंने कहा कि जिनके आयुष्मान कार्ड नहीं बने हैं उसकी फार्मेल्टी पूरी कर उसे बनवाना सुनिश्चित करें। सभा के दौरान जल गंगा अभियान के तहत जल संरक्षण के लिए शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद सुमित्रा वाल्मिकी ने कहा कि मध्यप्रदेश में दिव्यांगजनों के लिए सुविधाओं की कोई कमी नहीं होगी।

सांसद आशीष दुबे ने राष्ट्रीय वयोश्री योजना जैसी कल्याणकारी योजना का जिक्र करते हुए कहा कि इसके अंतर्गत 60 वर्ष से अधिक आयु के बीपीएल श्रेणी के वरिष्ठ नागरिकों को सहायक उपकरण प्रदान किये जाते हैं। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने संकल्प से समाधान अभियान को अद्भुत बताते हुए



कहा कि केन्द्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राज्य में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में सामाजिक सारोकार से जुड़े कार्य लगातार हो रहे हैं। इस अवसर पर विधायक डॉ. अभिलाष पांडे ने आयुष्मान कार्ड के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि जब संकट के समय कोई सहयोग नहीं करता है तब आयुष्मान कार्ड गरीब जनता के लिए वरदान साबित होता है। कार्यक्रम के दौरान विधायक अशोक रोहाणी, सुशील तिवारी इंदु, जिला पंचायत अध्यक्ष आशा मुकेश गोटिया, भाजपा नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, एमआईसी सदस्यगण, कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह, पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय, नगर निगम कमिश्नर रामप्रकाश अहिरवार, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक गहलोत सहित बड़ी तादात में हितग्राही व आमजन मौजूद थे।

### एलपीजी, डीजल, पेट्रोल की कोई कमी नहीं है: उपमुख्यमंत्री

डिप्टी सीएम व जबलपुर के प्रभारी जगदीश देवड़ा ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि प्रदेश में एलपीजी के साथ ही पेट्रोल और डीजल की कोई कमी नहीं है। आपूर्ति श्रृंखला पूरी तरह सक्रिय है। डिपो से निरंतर ईंधन की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव स्वयं परिस्थितियों की निगरानी कर रहे हैं और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ निरंतर संवाद बनाए हुए हैं। ईंधन की कीमतों और जनता को मिलने वाली राहत पर चर्चा करते हुए उपमुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्णय की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार ने पेट्रोल पर लगने वाली 13 रूपए की एक्साइज ड्यूटी में से 3 रूपए की कटौती की है। इसके अतिरिक्त डीजल पर लगने वाली 10 रूपए की पूरी एक्साइज ड्यूटी को शून्य कर दिया गया है। देवड़ा ने यह भी बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रशासन को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि पेट्रोल डीजल और एलपीजी का अवैध स्टॉक करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने जनता से अपील की कि वे सोशल मीडिया या अन्य माध्यमों से फैलाई जा रही अफवाहों से सावधान रहें। उपमुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि सत्ता से दूर रहने के कारण कांग्रेस नेताओं में छटपटाहट है और वे संकट के समय सहयोग करने के बजाय आमजन को भ्रमित कर रहे हैं।

### सराफा बाजार में लगी भीषण आग

## बिजली के खम्बे से निकली आग की लपटें, मची अफरातफरी



**जबलपुर, देशबन्धु।** कोतवाली थाना अंतर्गत सराफा बाजार में रविवार शाम बिजली के खम्बे लगी आग ने चंद पलों में ही विकराल रुप धारण कर लिया। जिससे बाजार में अफरातफरी व भगदड़ मच गई। आग ने बिजली के तारों को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे चौराहा से निकल रहे लोगों में भगदड़ मच गई। यहां तक कि कारोबारी अपनी अपनी दुकानों से बाहर निकल आए। खबर मिलते ही दमकल वाहन मौके पर पहुंच गए और आग पर काबू पा लिया। बताया गया है कि सराफा बाजार चौराहा पर सुबह से लेकर देर शाम तक भीड़भाड़ व जाम के हालात बने रहते है। शाम को भी लोगों की आवाजाही रही। इस बीच मामाजी तार पट्टावालों की दुकान के पास बिजली के खम्बे में आग लग गई। जिसने कुछ ही देर में विकराल रुप धारण कर लिया और खम्बे से निकले तारों को अपनी चपेट में ले लिया। खम्बे में लगी आग को देख राह चलते लोगों सहित आसपास से गुजर रहे लोगों में अफरातफरी व भगदड़ मच गई, लोग अपनी जान बचाने के लिए इधर से उधर भागते नजर आए। यहां तक कि लोग अपने वाहन छोड़कर दुकानों के अंदर घुस गए। कारोबारी भी दुकानों से बाहर आ गए। घटना की खबर मिलते ही दमकल वाहन मौके पर पहुंच गए और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। वहीं दूसरी ओर विद्युत कर्मी भी मौके पर पहुंचे। जिन्होंने लाइन बंद कर सुधार कार्य शुरु कर दिया। आगजनी की घटना में कोई जनहानि तो नहीं हुई लेकिन सराफा बाजार में कारोबार कुछ देर के लिए थम गया था। वहीं पुलिस ने कमानिया से लेकर कोतवाली तक बेरीकेट लगाकर लोगों की आवाजाही रोक दी थी।

## निर्दयी पिता ने तीन साल के बेटे को कुल्हाड़ी से काटकर उतारा मौत के घाट

**बालाघाट, देशबन्धु।** बालाघाट से कुछ दूर रूपझर थाना अंतर्गत ग्रामकेसलई में एक निर्दयी पिता ने अपने ही तीन साल के बेटे को कुल्हाड़ी से काटकर उसकी हत्या कर दी। जिसके बाद पूरे गांव में सनसनी फैल गई। जानकारी के मुताबिक, रतन सिंह उइके मूल रूप से ग्राम टिकरिया का रहने वाला है। जिसकी शादी सात वर्ष पूर्व सुनीता से हुई है और शादी के बाद से वह अपने ससुराल केसलई में रहने लगा था और मजदूरी कर रहा था। जिसके परिवार में पत्नी सुनीता के अलावा छह वर्ष की बड़ी बेटी है और बेटा वीरेंद्र कुमार 3 वर्ष का था। रतन सिंह अपने बच्चों को डांटते रहता था।

आरोपी रतन सिंह उइके अपनी पत्नी सुनीता के साथ रोज की तरह शुक्रवार की सुबह महुआ चुनने जंगल गया। दोपहर में घर लौटने के बाद सब कुछ सामान्य था। शाम 4 बजे करीब रतन सिंह की पत्नी सुनीता मवेशी लेने के लिए खेत तरफ गई, तब 3 साल का नन्हा वीरेंद्र आंगन में नहा रहा था। किसी बात पर उपजे अचानक गुस्से में रतन सिंह ने पास रखी कुल्हाड़ी उठाई और मासूम वीरेंद्र पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। कुल्हाड़ी के गहरे घाव वीरेंद्र



की गर्दन और कनपटी पर लगे, जिससे उस मासूम ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही रूपझर थाना प्रभारी दीपक त्रिपाठी दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी रतन सिंह को गिरफ्तार कर लिया। शनिवार को जिला अस्पताल में मासूम का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

## महावीर जयंती पर जिले में आज अवकाश

**जबलपुर, देशबन्धु।** कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने आदेश जारी कर जबलपुर जिले में महावीर जयंती के उपलक्ष्य में मंगलवार 31 मार्च के स्थान पर सोमवार 30 मार्च को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। ज्ञात हो कि राज्य शासन के सामान्य प्रशासन विभाग ने पत्र जारी कर जिला कलेक्टरों को जनभावनाओं और स्थानीय परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुये जिलों में महावीर जयंती के उपलक्ष्य में 31 मार्च के स्थान पर 30 मार्च को सार्वजनिक अवकाश घोषित करने का निर्णय लेने अधिकृत किया था। सामान्य प्रशासन विभाग के इस पत्र के अनुपालन में कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने कैलेंडर वर्ष 2026 में पूर्व में घोषित सार्वजनिक अवकाशों की सूची में संशोधन कर संपूर्ण जिले में मंगलवार 31 मार्च के स्थान पर सोमवार 30 मार्च को महावीर जयंती का सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। आदेश में कहा गया है कि महावीर जयंती के उपलक्ष्य में सोमवार 30 मार्च को स्थानीय अवकाश घोषित किये जाने से अब मंगलवार 31 मार्च को जिले में स्थित सभी शासकीय कार्यालय और संस्थायें खुले रहेंगे।

## ऑनलाइन शॉपिंग का बढ़ता ट्रेंड, लेकिन धोखाधड़ी और खराब क्वालिटी से बढ़ी चिंता

### सस्ते ऑफर के लालच में ग्राहक हो रहे ठगी का शिकार

**जबलपुर, देशबन्धु।** डिजिटल युग में ऑनलाइन शॉपिंग तेजी से लोगों की पहली पसंद बनती जा रही है। अमेज़न, फ्लिपकार्ट और मीशो जैसे बड़े प्लेटफॉर्म पर रोजाना लाखों लोग खरीदारी कर रहे हैं। लेकिन इसके साथ ही धोखाधड़ी, खराब क्वालिटी और गलत प्रोडक्ट मिलने की शिकायतें भी लगातार बढ़ रही हैं। अक्सर देखा जा रहा है कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जैसे यूट्यूब और फेसबुक पर आकर्षक विज्ञापन दिखाकर ग्राहकों को लुभाया जाता है।

कम कीमत में ज्यादा सामान देने के ऑफर के चलते लोग ऑर्डर कर देते हैं, लेकिन डिलीवरी के समय प्रोडक्ट पूरी तरह अलग या घटिया क्वालिटी का निकलता है। कई मामलों में तो रिटर्न या रिफंड भी संभव नहीं हो पाता। एक उपभोक्ता के अनुसार, उन्होंने चार टी-शर्ट 1000 में ऑर्डर किए, लेकिन डिलीवरी में बच्चों के कपड़े निकल गए। शिकायत करने पर डिलीवरी एजेंट ने भी सलाह दी, कि सोशल मीडिया विज्ञापनों से खरीदारी करने से बचें और केवल विश्वसनीय प्लेटफॉर्म का ही उपयोग करें।

विशेषज्ञों का मानना है कि अमेज़न और




फ्लिपकार्ट जैसे प्लेटफॉर्म अपेक्षाकृत अधिक विश्वसनीय माने जाते हैं क्योंकि इनमें रिटर्न पॉलिसी और ग्राहक सुरक्षा मजबूत होती है। वहीं मीशो जैसे प्लेटफॉर्म सस्ते विकल्प प्रदान करते हैं, लेकिन इनमें क्वालिटी को लेकर शिकायतें सामने आती रहती हैं, खासकर जब प्रोडक्ट लोकल सेलर्स द्वारा भेजे जाते हैं।

हालांकि, एक और महत्वपूर्ण पहलू यह भी सामने आ रहा है कि कई बार ऑनलाइन और ऑफलाइन (लोकल बाजार) की कीमतों में ज्यादा अंतर नहीं होता। कपड़े जैसे सामान जो ऑनलाइन 200-300 में मिलते हैं, वही लोकल बाजार में भी लगभग उसी कीमत में उपलब्ध होते हैं, जहां ग्राहक पहले देखकर और परखकर खरीद सकता है। कुछ उपभोक्ताओं का यह भी कहना है कि ऑनलाइन खरीदे गए प्रोडक्ट की क्वालिटी कई बार उम्मीद के मुताबिक नहीं होती, जिससे उन्हें लगता है कि लोकल दुकानों से खरीदारी ज्यादा सुरक्षित और संतोषजनक है।

**फैक्ट फाइल-**

- सोशल मीडिया विज्ञापनों से बढ़ रही ठगी
- सस्ते ऑफर में मिल रहा घटिया या गलत सामान
- बड़े प्लेटफॉर्म ज्यादा विश्वसनीय

**लोकल बाजार में भी मिल रहा समान दाम**

ऑनलाइन शॉपिंग ने जहां सुविधा बढ़ाई है, वहीं सतर्कता भी उतनी ही जरूरी हो गई है। ग्राहकों को चाहिए कि वे केवल भरोसेमंद प्लेटफॉर्म से ही खरीदारी करें और सस्ते ऑफर के लालच में आने से बचें। साथ ही, लोकल बाजार को बढ़ावा देना भी एक सुरक्षित और बेहतर विकल्प साबित हो सकता है।

## बांधवगढ़ में बीच सड़क पर पहुंचा टाइगर

**उमरिया, देशबन्धु।** जिले के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में एक बार फिर सड़क पर बाघ दिखाई दिया है। रविवार को ताला-पारसी मार्ग



पर भद्राशिला पुलिया के पास बाघ को सड़क पर चलते देखा गया, जिससे कुछ देर के लिए यातायात बाधित हो गया। बाघ को देखने के लिए राहगीर, पर्यटक और जंगल सफारी की जिप्सियां दोनों ओर रुक गईं। कई वाहन चालक सड़क किनारे रुक गए, जबकि कुछ दोपहिया वाहन चालक बाघ के काफी करीब पहुंच गए।


**J.B.F.A**

**जबलपुर ब्रॉयलर फार्मस् एसोसियेशन**

मुर्गा छोटा - रु. 132
मुर्गा मीडियम - रु. 124
मुर्गा बड़ा - रु. 116
मुर्गा जम्बो - रु. 116
मो.-9039925000, 9425800409

**सोनू पोल्ट्री**

बड़ा ब्रॉयलर - रु. 112
मीडियम ब्रॉयलर - रु. 120
छोटा ब्रॉयलर - रु. 128
मो.- 9039925999


## ई-स्कूटी में ब्लास्ट, नगदी समेत बेटी की शादी का सामान जलकर राख

**शहडोल, देशबन्धु।** अमलाई थाना क्षेत्र में शनिवार रात चार्जिंग में लगी एक इलेक्ट्रिक-स्कूटी में अचानक तेज धमाका हो गया और आग ने देखते ही देखते पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। परिवार में कुछ ही दिनों बाद बेटी की शादी होनी थी, लेकिन उससे पहले ही आग ने घर में रखे जेवर, नगदी और शादी का सामान राख कर दिया। इस हादसे में घर में खड़ी दो



मोटर सायकिल, एक ई-स्कूटी, लाखों रुपये के जेवरात, करीब दो लाख रुपये नकद और बेटी की शादी का पूरा सामान जलकर नष्ट हो गया। अमलाई थाना क्षेत्र के धनपुरी नगर पालिका अंतर्गत वार्ड नंबर 12 में महिला बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर सुनीता रजक के निवास पर यह घटना हुई। बताया गया है कि सुनीता रजक के घर पर हादसा हुआ है।





